e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 40

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
09.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
यदि हमारे मन में शांति नहीं है तो इसकी वजह यह है कि हम भूल चुके है कि हम एक-दुसरे के है।

### खिलाड़ियों की समस्याओं के निराकरण में सहायक पोर्टल होगा

# देश का पहला डिजिटल खिलाड़ी पोर्टल हुआ लांच

## *स्पोर्ट्स डिजिटाइजेशन की रखी गई * आधारशिला खेल व खिलाड़ियों को तराशने का प्रयास शुरू



**प्रभातम मंत्र संवाददाता**
**रांची:** झारखण्ड स्पोर्ट्स डिजिटिज़ेशन सोच के साथ पहला ऐसा पोर्टल देश में रखा है,जो राज्य के प्रतिभाशाली और मेहनती खिलाड़ियों के हुनर को और तराशने का प्रयास करेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड को खेल की नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ खेल और खिलाड़ियों के संपूर्ण विकास हेतु जोहार खिलाड़ी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल की शुरुवात की है।

### कई मायने में खास है जोहार खिलाड़ी पोर्टल

मुख्यमंत्री द्वारा शुरु किया गया पोर्टल पहला ऐसा पोर्टल जो स्पोर्ट्स डिजिटाइजेशन की सोच को मजबूत आधार देता है। एक ही पोर्टल पर खिलाड़ी, प्रशिक्षक, रेफ़री, सभी खेल अकादमी, खेल मैदान, खेल स्टेडियम की जानकारी उपलब्ध है। पोर्टल पर भविष्य में राज्य में आयोजित होने वाले राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिता की जानकारी मिल सकेगी।

### 32 खेल को जोड़ा गया है पोर्टल से

इस पोर्टल में प्रत्येक खिलाड़ियों का विस्तृत डेटाबेस, उनके द्वारा खेले गए प्रतियोगिताओं की जानकारी मिल पाएगी एक क्लिक में मिल सकेगी। पोर्टल से कुल 32 खेल को जोड़ा गया है। ताकि इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त सभी 32 खेल के खिलाड़ियों को लाभ मिल सके। प्रत्येक खेल में रजिस्टर्ड अकादमी, रजिस्टर्ड खिलाड़ी, हो चुके और होने वाले प्रतियोगिताओं की जानकारी एक जगह पर उपलब्ध होगी। इसके जरिए प्रत्येक जि़लि के जि़ला खेल पदाधिकारी जि़ला के नोडल अधिकारी होंगे, जो अपने जि़ला में चल रहे खेल गतिविधि की कर मॉनिटरिंग कर पायेंगे। वहीं, राज्य स्तर पर खेल विभाग राज्य में चल रहे खेल गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर सकेगा। वर्तमान में फुटबॉल, हॉकी, आर्चरी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, भारतोलन और कुश्ती से संबंधित निबंधन का कार्य प्रगति पर है। भविष्य में कुल 32 खेल को शामिल करने की योजना है।

### खिलाड़ियों के समस्याओं का होगा निवारण

राज्य के खिलाड़ी जिन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वे अपनी समस्याओं को पोर्टल के माध्यम से सीधे जिला खेल पदाधिकारी और खेल विभाग तक पहुंचा सकेंगे। पदाधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### पंचायत से लेकर राजधानी तक बन रहा नेटवर्क

खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य पोटो हो खेल योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत ग्रामीण स्तर पर खेल का मैदान तैयार हो रहा है। सरकार पंचायत से लेकर राजधानी तक नेटवर्क बनाने की तैयारी में है। ताकि खेल के विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित हो और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें।



## मुख्यमंत्री ने पत्नी के साथ स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में पत्नी कल्पना सोरेन के साथ माथा टेका। उन्होंने झारखण्डवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।



**संक्षिप्त खबरे**

## एसपी के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर लेस्लीगंज थाना के एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में लेस्लीगंज थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी गहनता पूर्वक जांच की गई। जांच के उपरांत जिन वाहनों के कागज सही पाया गया उसे छोड़ दिया गया।बाकी वाहनों को चालान के लिए डीटीओ के पास भेजा जाएगा। वही अभय कुमार त्रिपाठी के द्वारा पकड़े गए चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वही मौके पर उपस्थित अभय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं, लोग हेलमेट पहनकर बाइक नहीं चला रहे हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना घट रही है। वहीं वाहन जांच होते देख अन्य वाहन चालक रास्ते बदल कर भागते देखे गए।

# पलामू में अवैध रूप से चिप्स लदे कई ट्रक जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में रात के अंधेरे में माफिया पत्थरों की तस्करी कर रहे थे, इसका खुलासा प्रशासनिक कार्रवाई में हुआ है। प्रशासनिक कार्रवाई में 12 हाइवा और ट्रक को जब्त किया गया है। जबकि पत्थर माफिया गाड़ियों को छोड़ कर भाग गए हैं। अधिकारियों ने सभी गाड़ियों को जब्त कर थानों में रखा है। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर से उसके मालिकों की पहचान करने में जुटी है। दरअसल, पलामू जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि नेशनल हाइवे 98 और 75 से बड़े पैमाने पर रात के अंधेरे में माफिया पत्थरों की ढुलाई कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह और जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की देर रात छापेमारी शुरू हुई. पड़वा और नावाबाजार थाना के सीमा पर नेशनल हाइवे 98 पर दोनों अधिकारियों ने चेकिंग शुरू किया।चेकिंग अभियान में 12 हाइवा और ट्रक को जब्त किया गया. प्रशासनिक टीम जैसे ही नेशनल हाइवे 98 पर पहुंची ट्रक-हाइवा के ड्राइवर और खलासी अपनी गाड़ियों को छोड़कर भाग गए। इसने साथ पत्थर माफिया भी गाड़ियों को छोड़ फरार हो गए. बाद में दोनों अधिकारियों ने सभी गाड़ियों को जब्त किया और नावाबाजार थाने को सौंप दिया है। हाइवा और ट्रक के नंबर के आधार पर मालिकों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। सभी हाइवा और ट्रक पलामू के विभिन्न इलाकों से स्टोन चिप्स को लेकर बिहार और यूपी के इलाके में जा रहे थे। एक भी ट्रक और हाइवा के पास स्टोन चिप्स संबंधित चालान मौजूद नहीं था।

## जेएमएम कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय जलक्रांति भवन में बुधवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष अमर राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 12 फरवरी को आयोजित होने वाले झामुमो कार्यकर्ता मिलन समारोह सह भोज कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जलक्रांति भवन परिसर में कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित करने, कार्यकर्ता मिलन समारोह में प्रखण्ड व नगर पंचायत क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को शामिल कराने का निर्णय लिया गया.कार्यकर्ता मिलन समारोह की तैयारी के लिये बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ को जिम्मेवारी दी गई। बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य सूर्यदेव मेहता, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता ताहिर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, मुक्तेश्वर पांडेय, कामता प्रसाद, अमरनाथ पांडेय, अनुज कुमार दुबे, सुरेंद्र प्रसाद, सुदेश्वर राम, दिनेश राम, इकबाल चंदन पांडेय, खान, धर्मेन्द्र प्रताप देव, मनोज पासवान, प्रमोद कुमार, आमोद कुमार, संजय पांडेय, मुकेश कुमार सिन्हा, आलमीन अंसारी उर्फ लाल बाबू, नेहा कुमारी, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, किरण देवी सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## त्रिपुरा में भाजपा शानदार वापसी करने जा रही है : अशोक कुमार सिंह



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 16 फरवरी को त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा शानदार वापसी करने जा रही है। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कार्यकारी समिति सदस्य सह त्रिपुरा राज्य भाजपा किसान मोर्चा प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। अशोक सिंह ने कहा की त्रिपुरा के अगरतला क्षेत्र में उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा के बाद लोगों में एक नए ऊर्जा का संचार हुआ है, उन्होंने कहा की 2014 के बाद की स्थिथियों पर ध्यान तो पता चलता है की भातीय जनता पार्टी केवल उतर हिंदी क्षेत्र की पार्टी नहीं रह गई है, बल्की यह पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत मे पार्टी का जनाधार काफी तेज से हुआ है,उन्होंने कहा त्रिपुरा की वामपंथी दलों ने पिछले 27 वर्षो से सिर्फ लुटने का काम किया है। त्रिपुरा राज्य के मतदाताओं ने इस राज्य को विकसित बनाने के लिए कमल खिलाने को मन बना चुकी है।

## टीम सुर्या पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दंगवार ने बेलबीघा को किया पराजित



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता नवाडीह के मैदान में टीम सूर्या दंगवार बनाम टीम सुर्या बेलबिघा के बीच खेला गया। पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने गत माह शुरू कराया है। नवाडीह मैदान में खेले गए मैच में दंगवार की टीम ने बेलबिघा की टीम को 8 रनों से पराजित कर दिया। बेलबिघा की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।दंगवार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए बेलबिघा की टीम ने लक्ष को प्रात नही कर पाई और दंगवार ने मैच जीत लिया। चंदन ने सर्वाधिक 4 विकेट लिया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब चंदन को मिला। 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह व दंगवार पंचायत मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग इलाकों में किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने में आम लोगों को भी आगे आना का आह्वान किया। मौके पर हसन खलीफा, राजन सिंह, पवन चौधरी, अभिमन्यु सिंह, गोलू, चंचल कुमार, बबलू सिंह, विक्की, अवनीश चौधरी, बाबू उर्फपवन, गौतम, प्रिंस, राहुल, समसेर, श्रीराम, बसंत कुमार, राकेश, रिंकू, हिमांशु, मनीष, सामिल हुए।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए प्रशासन ने लगाया दौड़**

# आपका भविष्य आपके हाथ, हेलमेट सदा रखे के साथ : प्रशासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रन फॉर रोड सेफ्टी मैराथन दौड़ छतरपुर के एनएच 98 पर लगाया गया। जो छतरपुर थाना से बाजार होते हुए छतरपुर ब्लॉक तक दौड़ लगाई गई जिसमें सड़क सुरक्षा संबंधित नारे तथा लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताते हुए जागरूकता लाई गई. वही गाड़ी चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर सफर करने आदि नियमों के बारे में बताया गया ताकि लोगों में जागरूकता आए और सड़क दुर्घटना से बचे। इस मैराथन दौड़ में छत्तरपुर अंचल पुलिस पदाधिकारी वीर सिंह मुंडा, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार समेत छतरपुर थाना के कई एसआई और कर्मी के साथ स्कूल के बच्चे शामिल रहे।

## पिपरा में आक्रोशित लोगों ने एक बार फिर से किया चक्का जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र मे दुबटीया जपला मुख्य पथ पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सह पिपरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोग सड़क पर दोपहर के समय धरने पर बैठ गए। जिससे मुख्य पथ पर बड़ी-बड़ी गाड़ियों का जाम लग गया। आवागमन के लिए मोटरसाइकिल एवं छोटी गाड़ियों का रास्ता छोड़ा गया था। रामाशीष पासवान ने कहा कि क्रेशर प्लांट के द्वारा लगातार कई वर्षो से मनमानी किया जा रहा है. सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। लगातार ओवरलोड गाड़ियां सड़क पर बेधड़क दौड़ रही है। प्रशासन के द्वारा पानी का छिड़काव समय-समय पर करते रहने के निर्देश का भी क्रेशर संचालकों के द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है। सड़क से उड़ती धूल के कारण सांस लेना मुश्किल होते जा रहा है। सड़क किनारे की खेत में लगे फसल धूलकण के कारण लगातार बर्बाद हो रहे हैं। समय-समय पर चक्का जाम किया जाता है। लेकिन इसका कोई फायदा होते हुए दिखाई नहीं दे रहा है। प्रशासन एवं क्रेशर संचालक के आश्वासन पर जाम को हटाया जाता है। लेकिन उसके अगले दिन ही फिर से क्रेशर संचालकों एवं उनसे निकलने वाली गाड़ियों का मनमानी रवैया जारी रहता है। बुधवार के दिन पिपरा बाजार में सैकड़ों वर्षो से हाट बाजार लगता है। पूरे प्रखंड के लोग पिपरा बाजार अपनी जरूरत की चीजें खरीदने पहुंचते हैं। बड़ी गाड़ियों के आवागमन से उस दिन खासा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।छोटे बच्चे सड़क पार करने से डरने लगे हैं। अगर प्रशासन हमारी मांगों का स्थाई समाधान नहीं निकालती है तो हम प्रखंडवासी उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। अब पानी सर से ऊपर बह रहा है। मौके पर डॉ उमेश सिंह जितेंद्र सिंह शिवाश्रय सिंह मृत्युंजय मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## लोगों की जमा पूंजी लेकर फाइनेंस कंपनियां फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विभिन्न फाइनेंस कंपनियों में पैसा जमा कर अपनी पूंजी जमा गंवा बैठे लोगों ने पलामू समाहरणालय में काफी हंगामा किया। उनकी एक ही मांग की उनकी जमा पूंजी प्राइवेट बैंक लौटाए भीड़ में शामिल लोगों का कहना था कि सहारा इंडिया, वेलफेयर राईमल, साई प्रसाद और रैम्बो जैसी 28 प्राइवेट कंपनियां आम लोगों से पैसा जमा कराती थी । वैसी कंपनियों ने लोगों की खून-पसीने की कमाई से कमाए पैसों को लेकर कंपनियां भाग गई है। वहां उपस्थित ग्राम कृष्णा यादव ने बताया कि उनका डेढ़ लाख और ग्राम दिदौरी के शंकर प्रसाद का 25 हजार रुपये और ग्राम सोनपुरवा के नरबेद का 70 हजार रुपये सहित कई लोगों से करोड़ों रुपए का गबन यह कंपनियां कर चुकी हैं। इस हंगामे के बाद उपायुक्त पलामू के आदेश पर इन लोगों का फार्म जमा किया जाने लगा है। लोगों का कहना था कि उपायुक्त द्वारा इस पहल से हम लोगों को पैसा मिलने की उम्मीद जगी है। वैसे कई वर्षो से इसपर किसी तरह कि पहल नहीं की गई थी।

## शोकाकुल परिवार से मिले अलख नाथ, परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलख नाथ पांडेय मंगलवार को ब्रहमोरिया गांव निवासी स्वर्गीय निरंजन पांडेय के घर पहुंचे। जहा परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। अलख नाथ मृतक के पुत्र विकास पांडेय, बड़े भाई पारस नाथ पांडेय, गोरख नाथ पांडेय, कुश पांडेय परिजनों से मिलकर संतावना दिए। विदित हो कि समाज के अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोकप्रिय व लोगों के चहेते नावा बाजार प्रखंड के ब्रहमोरिया गांव निवासी समाजसेवी निरंजन पांडेय विदित हो कि 2 फरवरी गुरुवार की शाम ब्रहमोरिया मोड़ से सामान की खरिददारी कर पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी बीच ब्रहमोरिया स्थित एनएच 75 पर अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मेदिनीनगर स्थित नारायणी हॉस्पिटल इलाज चल रहा था। जहां रविवार की लगभग 4:30 बजे इलाजरत निधन हो गया। मौके पर धनंजय तिवारी, रौशन दुबे, ब्रजेश दुबे, रघुवीर पांडेय, पंकज पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

## परसवान बिजली सब स्टेशन में सिटी क्षतिग्रस्त बिजली आपूर्ति प्रभावित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना (गढ़वा) :** रमना प्रखंड मुख्यालय सहीत आसपास के ग्रामीण इलाकों मे मंगलवार के देर रात्री करीब ढाई बजे से बिजली गुल है। बुधवार को समाचार भेजे जाने तक बिजली बहाल नही हो सकी थी। जानकारी के मुताबित परसवान पावर सब स्टेशन मे रमना फीडर के सिटी ढ़ाई बजे रात्री मे क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके वजह से रमना की सप्लाई बंद कर दी थी। फिडर का क्षतिग्रस्त सिटी को दुरुस्त करने के बाद सप्लाई बहाल किया गया लेकिन बिजली टिक नही हो पाई। सप्लाई लाईन मे फाल्ट के मद्देनजर दो लाईन मैन के द्वारा फाल्ट खोजने की प्रकिया जारी था।हलांकी बुधवार को समाचार भेजे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नही हो पाई है।

## प्रमुख के द्वारा किया गया विद्यालय का औचक निरीक्षण



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड मे पंचायत बभन्डी के विभिन्न स्कूलों का प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव के द्वारा दिन बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसी विद्यालय में शिक्षक अनुपस्थित दिखें तो किसी में बच्चों की संख्या काफी कम दिखाई दी। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। सभी जगहों के प्रधानाध्यापक से इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। आगे स्थिति में सुधार लाई जाएगी। इसका आश्वासन विद्यालय प्रशासन की तरफ से दिया गया है। अगर आगे स्थिति इसी प्रकार की बनी रहेगी तो उच्च पदाधिकारियों से सख्त कार्रवाई का मांग किया जाएगा।

## टेरिबल ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों को किया जागरूक




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय है। इसे ध्यान में रखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहा है, ताकि बच्चों को सुरक्षा नियमों की पुख्ता जानकारी दी जा सके। इसी क्रम में आज यह अभियान ब्राहाण विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां भारी संख्या में छात्र, शिक्षक और प्राचार्या नेहा पाठक मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सड़क सुरक्षा संबधी बातों से की। ट्रैफिक रूल्स की जानकारी दी, और छात्रों से अपील भी की कि बिना उम्र हुए सड़कों पर गाड़ी लेकर न उतरें। 18+ होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर, किसी मैदान में गाड़ी चलाना सीखने के बाद ही, तय गति सीमा में गाड़ी चलाएं। प्राचार्या नेहा पाठक ने हैलमेट के बिना गाड़ी न चलाने और मोबाइल का प्रयोग न करने की सलाह दी। ट्रैफिक इंचार्ज श्री रामजीत सिंह ने छात्रों को ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर सजा के प्रावधान के बारे में बताया, साथ ही अपने माता पिता को बिना हैलमेट और बिना सीट बेल्ट बांधे गाड़ी न चलाने की अपील करने के लिए बच्चों से कहा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पंकज लोचन भी उपस्थित थे, इन्होंने छात्रों से निवेदन किया कि अपनी ऊर्जा अच्छी पढ़ाई और अच्छा नागरिक बनने में लगाएं, गाड़ी चलाने की उम्र होने पर ही गाड़ी का ख्याल मन में लाएं। राखी सोनी ने गाड़ी चलाते समय इयरफोन बिल्कुल इस्तेमाल न करने की बात कही, और संध्या अग्रवाल ने सड़क सुरक्षा संबंधित गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन रोहित कुमार ने किया।

# वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

**पतसा ने उंटारी रोड को 3-2 से किया पराजीत**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा जरही टोला स्थित आजनवन खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन बुधवार को हुआ। वही समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्रम नियोजन खाद्य आपूर्ति भारत सरकार समिती के सलाहकार रामाशीष कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर व मुख्य वक्ता के रूप में अमर कुमार सिन्हा सहित आए हुए पदाधिकारीयों को कमिटी के सदस्यों ने फूल माला से जोरदार स्वागत किया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा वीर भगत सिंह के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद कबूतर उड़ाकर व फुटबॉल को किक मारकर खेल की शुरुआत की गई। मौके पर रामाशीष यादव ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की की कमी नहीं है उन्हें जरूरत है सही मार्ग दर्शन की उन्होंने कहा कि खेल एक सिक्के के दो पहलू हैं, जिसमें कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है, हमें हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि हार ही जीत की राह दिखाती है। आगे उन्होंने कहा की खेल को हमेशा खेल के भावना व आपसी भाईचारे के साथ खेलना चाहिए वही आगे खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए कहा कि खेल से हमारे शरीर का मानसिक व शारीरिक बौद्धिक विकास होता है वही फाइनल मैच पलामू जिला के उंटारी रोड व गढ़वा जिला के पतसा के बीच खेला गया जिसमे गढ़वा की पतसा टीम पलामू के उंटारी रोड को 3-2 से पराजीत कर सीरीज पर कब्जा किया। वहीं मैच में असमाजिक तत्वों ने मैच ग्राउंड मे प्रवेश कर विवाद भी किया जिससे सील वितरण नही हो सका मौके पर मौजूद उंटारी रोड पुलिस जवानों ने विवाद को जैसे तैसे शांत कराया।

# नींव मजबूत करना एफएलएन प्रशिक्षण का उद्देश्य, प्राप्त ज्ञान से बढ़ाएं गुणवत्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर,पलामू :** प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग शाला में कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएं। यह बात राज्य प्रशिक्षक दिनेश कुमार शुक्ल ने सदर ब्लाक में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने बीआरसी भवन में प्रथम चरण के प्रशिक्षण में शिक्षकों से कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। इसीलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषय बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षक इस अवधारणा के अनुरूप बच्चों को बुनियादी रूप से प्रारंभिक स्तर पर मजबूत करने पर ध्यान दें। उन्होंने इस दौरान कहा कि अब शिक्षा लक्ष्य केंद्रित है अतः शिक्षक मनोयोग से समयावधि में दक्षताएं पूर्ण करने,कौशल विकसित करने एवं गुणवत्ता लाने के लिए कार्यशील रहें। प्रशिक्षण के क्रम में अशोक कुमार सिंह, सुनील पांडेय, नागेंद्र सिंह,चंद्रशेखर सिंह, रानी शुक्ल, मंजू कुमारी, संजू कुमारी, अंजू वर्मा, रश्मि कुमारी, बीआरपी सतेन्द्र पाठक, बीआरजी संजय राणा प्रशिक्षक राम उपेंद्र पांडेय, देवेश कुमार पांडेय, पूजा सिन्हा निकहत जबीं सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### हनुमान महायज्ञ 20 फरवरी से

**रांची :** रांची के ठाकुर गांव में गुरुमाई खिजुरटोला में ग्रामीणों की बैठक सहदेव गोप की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 20 से 22 फरवरी तक होने वाले हनुमान महायज्ञ सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक गिरधारी गोप, राजजतन गोप, सहदेव गोप, अध्यक्ष गणेश गोप, मंत्री सीताराम मुंडा व सचिव दिनेश गोप को बनाया गया है। इसके अलावा 21 कार्यकारिणी के सदस्य भी चने गए हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई की मौत

**रांची :** रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित बूटी मोड़ पर मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में दो सगे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त बसंत बिहार कॉलोनी सुधीर कुमार सिंह और रणधीर कुमार सिंह शामिल है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही एक की मौत हो गई। जबकि एक को मेडिका अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में मौत हो गयी। दूसरी ओर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो पुलिस बल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

### 71 सिपाहियों को प्रमोट कर एएसआई बनाया गया

**रांची।** रांची जिला बल में तैनात 71 सिपाही के लिए खुशखबरी है। बताया जा रहा है कि 71 सिपाहीयों को प्रमोट कर एएसआई बनाया गया है। केंद्रीय पर्षद की बैठक में प्रमोशन को लेकर निर्णय के बाद सिपाही को एएसआई की कोटि में नियमित प्रोन्नति दी गई है। रांची जिला बल में तैनात प्रोन्नति के लिए योग्य पाए गए सिपाही को प्रमोशन के साथ रांची में ही पोस्टिंग कर दी गई है।प्रोन्नति पाने वाले कर्मी को यथाशीघ्र योगदान कर सुचित करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया है।

# रांची के 42 अस्पतालों के 100 मीटर वाले क्षेत्र साइलेंट जोन घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के 42 अस्पतालों के 100 मीटर वाले क्षेत्र को साइलेंट जोन घोषित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने यह फैसला लिया है। साथ ही कई क्षेत्रों में ध्वनि के मानकों का पालन करने का आदेश दिया गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की अलग-अलग अधिसूचनाओं के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

**इन क्षेत्रों को बनाया गया साइलेंट जोनः** जसलोक अस्पताल, आईटीआई बस स्टैंड, डेहल रांची, रानी चिल्ड्रेन अस्पताल, करमटोली बरियातु रोड रांची, इम्पलाईज स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन मॉडल हॉस्पिटल नामकुम, रांची इस्पात हॉस्पिटल, मेकॉन लि. डोरंडा, हिल व्यू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, सेन्टेविटा हॉस्पिटल फिरायालाल चौक, कॉन्सटेन्ट लिवेन्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, संत बरनाबास अस्पताल चर्च रोड, देवकमल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मां रामप्यारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोरहाबादी, श्रीजगन्नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च हॉस्पिटल, रेडियम रोड, ऑर्किड मेडिकल सेन्टर प्रा. लि., राम कृष्णा मिशन टी बी, सेनोटोरियम तुपुदाना, कांके जेनरल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर प्रा. लि. कांके, आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बरियातु,रांची सेवेन एवेनटिस्ट हॉस्पिटल, बरियातु रांची, गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, स्टेशन रोड, मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी, मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, राज अस्पताल मेन रोड, नागरमल मोदी सेवा सदन, अपर बाजार, भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रिम्स, रिनपास कांके, सेंट्रल इंस्टिच्यूट ऑफ साइकेट्री, कांके एवं सेंट्रल कोल फिल्ड लि. हॉस्पिटल गांधीनगर रांची, अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल, सिटी ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, क्यूरी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर इंस्टीच्यूट, गुलमोहर हॉस्पिटल, हेल्थ प्वॉइन्ट हॉस्पिटल, लाईफ केयर हॉस्पिटल, मां राम प्यारी ऑर्थो हॉस्पिटल रिसर्च सेन्टर प्रा. लि., माना देवी लक्ष्मण मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर, नेत्रधाम हॉस्पिटल, प्रभावती हॉस्पिटल, रानी हॉस्पिटल, रिंची हॉस्पिटल, आरपीएस हॉस्पिटल, सिंहपुर नर्सिंग होम, दि 7 पालम्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं दि विनायका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर। बताया गया है कि जारी निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों के लिए लागू रहेगी। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने निर्देशित करते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमावली 2000 के तहत रांची के सिविल कोर्ट एवं हाई कोर्ट परिसर की 100 मीटर की दूरी के अंदर पड़ने वाले क्षेत्र को साइलेंट जोन घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में सुबह छह बजे से रात के रात बजे तक 50 डेसीबल आवाज निर्धारित की गई है।

# झारखंड में सीएसआर की राशि प्राप्त करने में जमशेदपुर और रांची अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा के बजट सत्र में सांसद संजय सेठ ने झारखंड में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हुए कार्यो का लेखा-जोखा मांगा। साथ ही उन्होंने लोकसभा में यह सवाल रखा कि इसके नियमों में कोई परिवर्तन किया गया है क्या? और इससे संबंधित क्या दिशा निर्देश दिए गए हैं। सांसद के सवाल के जवाब में केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कंपनी नियम 2014 में संशोधन को सूचित किया गया है। इन संशोधनों का उद्देश्य प्रकरणों में सुधार करके इसे और सुदृढ़ बनाना अनुपालन का सरलीकरण करके इसे अधिक से अधिक उपयोगी बनाना है। ताकि सीएसआर के तहत कल्याण के और अधिक कार्य किए जा सके। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि झारखंड में विभिन्न कंपनियों के द्वारा सीएसआर के तहत कई कार्य किए गए हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी, भूख कुपोषण मिटाना, ग्रामीण विकास परियोजनाएं, स्वच्छता, वरिष्ठ नागरिक कल्याण, अनाथालय की स्थापना जैसे कई कार्य है। इन कार्यों के तहत जनकल्याण का काम किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को लोकसभा में बताया कि झारखंड में सीएसआर के तहत जिलावार 210 करोड़ रुपये का कार्य बीते एक वर्ष में किया गया है। इसमें सबसे अव्वल जमशेदपुर जिला है, जहां 12.30 करोड रुपये खर्च किए गए हैं, वहीं रांची में एक 11.79 करोड रुपये खर्च किए गए हैं। 160 करोड रुपये ऐसे खर्च हुए हैं, जिसका उल्लेख किसी जिले में नहीं किया गया है। सीएसआर की राशि प्राप्त करने में सबसे फिसड्डी गढ़वा और देवघर जिले हैं। इन दोनों जिलों में महज 0.11 रुपये खर्च किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि एक वर्ष में झारखंड में जो 210 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, उसमें सबसे अधिक राशि स्वच्छता पर खर्च हुई है, जो 57 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल पर 48 करोड़, शिक्षा पर 35 करोड़ और ग्रामीण विकास परियोजनाओं पर 21 करोड़ खर्च हुए हैं। इसके अतिरिक्त खेल प्रशिक्षण, व्यवसाई कौशल, महिला सशक्तिकरण, कृषि वानिकी, पशु कल्याण, कला संस्कृति, लैंगिक समानता, स्वच्छता, अनाथालय की स्थापना, झुग्गी बस्तियों का विकास सहित कई अन्य कार्यों में भी बड़ी मात्रा में राशि खर्च की गई है।



# 11 फरवरी को सेवानिवृत होंगे डीजीपी नीरज सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा आगामी 11 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इसको लेकर जैप-1 परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में जैप, आईआरबी और झारखंड जगुआर की कुल 11 प्लाटून हिस्सा लेगी। झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी थी कि राज्य के नए पुलिस प्रमुख की नियुक्ति 12 फरवरी तक हो जाएगी। उन्हें यूपीएससी पैनल की तरफ से इसके लिए तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों के नाम भी मिल चुके हैं, हालांकि झारखंड के नए डीजीपी कौन होंगे, इसको लेकर सस्पेंस बरकरार है।

**कौन होंगे डीजीपी :** झारखंड में नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए पैनल के तीन नाम तय हो गए हैं। इस पैनल में 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय सिंह, अजय भटनागर और 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिल पालटा का नाम शामिल है।

# रांचीः विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी से ईडी ने की पूछताछ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक डा इरफान अंसारी, राजेश कच्छप के बाद अब नमन विक्सल कोंगाड़ी ईडी ऑफिस पहुंचे। ईडी की टीम कैश कांड मामले में उनसे देर शाम तक पूछताछ कर रही थी। जनवरी महीने में नमन को एजेंसी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर नमन एजेंसी के दफ्तर नहीं पहुंचे थे। इसके बाद ईडी ने उन्हें दूसरा समन भेजा, जिसमें 8 फरवरी को ईडी दफ्तर में बुलाया था। गौरतलब है कि 30 जुलाई 2022 को कांग्रेस के तीनों विधायक एक साथ 48 लाख नकदी के साथ पकड़े गए थे। तब अरगोड़ा थाने में बेरमो विधायक अनूप सिंह ने जीरो एफआईआर दर्ज कराया था। इसी आधार पर तीनों विधायकों को बंगाल पुलिस ने जेल भेज दिया था। अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि विधायकों ने उन्हें 10 करोड़ रुपये देने का प्रलोभन दिया था। इसके साथ ही कांग्रेस का साथ छोड़ने पर स्वास्थ्य मंत्री पद देने की बात कही थी। हालांकि खबर लिखे जाने तक पूछताछ जारी थी।

# बजट सत्र के मद्देनजर स्पीकर आज करेंगे बैठक



**प्रभ्ज्ञात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 25 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस सत्र के सफल संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को पार्टी विधायक दल की बैठक बुलायी। इस बैठक में सत्र को सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा होगी। आगामी 25 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में 17 कार्य दिवस होंगे। तीन मार्च को राज्य का बजट वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव पेश करेंगे। राज्यपाल डॉ. रमेश बैस ने बजट सत्र आहूत करने की अनुमति दे दी है। विधानसभा के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा इसके बाद शोक प्रस्ताव इत्यादि होगा।

# सिलाई कटाई प्रशिक्षण संपन्न, प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जामा दुमका के तत्वाधान में महिलाओं के लिए 30 दिवसीय महिला सिलाई कटाई का प्रशिक्षण का समापन बुधवार को किया गया। इस दौरान कुल 34 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण समापन के दौरान प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को भारत सरकार के एनसीवीटी युक्त प्रमाण पत्र भी दिया गया। मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का ने कहा कि झारखंड को संवारने में सखी मंडल से जुड़ी महिलाऐं भी अहम भूमिका निभा रही हैं।भारत सरकार के आजीविका मिशन के तहत् गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को इस तरह का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल महिलाऐं खुद का आर्थिक विकास कर रही है बल्कि राज्य के विकास में भी योगदान कर रही है। जेएसएलपीएस जामा के बीपीएम मिनाती सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं का कौशल विकास होना आवाश्यक है। महिलाऐं सिलाई कटाई का व्यवसाय कर परिवार व समाज को आर्थिक रूप से मज़बूत करें।अतिथियों का स्वागत करते हुए आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि महिलाओं के हित में सरकार कई योजनाएं चला रही है, महिलाएं सिलाई कटाई हुनर के द्वारा स्वरोजगार कर आर्थिक विकास करें । धनबाद से आई महिला प्रशिक्षिका सविता देवी ने सभी प्रशिक्षुओं को साधारण ब फैंसी ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार, नाईट सूट, अनारकली सूट, पटियाला सूट, स्कूल यूनिफॉर्म, बेबी फ्रॉक, घंघरी, बाबा सूट, लेगिंज और लेडीज जींस के साथ साथ करीब 18-20 तरह के डिजाइनों की जानकारी दी ताकि महिलाएं घर में रहकर अपने काम करते उद्यमी बन सके। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षुओं का अंतिम मूल्यांकन भारत सरकार द्वारा कराया गया। इस मौके पर ,आरसेटी के संकाय उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह तथा संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

# रांची : राजद नेता विजय यादव के निधन से पार्टी में शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजद के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विजय यादव के निधन से पार्टी में शोक व्याप्त है। उनके पार्थिव शरीर को बुधवार को झारखंड प्रदेश राजद मुख्यालय में लाया गया। यहां राजद के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि विजय यादव पार्टी के समर्पित नेता थे। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नीति सिद्धांतों पर चलने का उन्होंने काम किया था। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। इस मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष यादव, राजेश यादव, प्रवक्ता अनीता यादव,रानी कुमारी, रंजन यादव, श्यामदास सिंह, मदन यादव , कमलेश यादव , धर्मेंद्र सिंह, अंजल सिंह, शैलेंद्र शर्मा,सुरेंद्र शर्मा, इरफान अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विजय यादव पार्टी के सबसे पुराने नेता थे और झारखंड ही नहीं बल्कि बिहार में भी उनकी अलग पहचान थी।

वे यहां लालू रथ के सारथी थे। विजय यादव का निधन मंगलवार को सीएमसी वेल्लोर में इलाज के दौरान हो गया था।

# साक्ष्य के अभाव में नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपित बरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म करने के आरोपित महादेव नायक को बरी कर दिया है। यह मामला रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पुंदाग इलाके का है। नाबालिग के पिता ने महादेव नायक के खिलाफ लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने और उसके अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। लड़की ने केस ट्रायल के दौरान अपनी गवाही में घटना से इनकार कर दिया।साथ ही पुलिस की ओर से अदालत में पेश किये गए अन्य गवाह भी अपनी गवाही में यह साबित नहीं कर पाये की महादेव नायक ने नाबालिग अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया है। सभी पक्षों की बहस और गवाहों के बयान सुनने के बाद अदालत ने आरोपित को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। आरोपित की ओर से अधिवक्ता रतीश रोशन उपाध्याय ने अदालत में पक्ष रखा।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज



**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक नौ फरवरी शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र के कार्यक्रमों की भी मंजूरी ली जाएगी। बैठक को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचना जारी कर दी है।

# शोषण, जुल्म व अन्याय के खिलाफ सड़कों पर निकलेगी महिलाएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य महिला समाज की बैठक अल्बर्ट एक्का चौक सीपीआई राज्य कार्यालय में इंद्रमणि देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य में 50000 महिलाओं के सदस्य बनाने, प्रखंड जिला एवं राज्य के सम्मेलन करने साथ ही महिलाओं पर हो रहे शोषण जुल्म और अन्याय के खिलाफ सड़कों पर निकलने का निर्णय लिया गया। बैठक में बैंकों के द्वारा महिला समितियों के लोन के नाम पर कर्ज के जाल में फंसाने और महिलाओं जबरन रुपए की वसूली पर विस्तारित चर्चा की गई । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिस तरह से महाजनी जुल्म जमींदारों की जुल्म अंग्रेज के जमाने में चल रहा था ,उसी तरह से बैंकों के माध्यम से 24 प्रतिशत से लेकर के 40 प्रतिशत तक रुपए की वसूली हो रही है । मई महीने में राज्य का सम्मेलन एक बड़ी रैली के साथ बैठक में इंद्रमणि देवी ,सोनिया देवी ,प्रिया प्रवीण ,मंजू देवी, नगीना देवी, बस मतिया देवी ,अनीता देवी, बालों देवी, रेशमी देवी, सुषमा देवी, गुजरी देवी, सहित राज्यभर के कई महिलाएं उपस्थित थे।

# पूजा सिंघल और सीए सुमन के आरोप गठन पर सुनवाई 16 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार एवं बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को हुई। अदालत ने पूजा सिंघल और सुमन कुमार के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस मामले में आरोपित राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ आरोप गठित पूर्व में हो चुका है। ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल, सुमन और राम विनोद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि 16 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 पूजा सिंघल के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में पूजा सिंघल के सहयोगी सीए सुमन कुमार के पास से कुल 19.31 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए थे। ईडी ने सुमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल से पूछताछ की और बाद में उन्हें 11 मई, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस दौरान पूजा सिंघल को ईडी ने पूछताछ के लिए दो बार रिमांड पर भी लिया था।



**पूजा सिंघल की अर्जी पर फैसला सुरक्षितः** दूसरी ओर निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से संपूर्ण पुलिस पेपर मांगे जाने संबंधी अर्जी पर बुधवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया। ईडी की ओर से कहा गया कि अभी अनुसंधान चल रहा है। इसलिए मामले से संबंधित सारे स्टेटमेंट आरोपित को नहीं दिया जा सकता है। पूजा सिंघल की ओर से कहा गया था कि पूरे मामले को समझने और सारे तथ्य को जानना जरूरी है। इसलिए आवश्यक दस्तावेज जरूरी है। कोर्ट ने उनका पक्ष सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा है।

# रिम्स की छात्राओं की बढ़ेगी सुरक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित रिम्स परिसर में दिन प्रतिदिन शरारती तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए रिम्स प्रबंधन ने पुलिस गशत बढ़ाने को लेकर बरियातू थाना को पत्र लिखा है। प्रबंधन ने उनसे आग्रह किया गया है कि रात में रिम्स परिसर में पुलिस की गश्ती बढ़ाई जाए। रिम्स प्रबंधन का कहना है कि रिम्स परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर कई कड़े कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक, रिम्स परिसर की बाउंड्री को तोड़ कर बने अवैध प्रवेश मार्ग को पूर्णतः बंद करना, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, पूरे कैंपस में सीसीटीवी कैमरा का प्रावधान, साथ ही सुरक्षाकर्मियों को जगह जगह तैनात किया जाएगा। परिसर को हर तरह से सुरक्षित करना रिम्स की प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रांची के रिम्स में एक महिला डॉक्टर के साथ सोमवार देर रात छेड़छाड़ की गई थी। इसके बाद जूनियर डॉक्टर आक्रोशित हो गए थ। रात में ही उन्होंने ट्रामा सेंटर का गेट जाम कर दिया था और हंगामा किया था।



## खलिहान में लगी आग

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली नीचे टोला निवासी काशीनाथ कोइरी उर्फ मिठू के खलिहान में बुधवार को दिन के करीब तीन बजे अचानक आग लग गई। जबतक लोगों को पता चला तबतक आग काफी फैल चुका था। आसपास के लोगों के सहयोग से टुलू पम्प लगाकर पानी डाल कर आग पर काबू पाया गया। इसमे करीब आधे घण्टे लगे। गृहस्वामी ने घटना में करीब 29 हजार रुपये के धान व पुआल के नुकसान का दावा किया है। इसकी सूचना अंचल कार्यालय को दे दी गयी है।

## जांच एवं ऑपरेशन शिविर 12 को

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट, निरामया अस्पताल एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान मे आगामी 12 फरवरी दिन रविवार को मारवाड़ी धर्मशाला सिल्ली मे निःशुल्क मोतियाबिन्द जाँच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया है। जाँच के बाद चयनित मोतियाबिन्द के मरीजों का ऑपरेशन निरमया अस्पताल कोकर में किया जायेगा। जानकारी सेवा भारती के प्रवीन अग्रवाल ने दी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में बुधवार को कला संस्कृतिक भवन के समिप मत्स्य मित्र सह लैंप्स अध्यक्ष चरवा उरांव के देखरेख में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। कार्ड सीएससी के आकिब जावेद के द्वारा बनाया गया। मौके पर चरवा उरांव ने बताया कि सीएससी व कैफे सेंटरों के भीड़ व दूरी से बचने के लिए गांव टोला में शिविर लगाया गया है। ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस योजना का कई लोगों को अभी भी पता भी नहीं है। उन लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है। ताकि कोई भी व्यक्ति इस योजना से वंचित ना रहे। मौके पर पंचायत के उप मुखिया जसमणी उराईन, वार्ड सदस्य प्रीति तिर्की, समाजसेवी रोशन कुमार केरकेटा ,पंचम पांडे, गोयंदी उराइन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीएलबीसी की बैठक आयोजित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड स्तर पर बी.एल.बी.सी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं लाभुकों को स्वीकृत किये गये लोन की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही सभी कृषक मित्रों को अपने क्षेत्र में किसानों को योजना के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर केसीसी योजना के तहत ऋण स्वीकृत करने की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। केसीसी योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन प्राप्त करने और स्वीकृत करने के कार्य को मिशन मोड में करने हेतु पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। मौके पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि योग्य लाभुकों को शत् प्रतिशत केसीसी से अच्छादित किया जाना जाना चाहिए। इसे लेकर विशेष रूप से कृषक मित्रों को लगाए जा रहे शिविर के माध्यम से योग्य किसानों को लाभान्वित करने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर लोगों को इस संबंध में जागरूक करने तथा उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

## ग्रामीणों के बीच जरूरतमंद सामानों का वितरण

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित पेयाकुली पहाड़ी के ऊपर स्थित सीआरपीएफ 133 वीं वाहिनी के कैंप में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच जरूरतमंद सामानों का वितरण किया गया। ग्रामीणों के बीच छाता, साड़ी किसानों को विभिन्न प्रकार के बीज, आम,अमरूद कटहल एवं नीबू का पौधा एवं स्कूली बच्चों के बीच स्कूली बैग,कॉपी, पेंसिल, कलम,जामेट्री बॉक्स खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल जर्सी क्रिकेट का बैट विकेट वॉलीबॉल एवं वॉलीबॉल का नेट वितरण किया गया।आराहंगा पंचायत के सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए 133 वीं बटालियन के कमांडेंट अमित कुमार ने कहा इस कार्यक्रम से ग्रामीणों एवं पुलिस के बीच सीधा संबंध स्थापित होता है। साथ ही मुख्यधारा से भटके युवाओं से गलत काम छोड़ मुख्यधारा में लौटने की अपील की गई। इस मौके पर सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय कुमार सहायक कमांडेंट शशि भूषण सहायक कमांडेंट राकेश कुमार शर्मा सहायक कमांडेंट नियाज अहमद इंस्पेक्टर विनय कुमार के साथ ससवाय के सभी कार्मिक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पूरियों पंचायत स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विधालय में बुधवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्कुल प्रबंधन समिति सदस्य, टीचर, अभिभावक व बच्चों के साथ बैठक किया। शिक्षा संबंधी कई दिशा निर्देश दिये। बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बच्चे एक गीली मिट्टी की तरह है, जैसा कुम्हार गीली मिट्टी को आकर देंगे वैसा मिट्टी आकर लेगा। उसी प्रकार अभिभावक अपने बच्चे को जैसा माहौल व शिक्षक शिक्षा देंगे वैसा बच्चे अपने आपको ढालेंगे। अभिभावकों से कहा कि बच्चे स्कूल में 6-7 घंटे देने के बाद पुरा समय घर मे देते हैं, आप बच्चों के स्कूल होमवर्क को प्रत्येक दिन चेक करें और होमवर्क करायें। विधायक ने बच्चों से कहा कि अपने माता पिता को ही भगवान माने, उन्हे सम्मान दें। बच्चे जो शिक्षा से आपको दूर करते है या शिक्षा प्राप्त करने से मना करते हैं उसे अपना दुश्मन माने, उसकी बात को ना माने। विधायक ने प्रबंधन समिति सदस्य से कहा कि प्रबधन समिति की बैठक प्रत्येक महीने करें। साथ ही प्रबधन समिति के सदस्य स्कूल एक बार जाकर निरीक्षण करें।

# नींद से जागा सीआईएसएफ, डकरा ओबी डंप के पास से तीन टन कोयला जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** बीते कई महीनों से सूचना मिल रही थी कि डकरा ओबी डंप के आसपास के एरिया के ग्रमीणों के द्वारा जैसे हॉलपेक ओबी गिरता था. वैसे ही आसपास के ग्रामीण में से बूढ़े बच्चे महिलाएं सहित लोगो ने कोयला चुनने के लिए दौड़ पड़ते थे. वह भी सीआईएसएफ के तैनात जवानों के मौजूदगी में धड़ले से बिना डर भय का कार्य किया जाता था. सीआईएसएफ व सीसीएल के अधिकारियों को ओबी गिरते ही यदि किसी भी ग्रमीणों की क्षति पहुँचती है तो न ही सीसीएल व सीआईएसएफ के अधिकारी जिम्मा लेंगे. इन सभी का लापरवाही जब गाहे बगाहे सीसीएल के वरीय अधिकारियों को सूचना मिली तो खानापूर्ति करते हुए महिलाओं व बच्चों के द्वारा चुन कर रखे कोयले लगभग तीन टन जप्त किया गया. इस कार्य को सीआईएसएफ के उप समादेष्टा मृत्युंजय स्वामी डी के नेतृत्व में संयुक्त छापामारी किया गया. जिसमे 3 टन कोयला जब्त किया गया. इसमें निरिक्षक ददन सिंह, निरीक्षक सरफराज आलम, महिला निरीक्षक स्वाति कुमारी, उप निरीक्षक अनूप सिंह, सीआईएसएफ के 25 जवान,सीआईएसएफ का महिला दस्ता और क्यूआरटी शामिल हुए.

## सोमा उरांव के 13वें शहादत दिवस समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत झिझरी पंचायत के ग्राम सकरपदा मे स्व0 सोमा उरांव के 13वें शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचने के बाद विधायक ने सोमा उरांव के प्रतिमा पर माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही शहीद की पत्नी को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया इस दौरान विधायक ने कहा कि आज शहीदों के बलिदान को हम कभी भूल नहीं पाएंगे साथ ही लोगों से उन्होंने कहा कि देश को बचाने के लिए जो लोग अपनी जान की परवाह नहीं करते हैं उन लोगों के नाम को कभी जाए नहीं जाने दिया जाएगा।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** कुल्ली कुंबा टोली में नव निर्मित हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह बुधवार को शुरू हुआ.प्रथम दिन महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गयी. जलाभिषेक व वैदिक पूजन सहित अन्य अनुष्ठान किये गये. नौ व 10 फरवरी को विभिन्न अनुष्ठानों के बाद 11 फरवरी को भंडारा के साथ समारोह का समापन होगा.मुख्य पुजारी सोनू पंडा के नेतृत्व में शुरू हुए अनुष्ठान के दौरान यजमान के रूप में बालमुकुंद गोप व प्रसाद गोप शामिल हैं. मौके पर अयोध्या के आचार्य पंडित अंकेश उपाध्याय, वैदिक पांडेय,गोपाल पांडेय, जिप सदस्य रीना देवी, संजय गोप,देव प्रसाद, जयश्री दास,उदय गोप,कांति,मंजू,प्रभा, महेश व साधु चरण दास सहित अन्य शामिल थे.

## मेला के आयोजन को लेकर बैठक

**सिल्ली :** महाशिवरात्रि के मौके पर बुढ़ाम में लगने वाला शहीद निर्मल महतो झारंखण्ड मेला के आयोजन को लेकर बुढ़ाम झामुमो कार्यालय में झामुमो कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता बलराम महतो ने की। सर्व सम्मति से मेला आयोजन कमेटी का पुनर्गठन किया गया। हरिदास मुंडा, दशरथ महतो, मधुसूदन महतो, रामपदो महतो, अमित कुमार महतो और सरवन मुंडा समेत छह लोग संरक्षक बनाये गए। इसके अलावे बलराम महतो उर्फ राधिका महतो को अध्यक्ष बनाया गया। दिलीप कुमार महतो को उपाध्यक्ष, भगीरथ महतो को सचिव, मिथुन चन्द्र महतो को उपसचिव, अजीत महतो कोषाध्यक्ष बनाये गए। कमेटी में 40 अन्य लोगों को भी शामिल किया गया।

## तमाड़ में किसान जनाधिकार मंच की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ वन विश्रामागार के प्रांगण में किसान जनाअधिकार मंच की एक बैठक सम्पन्न हुआ।तमाड़ विधानसभा की ज्वलंत समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। इन दिनों क्षेत्र में हाथी का समस्या गंभीर रूप लिया है। प्रतिदिन किसी ना किसी गांव में दस्तक दे रहा है। अनेक लोग बेघर हो रहे हैं।कई लोग काल के गाल में समा जा रहे हैं। वन विभाग इस समस्या से चुप बैठा है। इस ज्वलंत समस्याओं को लेकर किसान जनाअधिकार मंच जोरदार क्रमबद्ध जनआंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 20 फरवरी को पारंपरिक हथियार के साथ तमाड़ वन विभाग कार्यालय का घेराव प्रदर्शन करेगी। इसमें मंच ने मांग किया हाथी के हमले से मृतक परिवार को 15 लाख मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का मांग शामिल है।इसके अलावे जंगलों की कटाई एवं उसकी ढुलाई पूर्ण रूप से बंद करने की मांग की है। बैठक में मंच के सुप्रीमो मथुरा प्रसाद साहू , प्रदीप साहू,मान सिंह मुंडा, श्रीकांत अहीर, संदीप उरांव,मुकेश मुंडा विजय उरांव दुबराज सिंह अशोक राय,विकेश्वर महतो,पांडू मुंडा, रविंद्र नाथ महतो,करमचंद महतो, रामकृष्ण सिंह, मनोरंजन साहू, अरुण महतो, उमेश महतो, सुखदेव महतो संतोष अहीर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खलारी पीएचसी में एएनसी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य सम्बंधित जानकारी के लिए खलारी पीएचसी में चिकित्सा प्रभारी डॉ इरशाद के निर्देश पर एएनसी का आयोजन किया गया. इस आयोजन में महिला चिकित्सक डॉ. इशानी सिंह के द्वारा गर्भवती महिलाओ का जांच किया गया. जांच में खलारी पीएचसी में खलारी व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 110 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया. गर्भवती महिलाओ की जांच में बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन,एच आईवी,सीफलीस का जांच किया गया. अथवा महिलाओं को आयरन,फोलिक एसिड कैल्सियम,मल्टी विटामिन सी,विटामिन और ओआरएस की दवाएं दिया गया. चिकित्सा प्रभारी डॉ इरशाद ने गर्भवती महिलाओं से प्रत्येक माह होने वाले एएनसी में आकर अपनी जांच नियमित रूप से कराने को भी कहा. कार्यक्रम को सफल आयोजन में सीएचओ अंजना नाग, किरण, सुबाला, अनिता, ममता सहित प्रखण्ड क्षेत्र में कार्यरत सहिया व सहिया साथी का सरहानीय सहयोग रहा.

# विश्व बैक की टीम का खूंटी भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विश्व बैक की प्रमुख शोभा चक्रवर्ती अपनी टीम के साथ खूंटी दौरे पर पहुंची। तेजस्विनी परियोजना की स्टेट टीम भी उनके साथ थी। उक्त टीम द्वारा आज तेजस्विनी परियोजना खूंटी के कार्यो का निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा किया गया। उक्त टीम में शामिल अधिकारियों द्वारा प्रथम तेजस्विनी क्लब, कर्रा भ्रमण किया गया। यहां किशोरीयो के द्वारा स्थापित तेजस्विनी कैण्टीन का अवलोकन किया गया। मौके पर किशोरियों से कैण्टीन संचालन के बारे मे जानकारी ली गई। जांच टीम के द्वारा कैण्टीन की सराहना की गई। तत्पश्चात् विश्व बैक टीम के सदस्यों के द्वारा तेजस्विनी परियोजना के द्वारा संचालित एनआईओएस शिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। मौके पर केन्द्र में अध्ययन कर रहीं 8वीं एवं 10वीं कक्षा की किशोरीयो से शिक्षा से सम्बन्धित जानकारी ली गई। विश्व बैक टीम एवं तेजस्विनी परियोजना के स्टेट टीम मुरहु प्रखण्ड के माहिल ग्राम में संचालित तेजस्विनी क्लब में पहुंची, जहां क्लब कि किशोरियो के द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर उक्त टीम में शामिल अधिकारियों ने किशोरियो से जीवन कौशल प्रशिक्षण एवं आय सृजन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने किशोरियों के द्वारा बनाये गये समाग्री का अवलोकन किया। इस दौरान उक्त टीम ने उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। साथ ही परियोजना के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली गई। विश्व बैक टीम एवं स्टेट टीम ने तेजस्विनी मार्ट का विजिट किया गया। मार्ट में रखी गयी सामग्रियों को देखा एवं कार्यो की सराहना की। साथ ही उक्त टीम के अधिकारियों ने सामग्रियों की खरीदारी की।

## कोयलांचल पत्रकार संघ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैकलुस्कीगंज के ड्रीम डेस्टिनेशन में आर वी पी कोयलांचल पत्रकार संघ की एक बैठक हुई. बैठक में मैकलुस्कीगंज, खलारी, डकरा एवं पिपरवार के पत्रकार शामिल हुए. बैठक में बतौर अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा एन के एरिया के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,नरेश गंझु,प्रभाकर गंझु,बिनय खलखो,प्रदीप भोक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में मूल पत्रकारों की समस्याओं,क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया. साथ ही निर्णय लिया गया कि पत्रकार की हर समस्यायों का सभी मिलकर मुकाबला करेंगे. यह भी निर्णय लिया गया कि एक आकस्मिक फण्ड का निर्माण किया जाए . जिससे सही मौके पर पत्रकार साथी को मदद किया जा सके. बैठक में उपस्थित विस्थापित मोर्चा के अग्रणी नेताओं ने संघ को आश्वासन दिया कि पत्रकारों की हर मुसीबत पर संघ मदद के लिए तत्पर रहेगा. बैठक में नरेश चौरसिया, गोपी चौरसिया, बिपिन कुमार,रोहित कुमार, अशोक सिंह, रविन्द्र कुमार रवि,पवन गुप्ता,मो मासूम, संजय गुप्ता, प्रकाश कुमार,जयप्रकाश साहा,अखिलेश गिरी,धीरेंद्र कुमार, रूपलाल महतो, मो0 याकूब,मो0 परवेज,बसंत कुमार पंकज सहित अन्य पत्रकार साथी शामिल थे.



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी

### आम सूचना

पशुपालकों के लिए दो दिवसीय विशेश पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन पशुओं में होने वाले संक्रमक एंव अन्य बीमारियों की बड़े स्तर एक साथ चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित् करने तथा पशुपालकों में जागरुकता लाने के लिए विभाग द्वारा विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। **वित्तीय वर्ष 2022–23 में खूँटी जिलान्तर्गत दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन की सूची निम्नवत् है:–**

| क0 सं0 | प्रखंड का नाम | क0 सं0 | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सा का नाम | पदनाम | दूरभाष सं0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | 1 | गुटजोरा | हुटार | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 2 | फूदी | डुमरा | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 3 | मुरही | टकरा | 15.02.2023 से 16.02.2023 | | | | |
| | | 4 | सिलादोन | चूकरु | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| 1 | खूँटी | 5 | भण्डरा | चिकोर | 19.02.2023 से 20.02.2023 | डा0 गीतांजली कच्छप | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी | 8210276170 | |
| | | 6 | लान्दुप | जोजोहातु | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 7 | मारंगहादा | हेथीटोला | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| | | 8 | बारूडीह | अनिगडा | 25.02.2023 से 26.02.2023 | | | | |
| | | 9 | तिरला | तिरला | 27.02.2023 से 28.02.2023 | | | | |
| | | 10 | जरीया | तिरला | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 11 | ओकड़ा | पंचायत भवन, ओकडा | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 12 | सुन्दारी | सुन्दारी | 15.02.2023 से 16.02.2023 | | | | |
| | | 13 | डोड़मा | तिरिलपिडी | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| 2 | तोरपा | 14 | उकडीमाड़ी | टाटी | 19.02.2023 से 20.02.2023 | डॉ0 सुरेश कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोड़मा | 7250379473 | |
| | | 15 | तोरपा पश्चिम | कुड़ा | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 16 | बारकुली | बारकुली | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| | | 17 | दियांकेल | मानहातु | 25.02.2023 से 26.02.2023 | | | | |
| | | 18 | उड़ीकेल | महुआटोली | 27.02.2023 से 28.02.2023 | | | | |
| | | 19 | मुरहू | मुरहु चमरा टोली | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 20 | गनालोया | गनालोया | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 21 | कोड़ाकेल | कोड़ाकेल | 15.02.2023 से 16.02.2023 | | | | |
| | | 22 | रूमूतकेल | जामदा | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| | मुरहू | 23 | हास्सा | हास्सा | 19.02.2023 से 20.02.2023 | डॉ0 विनय कुमार झा | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरहू | 8002684981 | |
| | | 24 | कुंजला | इठे | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 25 | गोंडाटोली | सुरुंदा | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| 3 | | 26 | बिचना | पण्डु | 25.02.2023 से 26.02.2023 | | | | |
| | | 27 | केवड़ा | डमराय | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 28 | बिन्दा | सियांकेल | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 29 | इंदीपीड़ी | कातिंगकेल | 15.02.2023 से 16.02.2023 | | | | |
| | | 30 | गुटुहातु | सालेहातु | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| | | 31 | कूडूपूर्ती | सोयको | 19.02.2023 से 20.02.2023 | डॉ0 विजय कुमार नाग | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, मुरहू | 8002684981 | |
| | | 32 | कुदा | कुदा | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 33 | दिगडी | दिगडी | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| | | 34 | हेदगोव | बुरमा | 25.02.2023 से 26.02.2023 | | | | |
| | | 35 | अड़की | ढोभा | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 36 | सिन्दरी | पीसकाहातु | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 37 | नौढी | तेबला मुसुरडीह | 15.02.2023 से 16.02.2023 | डॉ0 सुरेन्द्र राम | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, अड़की | 9955324703 | |
| | | 38 | पुरनानगर | गीतीलबेरा | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| | | 39 | सोसोकुटी | सोनपुर | 19.02.2023 से 20.02.2023 | | | | |
| | | 40 | तिरला | कान्दरे | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 41 | बाडीनिजकेल | बेडाडीह | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 42 | हुठ | सरेगंहातु | 15.02.2023 से 16.02.2023 | डॉ0 संजीव कुमार सिंह | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, अड़की | 9431275557 | |
| | अड़की | 43 | सारगेया | सारगेया | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| | | 44 | उपरबालालोंग | उपरबालालोंग | 19.02.2023 से 20.02.2023 | | | | |
| 5 | | 45 | तोडांग | कोरबा | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 46 | बीरबॉकी | घाघरा | 15.02.2023 से 16.02.2023 | | | | |
| | | 47 | तिनतिला | डोलडा | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| | | 48 | मदहातु | पारासु | 19.02.2023 से 20.02.2023 | डॉ0 ललित कुमार गगराई | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बीरबांकी | 9572339783 | |
| | | 49 | बोहोण्डा | बोहोण्डा | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 50 | कोचांग | कोचांग | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| | | 51 | खटंगा | काराकेल | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 52 | बनई | बनई | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | रनिया | 53 | डाहु | डाहु | 15.02.2023 से 16.02.2023 | डॉ0 अनील कुमार नायक | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खंटगा। | 8709121389 | |
| | | 54 | जयपुर | जयपुर | 17.02.2023 से 18.02.2023 | | | | |
| | | 55 | ताम्बा | ताम्बा | 19.02.2023 से 20.02.2023 | | | | |
| | | 56 | खटखुरा | बाराहातु | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 57 | सोदे | टुटीकेलावन | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| | | 58 | डेहकेला | तिलमीवन | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 59 | बमरजा | पलसावन | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 60 | डुमरगढ़ी | डुपुावन | 15.02.2023 से 16.02.2023 | | | | |
| | | 61 | सुनगी | तिकी | 17.02.2023 से 18.02.2023 | डॉ0 प्रभात कुमार पाण्डे | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कर्रा | 9939555624 | |
| | | 62 | कर्रा | हसबेडावन | 19.02.2023 से 20.02.2023 | | | | |
| | | 63 | जुरदाग | टूयुावन | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |
| | | 64 | कुदलुम | सोनमेरावन | 23.02.2023 से 24.02.2023 | | | | |
| 6 | कर्रा | 65 | कच्चाबारी | चिउरावन | 25.02.2023 से 26.02.2023 | | | | |
| | | 66 | मेहा | रोलाबुटु | 27.02.2023 से 28.02.2023 | | | | |
| | | 67 | लरता | लरतावन | 11.02.2023 से 12.02.2023 | | | | |
| | | 68 | जरिया | जरियावन | 13.02.2023 से 14.02.2023 | | | | |
| | | 69 | गोविन्दपुर | जलंगावन | 15.02.2023 से 16.02.2023 | डॉ0 प्रदीप कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, गोविन्दपुर | 9431992322 | |
| | | 70 | लिमड़ा | लिमडावन | 17'02'2023 से 18'02'2023 | | | | |
| | | 71 | बकसपुर | छोटका रेगरावन | 19.02.2023 से 20.02.2023 | | | | |
| | | 72 | उड़ीकेल | भुसुरावन | 21.02.2023 से 22.02.2023 | | | | |

जिला पशुपालन पदाधिकारी
खूँटी

PR 289626 Animal Husbandry(22-23)#D

## गोदरेज एण्ड बॉयस ने पूर्वी भारत में अपने ग्रीन प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को किया मजबूत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एण्ड बॉयस ने यह घोषणा की है कि इसके व्यवसाय गोदरेज मैटेरियल हैण्डलिंग ने अपनी पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद (ग्रीन प्रोडक्ट) श्रेणी में अपने पोर्टफोलियो को मजबूत किया है और कंपनी की नजर वित्त वर्ष 2024 तक भारत में इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट्स के बाजार में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने पर है। आज बेल्डीह क्लब बिष्टुपुर में आयोजित एक प्रेस मीट में अपनी बात रखते हुए, गोदरेज मैटेरियल हैण्डलिंग, गोदरेज एण्ड बॉयस के सेल्स एवं मार्केटिंग प्रमुख नेविले मेवावाला ने कहा, गोदरेज मैटेरियल हैण्डलिंग में हम अपने 'गुड एण्ड ग्रीन' उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये लगातार काम कर रहे हैं। हमारा मानना है कि यह न केवल एक सही विकल्प है, बल्कि इसका बड़ा आर्थिक महत्व भी है। इसके साथ हमारा लक्ष्य बाजार में ऐसे उत्पाद एवं समाधान लेकर आना है, जो भारत में आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स सेगमेंट को ज्यादा सक्षम और स्थायी बनाएं।

## विनोद कुमार महानगर इंटक का महासचिव मनोनीत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटक जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' द्वारा विनोद कुमार पाण्डेय को जमशेदपुर महानगर इंटक का महासचिव मनोनित किया गया। मनोनयन पत्र की प्रतिलिपि इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय को भेज दिया गया। विनोद पाण्डेय के महासचिव बनाए जाने पर संतोष सिंह, रौशन सिंह, चंदा सिंह, देव कुमार, सूसिल कुमार, कृष्णा राजू, मनीष सिंहा, सुमित अग्रवाल, रवि राज आदि इंटक नेताओं द्वारा उन्हें बधाई दी गई।

## रायबासा में खुला आंगनवाड़ी केन्द्र



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के यशपुर पंचायत अंतर्गत रायबासा ग्राम में आंगनवाड़ी केन्द्र खोला गया जिसका उद्घाटन मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मुखिया रामू मुर्मू ने विधिवत फीता काट कर किया। उन्होंने मौके पर मौजूद आंगनवाड़ी केन्द्र की सेविका को चाबी सौंपकर कुशलतापूर्वक इसके संचालन को कहा। विदित है कि पूर्व मुखिया ने ही अपने कार्यकाल में रायबासा आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की नींव रखी थी। इस मौके पर मुखिया पार्वती सरदार, पंचायत सचिव हीरालाल साहू, शिक्षक अमूल्य नायक, सेविका रिंकी नायक समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## नेशनल एथलेटिक्स मीट में भाग लेने विद्या ज्योति स्कूल के बच्चे हुए रवाना



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आल इंडिया इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल एथलेटिक्स मीट-2023 में भाग लेने बुधवार को गम्हरिया के टीजीएस कॉलोनी स्थित विद्या ज्योति स्कूल के बच्चे रवाना हुए। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन बिहार के पटना में आगामी 10 फरवरी से 12 फरवरी तक किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चे शुभम पांडेय, रानी कुमारी, राधा कुमारी और अनंतिका बेहरा भाग ले रहीं है जिसके कोच जिले के एथलेटिक्स प्रशिक्षक करमू मंडल भी साथ हैं। विद्यालय परिसर से इन खिलाड़ियों को प्राचार्य सुनील कुमार झा और उप प्राचार्य आनंद कुमार सिंह ने उज्जवल कामना के साथ रवाना किया।

## पुआल लदा ट्रैक्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से हजारों का नुकसान

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलकाटा गांव में बुधवार की दोपहर को एक बड़ी अग्निकांड होने से बच गया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। गोलकाटा निवासी नलिनी कुंभकार व अनाथ बंधु कुंभकार ने बताया कि फूलझरना-मुदिडीह गांव से एक ट्रैक्टर पर पुआल लादकर गोलकाटा माझीडीह ले जाया जा रहा था। गोलकाटा मनसा मंदिर के पास पहुंचते ही बिजली तार की चपेट में आने से ट्रैक्टर में लदा पुआल में आग लग गई। इस दौरान ट्रैक्टर में जलता हुआ पुआल का आग हवाओं के कारण करीब 50 मीटर दूर पूर्व पोस्टमास्टर काशीनाथ कुंभकार के खलिहान में गिरने से वहां रखे धान का बंडल व सिर्फ पुआल में आग लग गई और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने मदद करते हुए बगल के तालाब से मोटरपंप के सहारे खलिहान में पानी की बौछार शुरू कर दी। इससे आग पर काबू पाया जा सका और बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। सूचना मिलते ही कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों ने मामले की जानकारी लेते हुए पीड़ित परिवार की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों की जागरूकता की प्रशंसा की।



# वनराज स्टील्स के चिमनियों से निकल रही है प्रदूषित धुंआ, आंख व सांस की बीमारी से लोग ग्रसित

**- तालाब व नाला का पानी हुआ जहरीला, आस पास के 12 गांवों को लिया अपने आगोश में**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला जिला के चांडिल प्रखंड स्थित बिहार स्पंज आयरन कंपनी / वनराज स्टील्स द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण पर एक सप्ताह में रोक नहीं लगायी गयी तो आजसू पार्टी कंपनी गेट को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर देगी। आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप के नेतृत्व में आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार स्पंज आयरन कंपनी के जीएम को एक ज्ञापन सौंप कर सात दिन की अल्टीमेटम दिया। दुर्योधन गोप ने कहा कि कंपनी की चिमनियों से फैलाये जा रहे प्रदूषण से नदी एवं तालाबों का पानी दूषित हो रहा है, लोग कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। आसपास के गांवों के लोग ज्यादातर आंख एवं सांस संबंधित बीमारी से परेशान है। एवं प्रदूषण के कारण क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जीव-जंतु भी त्रस्त है। गांव की, तालाब और नाला का पानी दूषित होकर जहरीला हो गया है।

### सब्जियों के ऊपर बैठ रही है काली धूल की मोटी परत



आपको बता दें की बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड (बीएसआईएल) कंपनी द्वारा ईएसपी तकनीकी समस्या होने के कारण क्षेत्र में बिगत एक माह से भारी मात्रा में प्रदूषण फैल रहा है। प्रदूषण के कारण दर्जनभर गांव प्रभावित हो रहा है। कंपनी के चिमनी से निकल रहा प्रदूषण धुंआ से किसी भी तरह का फसल उगाना मुश्किल हो गया है। सब्जियों के ऊपर काली धूल की मोटी परत जमा होने से किसान व घर के खेती बाड़ी पूरी तरह से नष्ट हो रहा है।

### तालाब में नहाने से कतरा रहें लोग

वहीं, गांवों के लोग तालाब के पानी में नहाने धोने में भी कतरा रहे है । कारण तालाब के पानी में धूल की मोटी परत बैठ गई हैं। वास्तव में क्षेत्र के पेड़- पौधों के पत्ते के हरे रंग बदलकर काले रंग में परिवर्तन हो गया है। बीएसआइएल कंपनी से फैल रही प्रदूषण के कारण आसपास के करीब दर्जनभर गांव प्रभावित हो रहे है। प्रभावित हो रहे गांवों में से हमीद, जरियाडीह, भादूडीह, छोटालाखा, कलियाडीह, पाटा, कटिया, मानीकुई, बड़ालाखा, मुदीडीह, हारुडीह, धातकीडीह, चिलगु, करनीडीह चाकुलिया ,टुइलूंग सहरबेड़ा एवं दलमा के तराई में बसे आदि गांव शामिल हैं।



### इएसपी में खराबी से निकल रहा है प्रदूषित धुंआ : कंपनी

प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में पूछे जाने पर बीएसआईएल/ वनराज स्टील के प्रबंधक एसके सिन्हा ने बताया कि इएसपी में तकनीकी खराबी होने की वजह से प्रदूषित धुंआ ज्यादा निकल रहा है, जिसको लेकर कम्पनी भी गंभीरता से अपना कार्य जोर शोर से कर रही है। दस से पंद्रह दिनों में ईएसपी मशीन चालू हो जाएगा।

# मीडिया कप का पहला शतक निकला अभिषेक के बल्ले से, 53 गेंदों में बनाया नाबाद 111 रन का रिकॉर्ड

**मीडिया कप क्रिकेट**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब के तत्वावधान में चल रहे मीडिया कप क्रिकेट में खरकई नाइटराइडर्स और डेयरिंग दोमुहानी ने अपने अपने प्रतिद्वंदियों को हरा दिया। कीनन स्टेडियम में बुधवार को सुबह खेले गए मैच में डेयरिंग दोमुहानी ने हुडको हीरोज को 59 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डेयरिंग दोमुहानी ने 15 ओवर में दो विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विशाल स्कोर में 39 अतिरिक्त रनों का भी योगदान रहा। इसके अलावा ललित ने 50 गेंदों पर 13 चौके की मदद से 79 रनों की धुआंधार पारी खेली। दीपपाल ने 17 गेंदों पर दो चौके की मदद से 22 रन, वसीम ने 20 गेंदों पर पांच चौके दी सहायता से 34 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी हुडको हीरोज की टीम 15 ओवर में चार विकेट पर 118 रन ही बना सकी। कप्तान रत्नेश ने 18 गेंदों पर 21 रन चार चौके की मदद से बनाए। जीतू ने 24 गेंदो पर 19 रन और सुधीर ने 12 गेंदों पर तीन चौके की मदद से 12 रन जोड़े। ललित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।



**खरकई नाइटराडर्स ने 19 रन से जीता मैच:** बुधवार को खेले गए दूसरे मैच में मीडिया कप का पहला शतक अभिषेक के बल्ले से निकला। खरकई नाइटराइडर्स ने 15 ओवर में एक विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। अभिषेक ने 53 गेंदो पर सात चौके और नौ छक्के की मदद से 111 रन बनाए। चाणक्य ने चार चौके की मदद से 27 गेंदों पर 30 रन जोड़े। नवीन ने 12 गेंदों पर दो चौके की मदद से 13 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए डेसिंग दलमा की टीम 15 ओवर नें चार विकेट पर 152 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शुभदर्शी ने 43 गेंदो पर छह चौके की मदद से 68 रन बनाए और अंत तक आउट नहीं हुए। प्रसेनजीत ने 39 गेंदों पर 53 रन जोड़े। जिसमें छह चौके शामिल हैं। उज्ज्वल ने तीन और नवीन ने एक विकेट लिया।

**गुरुवार को मैच**

1. डायनेमिक डिमना बनाम जुबिली जांबाज प्रात - नौ बजे से
2. कालीमाटी सुपरकिंग बनाम सुवर्णरेखा सोल्जर दोपहर 12.45 बजे से (नोट : दोनों मैच गोपाल मैदान पर खेले जाएंगे)

# राजखरसावां रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग की मौत

**राजखरसावां-चक्रधरपुर रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग की क्षतिग्रस्त शव बरामद की गई। यह घटना मंगलवार आधी रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान खरसावां के छोटाआमदा निवासी पूर्ण चंद्र महतो के रूप में हुई।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** राजखरसावां-चक्रधरपुर रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग की क्षतिग्रस्त शव बरामद की गई। यह घटना मंगलवार आधी रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान खरसावां के छोटाआमदा निवासी पूर्ण चंद्र महतो के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार खरसावां की आमदा ओपी क्षेत्र के अंतर्गत छोटाआमदा गांव के निवासी पूर्ण चंद्र महतो (60) मंगलवार को लगभग 8 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। बुधवार को सुबह उसकी क्षतिग्रस्त शव राजखरसावां-चक्रधरपुर रेल मार्ग के डाउनलाइन के संख्या-4 के रेलवे पोल संख्या-291/18 बी एवं 291/20 बी के बीच से बरामद की गई। जीआरपी पुलिस के द्वारा बताया गया कि मृतक पूर्ण चंद्र महतो का शव क्षतिग्रस्त अवस्था मे बरामद किया जा चुका है। जबकि मृतक का सिर गायब है। मृतक के सब की पहचान उनके कपड़ों के द्वारा की गई। मृतक आधी रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा यह संदेहास्पद है। स्थानीय ग्रामीण एवं जीआरपी पुलिस के द्वारा आशंका लगाई जा रही है कि बुजुर्ग की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना के बाद आमदा पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथी मामले की जांच में जुटी है।

# आदित्यपुर के दिन्दली बस्ती में सरकारी भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी रामकृष्ण कुमार के निर्देश पर बुधवार को आदित्यपुर के दिन्दली मौजा में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। बताया गया है कि दिन्दली मौजा स्थित नदी किनारे खाता संख्या 308, प्लॉट संख्या 12 व 13 जो अनाबाद बिहार सरकार की भूमि है और वर्तमान में झारखंड सरकार की भूमि के रूप में चिन्हित है, उसपर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने की नीयत से अवैध रूप से चाहरदीवारी निर्माण कराया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीओ के निर्देशानुसार, गम्हरिया अंचल कार्यालय के सीआई मनोज कुमार सिंह को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कर चाहरदीवारी को तोड़ने का आदेश दिया गया था। उक्त आदेश के आलोक में बुधवार को आदित्यपुर पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी से तोड़ा गया। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सीआई मनोज कुमार सिंह के साथ कर्मचारी राजेश्वर पंडित, अंचल अमीन धनंजय प्रामाणिक, राजकिशोर पंडित के अलावा काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# टाटा स्टील यूआईएसएल व जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच हुआ वेतन समझौता

**- जेडब्ल्यू ग्रेड में न्यूनतम 2600 रू व अधिकतम 4600रू और टी ग्रेड्स में न्यूनतम 3200 रू व अधिकतम 3800 रू का गारंटी लाभ**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन और जुस्को श्रमिक यूनियन (जेएसयू) के बीच आज वेतन समझौते हुआ। यह समझौता 1 जनवरी, 2018 से 31 दिसंबर, 2024 तक सात वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। इस त्रिपक्षीय वेतन समझौते पर टाटा स्टील यूआईएसएल, राजेश प्रसाद, डीएलसी (जमशेदपुर), रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल, और रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष जुस्को श्रमिक यूनियन के द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन टीम के वरिष्ठ सदस्य और जुस्को श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस वेतन समझौते के अनुसार पुराने ग्रेड के लिए न्यूनतम 10.25 प्रतिशत का एमजीबी शामिल है, जबकि नए ग्रेड को जेडब्ल्यू1 से जेडब्ल्यू3 = 2600 रूपये, जेडब्ल्यू4 से जेडब्ल्यू6 = 3600 रूपये और जेएस1 से जेएस4= 4600 रूपये के रूप में न्यूनतम गारंटी लाभ प्राप्त होगा। टी-ग्रेड्स में, टी1 के लिए 3200 रूपये. टी2 के लिए 3500 रूपये और टी3 के लिए 3800 रूपये का न्यूनतम गारंटी लाभ मिलेगा। इसके अलावा टाटा स्टील यूआईएसएल के कर्मचारी बढ़े हुए भत्ते से भी लाभान्वित होंगे, जिसमें व्यक्तिगत भत्ता, वाहन रखरखाव भत्ता, रात्रि पाली भत्ता, एक्टिंग भत्ता, यूटिलिटी भत्ता, मकान किराया भत्ता और शिक्षा सब्सिडी आदि शामिल हैं।



# शहर की जीवन संस्था के सदस्य कौशल वृद्धि के लिए कोलकता सम्मेलन में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की आत्म हत्या निवारण केन्द्र,जीवन संस्था के आठ सदस्यीय टीम कोलकता के लाइफलाइन केन्द्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मित्र भारत के राष्ट्रीय सम्मेलन मे शामिल हुई। जिसमे देश भर के 14 केन्द्रो से 110 सदस्य आये थे। जीवन संस्था द्वारा प्रदत्त विभिन्न सेवाओं के प्रदर्शनी चित्रपट को पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। इस सम्मेलन का मुख्य आकर्षण जैसे क्रमशः मानसिक स्वास्थ्य का आज के दौर मे महत्व, आत्महत्या के संकट के विभिन्न स्तरों से जूझ रहें मानसिक रोगियो को किस मापदण्ड पर भावनात्मक सहयोग प्रदान किया जाना है, पास्को कानून के तहत पीडित बच्चो की सहायता प्रदान करने का एनजीओ के क्या दायित्व एक्ट 309 के तहत मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017, जीवन के अभिभावक संस्था दुनिया भर में दोस्त एवम बेफ्रिडर्स इंडिया के विशेष सेवाओ का दायरा आदि की विस्तार से जानकारी दी गयी। इस संबंध में जीवन संस्था की उप-निदेशक दुर्गा राव ने बताया कि इस सम्मेलन का हर सत्र अत्यधिक ग्यान वर्धक, कौशल वर्धक रहा। जीवन संस्था बिष्टुपुर कार्यालय का नंबर 9297777500 एवं 9297777499 हैं, जो 365 दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहता हैं।



# उप प्रमुख जनता की समस्या को लेकर पहुंचे उपायुक्त की जनता दरबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** सरायकेला जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त अरवा राजकमल ने सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज गांव शहर से आए लगभग 50-60 फरियादियों क्री समस्याओं से अवगत हुए। वही आज एक ऐसा मामला देखने मिला कि संवैधानिक पद पर रहने के बाबजूद गम्हरिया प्रखंड के उप प्रमुख अपने जनता की समस्या को लेकर पहुंचे जनता दरबार, उपयुक्त अरवाराज कमल ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए कारवाई करने का अस्वासन दिया। जानकारी हो कि गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के जीबनपुर गांव के खाता नं0 90, प्लोट नं0. 504, 497, 498, 505, 649, 650, 551, 652, 653, 654, 655 एवं खाता नं0 91 प्लोट नं0. 499, 500, 501, 502, 503 जो सरकारी सम्पति है, उसमें अवैध रूप 26-27 साल से ईट्टा भट्ठा 20 से 22 एकड़ सरकारी जमीन में चला रहे है। इस संबंध में इस गांव के जनता कई बार भवदीय एवं उससे संबंधित पदाधिकारीगणों को पत्र लिखे थे, मगर अभी तक इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है और वर्तमान में भी ईट्टा भट्ठा चल रहा है। उक्त ईट्टा भट्ठा चलने से लोगों को काफी दिक्कतो की सामना करना पड़ रहा है। इधर-उधर के खेतो से मिट्टी की कटाई कर अपने ईट भट्ठों के काम लगा देता है एवं आदिवासियों के शमशान घाट को भी समतल कर दिया गया है। इसका विरोध करने से गांव के गरीब लोगों को धमकी देता है।



## संपादकीय

# अडानी को लेकर हंगामा है क्यों बरपा

बाजार से लेकर संसद तक भारत के प्रमुख व्यवसायी गौतम अडानी और उनके समूह को लेकर हंगामा मचा हुआ है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि इस हंगामे का आधार अमेरिका स्थित हिंडेनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट है, जिसमें अडानी समूह पर अनेक आरोप लगाए गए हैं। यह रिपोर्ट 24 जनवरी को जारी हुई लेकिन इसको लेकर हंगामा खड़ा हुआ 26 जनवरी से। दो दिन तक इस रिपोर्ट पर किसी ने ध्यान नहीं दिया लेकिन अचानक से कुछ मीडिया समूहों ने इस रिपोर्ट की चर्चा शुरू की तो उसके बाद अडानी समूह को लेकर एक नकारात्मक वातावरण बनाया जाने लगा और इस काम में एक विशेष वर्ग के बुद्धिजीवी, पत्रकार और एक्टिविस्ट सक्रिय हो गए। इस कारण भी आम लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ कि हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट सही है या फिर किसी साजिश के अंतर्गत यह खेल खेला जा रहा है। इस विमर्श का असर यह हुआ कि अडानी समूह के शेयर तेजी से गिरने लगे। गौतम अडानी ने स्वयं आगे आकर हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर सफाई दी। यह भी कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, वह सब बातें पहले से सार्वजनिक हैं। अडानी समूह ने कभी कुछ भी छिपाया नहीं। इसी बीच अडानी समूह ने अपने एफपीओ को वापस ले लिया। इस पर भी अडानी ने सफाई दी कि उनके लिए निवेशकों का हित सर्वोपरि है। इसलिए फिलहाल वे एफपीओ वापस ले रहे हैं। अडानी समूह के एफपीओ में बड़े कारोबारी समूहों ने विश्वास दिखाया था। इस मुद्दे पर अब राजनीति शुरू हो गई है। यह तो सभी को ध्यान ही है कि भारत के व्यवसाई अंबानी–अडानी कांग्रेस के निशाने पर रहते हैं। कांग्रेस के शीर्ष नेता लगातार अंबानी–अडानी पर तीखे हमले बोलते हैं। यही कारण है कि अडानी समूह के खिलाफ आई इस रिपोर्ट को कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों सहित कुछ विपक्षी दल भारत सरकार के विरुद्ध हथियार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अडानी समूह में निवेश करने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी कांग्रेस ने निशाने पर लिया है। अलग–अलग राज्यों में कांग्रेस ने इनके कार्यालयों पर प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही संसद में भी हंगामा किया जा रहा है। जिस तरह से संसद को बाधित किया जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्षी दलों की मांग है कि अडानी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाए। पिछले कुछ समय से एक ऐसा क्रम बन गया है कि जैसे ही संसद का सत्र शुरू होता है, उससे ठीक पहले किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा कोई समाचार या रिपोर्ट उजागर की जाती है और उस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस–कम्युनिस्ट सहित उनकी सहयोगी पार्टियां एवं संस्थाएं सड़क से संसद तक हंगामा खड़ा करती हैं। इस बार भी यही हुआ, बजट सत्र से ठीक पहले एक नए मुद्दे को लेकर संसद में हंगामा किया जा रहा है। यह जो क्रम है, उससे भी आम आदमी को हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट और विपक्ष की नीयत पर संदेह है। संसद के काम को ठप करना एक तरह से जनता का नुकसान है। कांग्रेस को चाहिए कि वह संसद की कार्यवाही को चलाने में सहयोग करे और अपने प्रश्नों को संसद में उठाए। अडानी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की आवश्यकता है या नहीं, यह संसद में चर्चा के बाद तय होना चाहिए। कांग्रेस सरकार पर चुप्पी का आरोप लगा रही है लेकिन ऐसा नहीं है, सरकार और संबंधित संस्थाएं पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही भी शुरू कर दी है। इस पूरे प्रकरण की वस्तुस्थिति को समझने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) सक्रिय हो गई हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी स्पष्ट किया है कि ये नियामक संस्थाएं अपना काम करेंगी। सरकारी नियंत्रण से मुक्त इन संस्थाओं पर भरोसा करना चाहिए। रिजर्व बैंक ने अडानी समूह को दिए गए कर्ज के बारे में बैंकों से जानकारी मांगी है। वहीं, सेबी ने भी कहा है कि वह इस मामले की पूरी जांच और समुचित कार्यवाही करेगी। फिलहाल हवा–हवाई आरोपों को नकारते हुए रिजर्व बैंक ने इस संदेह को खारिज कर दिया है कि इस मामले से देश की बैंकिंग प्रणाली पर गंभीर असर होगा। एक तरफ भारतीय व्यवसाई समूहों के प्रति दुराग्रह रखने वाली ताकतों के आरोप हैं और दूसरी ओर आर्थिक मामलों की जानकार संस्थाओं के मत। उचित होगा कि हम बाहरी संस्थाओं के प्रारंभिक आरोपों के आधार पर ही अपने देश के व्यवसायियों को लेकर नकारात्मक वातावरण बनाने की जगह जिम्मेदार संस्थाओं की जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करें। स्मरण रखें कि हिंडेनबर्ग रिसर्च भी सवालों से परे नहीं है, उसके कामकाज के तरीके भी संदेहास्पद हैं।


अडानी समूह के एफपीओ में बड़े कारोबारी समूहों ने विश्वास दिखाया था। इस मुद्दे पर अब राजनीति शुरू हो गई है। यह तो सभी को ध्यान ही है कि भारत के व्यवसाई अंबानी–अडानी कांग्रेस के निशाने पर रहते हैं। कांग्रेस के शीर्ष नेता लगातार अंबानी–अडानी पर तीखे हमले बोलते हैं। यही कारण है कि अडानी समूह के खिलाफ आई इस रिपोर्ट को कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों सहित कुछ विपक्षी दल भारत सरकार के विरुद्ध हथियार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अडानी समूह में निवेश करने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी कांग्रेस ने निशाने पर लिया है।अलग–अलग राज्यों में कांग्रेस ने इनके कार्यालयों पर प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही संसद में भी हंगामा किया जा रहा है। जिस तरह से संसद को बाधति किया जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्षी दलों की मांग है कि अडानी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाए। पिछले कुछ समय से एक ऐसा क्रम बन गया है कि जैसे ही संसद का सत्र शुरू होता है, उससे ठीक पहले किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा कोई समाचार या रिपोर्ट उजागर की जाती है और उस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस–कम्युनिस्ट सहित उनकी सहयोगी पार्टियां एवं संस्थाएं सड़क से संसद तक हंगामा खड़ा करती हैं। इस बार भी यही हुआ, बजट सत्र से ठीक पहले एक नए मुद्दे को लेकर संसद में हंगामा किया जा रहा है। यह जो क्रम है, उससे भी आम आदमी को हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट और विपक्ष की नीयत पर संदेह है।


## बोध कथा

# सत्कर्म का परिणाम

कर्म केवल इन्द्रियों से नहीं, मन और भावनाओं से भी होता है। कर्म जीवन का एक व्यवहार भी है। जब तुम्हारे कर्म सकारात्मक होते हैं तब वे सेवा का, कर्तव्य का रूप लेते हैं। जब सिकंदर भारत आया और पौरस के साथ उसका युद्ध हुआ, तो एक दिन शाम के समय उसने देखा कि दोनों तरफ के सैनिक मैदान में घायल पड़े हैं और एक कृशकाय व्यक्ति सैनिकों के पास जाकर उनका उपचार कर रहा है।वह व्यक्ति यूनानी नहीं, भारतीय था, फिर भी वह केवल भारतीय सैनिकों का ही नहीं, यूनानियों का भी उपचार कर रहा था। जब सिकंदर ने यह दृश्य देखा तो उस व्यक्ति को बुलाकर पूछा, ₹तुम यह क्या कर रहे हो ? हम तो तुम्हारे देश के शत्रु हैं, तुम शत्रु का उपचार क्यों करते हो ? उस व्यक्ति ने कहा, ₹ मैं एक चिकित्सक हूँ और मेरे लिये न कोई मित्र है, न कोई शत्रु ! जो भी घायल है वह मेरे लिये मरीज है, और मेरा कर्त्तव्य है उसका उपचार करना। मरीज चाहे कोई भी हो, उसका इलाज करना ही मेरा कर्त्तव्य है। सिकंदर ने जब उस व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने कहा, 'थेरावान।' सिकंदर ने थेरावान से कहा, ₹तुम्हारे कर्म ने मेरे ह्रदय को परिवर्तित कर दिया है। आज से मेरे देश में चिकित्सा तुम्हारे नाम से जानी जायेगी।₹ और यूनान में चिकित्सा का नाम पड़ा थेरेपी, उस कृशकाय चिकित्सक, थेरावान के नाम पर। अगर वह अपने ही सैनिकों का उपचार करता और घायल शत्रु सैनिकों को मरने देता तो संभवतः आज उसका नाम थेरेपी के रूप में विश्व में प्रसिद्ध नहीं होता। लेकिन यह उसके कर्मों का परिणाम था कि एक क्रूर सम्राट का ह्रदय परिवर्तन हुआ और उस क्रूर सम्राट् ने एक अज्ञात व्यक्ति को सम्मानित किया । यह अच्छे कर्म का परिणाम है। इसलिये हमारी वैदिक और यौगिक संस्कृति में यह कहा जाता है कि तुम्हारे द्वारा जो भी कर्म होते हैं, उनसे हमेशा, हमेशा, हमेशा दूसरों का हित, कल्याण एवं मंगल होना चाहिये। जिस कर्म के द्वारा दूसरे का कल्याण नहीं होता, वह कर्म तुम्हें पतन की ओर, नरक की ओर ले जाता है, और जिस कर्म से तुम्हारा भी और दूसरों का भी कल्याण होता है, वह कर्म तुम्हें ईश्वरत्व की ओर, दिव्यता की ओर ले जाता है।

## आयकर दाताओं द्वारा की जा रही बचत पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है

# गांव और मध्यम वर्ग का बजट

डा. अश्वनी


पिछले कुछ समय से सरकार का जोर पर्यटन पर है। इस बजट में कनैक्टिविटी बढ़ाने के साथ–साथ इस क्षेत्र में स्वरोजगार, कौशल निर्माण समेत कई प्रावधान बजट में हैं। हालांकि अपेक्षा की जा रही थी कि इस बजट में मैन्युफैक्चरिंग पर ज़ोर रहेगा, बजट में उसके लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं दिख रहे। आज देश चीन से भारी आयातों और उस कारण बढ़ते व्यापार घाटे की त्रासदी से गुजर रहा है। उससे बचने का कोई ख़ास उपाय इस बजट में नहीं दिखता है। 2022–23 वर्ष के संशोधति अनुमानों के अनुसार कुल खर्च लगभग 42 लाख करोड़ रुपए रहेगा। उसकी तुलना में इस साल लगभग 45 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है, यानी मात्र 7 प्रतिशत की वृद्धि। शायद राजकोषीय घाटे को 5 .9 प्रतिशत तक सीमित करने के उद्देश्य से खर्च को सीमित किया गया है।


अमृत काल का पहला और मोदी सरकार-2 का आखिरी संपूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2023 को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया। उम्मीद के मुताबिक मध्यम वर्ग के लिए आयकर (नई कर प्रणाली में) घटाया गया है, जिसका कुल राजस्व पर असर 37 हजार करोड़ रुपए होगा। गौरतलब है कि नई आयकर प्रणाली से आयकर रिटर्न भरना आसान हो जाएगा, लेकिन इसका आयकर दाताओं द्वारा की जा रही बचत पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। आज के दौर में जहां जीएसटी बजट की परिधि से बाहर हो चुका है, कारपोरेट टैक्स में भी कोई खास कमी या वृद्धि की संभावना नहीं है, लेकिन आर्थिक विश्लेषकों की नजर सरकारी खर्च के आवंटन पर ज़्यादा होती है। वास्तव में सरकारी खर्च का आवंटन ही सरकार की नीतियों का दर्पण है। उस दृष्टि से विचार करें तो ध्यान में आता है कि इस बार के बजट में सरकार का ध्यान इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रामीण विकास, पर्यावरणीय अनुकूल ग्रोथ, शिक्षा, डिजिटलीकरण पर ज्यादा दिखाई देता है। मोटे अनाजों को प्रोत्साहन, कृषि ऋ्रण, मत्स्य पालन, सहकारिता इत्यादि इस बजट के प्रमुख आकर्षण हैं। बहुआयामी प्राथमिक कृषि ऋ्रण सहकारी समितियों को बढ़ावा देते हुए डेयरी, मत्स्य क्षेत्र को बढ़ावा देने की बात बजट में शामिल है। कृषि ऋ्रण का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रखा गया है। यह सभी कृषि एवं सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। ग्रामीण क्षेत्रों को आकांक्षी जिला और नई घोषणा के अनुसार आकांक्षी ब्लॉक योजना से भी ग्रामीण विकास को मदद मिलेगी। सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए जल की व्यवस्था का लाभ भी कृषि को मिलेगा। पिछले वर्ष के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए पूंजीगत व्यय का हिस्सा बजट में 13.7 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है, जो जीडीपी का 4.5 प्रतिशत है। इसका लाभ इंफ्रास्ट्रक्चर समेत अन्यान्य प्रकार के क्षेत्रों को मिलेगा। 2.40 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय रेलवे के लिए, 7500 करोड़ रुपए लॉजिस्टिक्स समेत विभिन्न प्रकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का प्रावधान इस बजट को खास बनाता है। इतना पूंजीगत व्यय, मात्रा की दृष्टि से ही नहीं,



हालांकि अपेक्षा की जा रही थी कि इस बजट में मैन्युफैक्चरिंग पर ज़ोर रहेगा, बजट में उसके लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं दिख रहे। आज देश चीन से भारी आयातों और उस कारण बढ़ते व्यापार घाटे की त्रासदी से गुजर रहा है। उससे बचने का कोई ख़ास उपाय इस बजट में नहीं दिखता है। 2022-23 वर्ष के संशोधित अनुमानों के अनुसार कुल खर्च लगभग 42 लाख करोड़ रुपए रहेगा। उसकी तुलना में इस साल लगभग 45 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है, यानी मात्र 7 प्रतिशत की वृद्धि। शायद राजकोषीय घाटे को 5.9 प्रतिशत तक सीमित करने के उद्देश्य से खर्च को सीमित किया गया है। लेकिन अच्छी बात यह है कि पूंजीगत व्यय में कटौती की बजाय वृद्धि ही हुई है। फिलहाल बजट से देश के नौकरीपेशा, मेहनतकश और मध्यम वर्ग गदगद हो सकते हैं। उसका विश्लेषण आगे करेंगे, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था की हकीकत 'आर्थिक सर्वेक्षण' और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आकलन से स्पष्ट है कि 2023-24 में जीडीपी की विकास दर 6-6.8 फीसदी के बीच रहेगी। आईएमएफ ने भी हमारी विकास दर 6.1 फीसदी आंकते हुए आकलन किया है कि भारत विश्व में सबसे तेज़ बढ़ती अर्थव्यवस्था होगी। 'आर्थिक सर्वेक्षण' में चालू वित्त वर्ष की विकास दर 7 फीसदी अनुमानित है। अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि यदि बीते चार साल का हिसाब देखा जाए, तो जीडीपी में बढ़ोतरी 3.2 फीसदी सालाना की दर से हुई है। चिंतित तथ्य यह है कि 2019-20 में, कोरोना महामारी से पहले, भी विकास दर 3.7 फीसदी थी। बजट को समझने से पहले यह जानना अनिवार्य है कि महंगाई दर 6.8 फीसदी और बेरोजगारी दर 7.2 फीसदी रही। यानी तय हदबंदियों से अधिक है। 'नेशनल करियर सर्विस पोर्टल' से स्पष्ट है कि जनवरी, 2023 तक 2.75 करोड़ से अधिक बेरोजग़ारों को नौकरी चाहिए। यह आंकड़ा 3.5 करोड़ भी बताया जाता है। बहरहाल महंगाई, बेरोजग़ारी, कम उत्पादन, कम निर्यात, कृषि और गरीबी आदि गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें बजट में संबोधित किया गया है। वित्त मंत्री ने अपने 5वें बजट में सबसे बड़ी, उत्पादक, समावेशी, प्रगतिशील और मेहनतकश, नौकरीपेशा वर्ग से जुड़ी यह घोषणा की है कि अब 7 लाख रुपए तक कोई आयकर नहीं देना होगा। इस दायरे को एकदम 2 लाख रुपए बढ़ाया गया है। आम करदाता को 33,800 रुपए का सीधा फायदा होगा। इसी के मद्देनजर माना जा रहा है कि यह 45 करोड़ लोगों के मध्यम वर्ग का बजट है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसे एक और ताकतवर वर्ग माना है, लेकिन तथ्य यह भी है कि देश में 8 करोड़ से कुछ ज्यादा लोग ही आयकर रिटर्न भरते हैं, लेकिन औसतन 1.5 से 2 करोड़ भारतीय ही आयकर का भुगतान करते हैं। लिहाजा इसका व्यापक असर नहीं होगा, क्योंकि 98 फीसदी नागरिक पहले भी आयकर नहीं देते थे और अब तो कर का दायरा ही बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है। इस व्यवस्था का देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि मध्यम वर्ग की परिधि में बड़ी आबादी आती है, बेशक वह करदाता नहीं है, लेकिन वह उपभोक्ता जरूर है, लिहाजा आम मांग और खपत बढ़ेगी। क्रयशक्ति में विस्तार होगा। जीएसटी संग्रह भी बढ़ेगा और अंततः अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल बजट का फोकस किसान, कृषि, गरीब, सूक्ष्म-लघु उद्योग, युवा शक्ति, स्टार्टअप, महिलाओं आदि पर ज्यादा रहा है। किसानों के लिए 20 लाख करोड़ रुपए की ऋ्रण योजना तैयार की गई है, तो प्राकृतिक खेती के लिए 1 करोड़ किसानों की आर्थिक मदद और प्रोत्साहन, सूक्ष्म-लघु उद्योगों के लिए 2 लाख करोड़ के अतिरिक्त व्यय का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर बजट अच्छा और समावेशी है। एकदम चुनावी और लोकलुभावन नहीं है।

# भूकंपः प्रलय-विनाश का पर्याय

## भारत सहित विश्व के कई देश झेल रहे हैं भूकंप रूपी सुनामी का दंश



रविन्द्र उपाध्याय
संपादक
प्रभात मंत्र

दुनिया प्राकृतिक आपदा से बेहाल है। बाढ़, सुखाड़, चक्रवात और भूकंप रूपी सुनामी से विश्व के कई देश जूझ रहे हैं। यह आपदा ऐसा प्रलयकारी,विनाशकारी है कि हजारों-लाखों लोग क्षण भर में काल कलवित हो जा रहे हैं। अभी तुर्की व सीरिया समेत चार देशों में भूकंप ने भीषण तबाही मचाई। इस भूकंप ने हजारों लोगों को अपना ग्रास बनाया। तुर्किये में आया भूकंप 18 किलोमीटर की गहराई में था, जिसका केंद्र सीरिया की उत्तरी सीमा के पास दक्षिणी तुर्किये था। शुरुआती भूकंप के बाद आये कई झटकों ने दोनों देशों को हिलाकर रख दिया। भूकंप का असर लेबनान और इस्राइल पर भी पड़ा और इसका केंद्र गजियांतेप से करीब 33 किलोमीटर दूर था। यह सीरियाई सीमा से करीब 90 किलोमीटर दूर उत्तर में है। भूकंप के बाद करीब 20 झटके महसूस किए गए, जिनमें से सबसे शक्तिशाली झटका 6.6 तीव्रता का था। तुर्किये दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंप क्षेत्रों में से एक है। देश के तीन अलग-अलग टेक्टोनिक प्लेटों के मध्य स्थित होने के कारण यहां बार-बार भूकंप आते हैं। अधिकांश तुर्किये एनाटोलियन टेक्टोनिक प्लेट पर स्थित है। टेक्टोनिक प्लेट जिसे लिथोस्फेरिक प्लेट भी कहा जाता है, ठोस चट्टान का एक विशाल टुकड़ा होता है। बता दें कि अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण तुर्किये ने पिछली शताब्दी में भी बार-बार बड़े भूकंप के झटके झेले हैं। दिसंबर 1939 में, पूर्वी तुर्किये में एरजीकन शहर के पास 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 30,000 से अधिक लोग मारे गए थे। बाद के दशकों में कई और भूकंप आए, जिनमें पूर्वी वान प्रांत में 1976 काल्डिरन-मुरादिये भूकंप भी शामिल है। इसके कारण 4,000 से अधिक मौतें हुईं थीं। 1939 की आपदा के बाद से अब तक का सबसे घातक भूकंप अगस्त 1999 में आया था, जब 7.4 तीव्रता का भूकंप पश्चिमी शहर इजमित में मारारा के क्षेत्र में आया था। इस आपदा में 17000 से अधिक लोग मारे गए थे और 43000 से अधिक घायल हुए थे। जनवरी 2020 में तुर्की में एक और बड़ा भूकंप आया था। 6.7 तीव्रता वाले इस भूकंप ने देश के पूर्वी हिस्से में बड़ी क्षति पहुंचाई थी। वैश्विक लेबल पर तुर्की और सीरिया के अलावे भी कई ऐसे देश है जहां भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। दुनिया में सबसे ज्?यादा भूकंप इं?डो?नेशिया में आते हैं। इसके अलावा जावा और सुमात्रा भी इसी इलाके में आते हैं। प्रशांत महासागर के किनारे स्थित यह इलाका दुनिया का सबसे खतरनाक भू-भाग कहलाता है। वर्ष 2004 में यहां आए भूकंप ने सुनामी को जन्म दिया था। जिसका बहुत बुरा असर सुमात्रा पर हुआ था। इसे दुनिया के जाने हुए इतिहास की सबसे खतरनाक प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है। इसका असर 14 देशों पर पड़ा था। इस सुनामी का बड़ा शिकार इंडोनेशिया भी बना था. जहां इस सुनामी के बाद इंडोनेशिया में 1 लाख 68 हज़ार लोगों की मौत हो गई थी। भूकंप के लिहाज से जापान भी बेहद संवेदनशील देश है। इसका कारण है, यहां मिलने वाली धरती की सबसे अशांत टेक्टोनिक प्लेट्स। ये प्लेटें एक अभिकेंद्रित सीमा बनाती हैं। जिसके कारण ये क्षेत्र दुनिया के सर्वाधिक भूकंपों का केन्द्र बन जाता है। जापान में हर साल छोटे-बड़े करीब एक हजार भूकंप आते हैं। अगर हम भूकंप के इतिहास की बात करें तो पृथ्वी पर अब तक का सबसे ज्यादा तीव्रता वाला भूकंप साल 1960 में चिली में आया था। इस भूकंप की तीव्रता 9.5 मापी गई थी। इसे अब तक का सबसे बड़ा भूकंप माना जाता है। इससे उठी सुनामी लहरों ने चिली समेत जापान, फिलिपिंस, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया तक में तबाही मचाई थी। मौतों के हिसाब से अब तक का सबसे विनाशकारी भूकंप चीन के शांक्सी में साल 1556 में आया था, जिसमें करीब 8.50 लाख लोगों की मौत हुई थी। इधर भारत का भी भूकंप से गहरा नाता रहा है। देश में अबतक सबसे ज्?यादा भूकंप आने की बात करें तो यह हिमालय पर्वत और इसके आसपास का इलाका है. जानकारी के अनुसार करीब चार करोड़ वर्ष पहले यूरेशियाई प्लेट से टकराने के कारण हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ था। हिमालय और आसपास के क्षेत्र में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। भारत भी भूकंप का केंद्र बनता जा रहा है। भूकंप का खतरा देश में हर जगह अलग-अलग है और इसी खतरे के हिसाब से देश को कई जोन में बांटा गया है। पहले जोन में आने वाले इलाके को भूकंप से कोई खतरा नहीं है। इस जोन में पश्चिमी मध्यप्रदेश, पूर्वी महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और उड़ीसा के कुछ हिस्से आते हैं। इन इलाकों में भूकंप के खतरे सबसे कम होते हैं। भूकंप के जोन-2 में राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु का कुछ हुआ हिस्सा आता है। जोन 3 में केरल, गोवा, लक्षद्वीप समूह, उत्तर प्रदेश और हरियाणा का कुछ हिस्सा, गुजरात और पंजाब के हिस्से, पश्चिम बंगाल का कुछ इलाका, पश्चिमी राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार का कुछ इलाका, झारखंड का उत्तरी हिस्सा और छत्तीसगढ़ कुछ इलाका आता है. महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक का भी कुछ हिस्सा है. जोन 4 में जम्मू और कश्मीर का हिस्सा, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड का कुछ इलाका आता है. इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, सिक्किम, उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्से, बिहार और पश्चिम बंगाल का छोटा हिस्सा, गुजरात, पश्चिमी तट के पास महाराष्ट्र का कुछ हिस्सा और पश्चिमी राजस्थान का छोटा हिस्सा इस जोन में आता है. सबसे खतरनाक जोन 5 में जम्मू और कश्मीर का हिस्सा , हिमाचल का पश्चिमी हिस्सा, उत्तराखंड का पूर्वी इलाका, गुजरात का कच्छ, उत्तरी बिहार का हिस्सा, भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्य, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है।पांचवें जोन में देश की पूरी जमीन का 11त्न हिस्सा है. चौथे जोन में 18त्न और तीसरे-दूसरे जोन में 30त्न. सबसे अधिक खतरा जोन 4 और 5 वाले राज्यों को है. भारत में इंडियन टेक्टोनिक प्लेट और तिब्बतन प्लेट आपस में टकराती है तो भूकंप आता है. इससे 2400 किलोमीटर के इलाके में सबसे ज्यादा खतरा है। देश में 1897 में शिलॉन्ग पठार पर 8.1 तीव्रता का भूकंप आया था. इसी तरह 1905 में कांगड़ा में 7.8 तीव्रता का, 1934 व 2015 में बिहार-नेपाल बॉर्डर पर 8.3 तीव्रता का, अरुणाचल-चीन सीमा पर 1950 में 8.5 तीव्रता का और 2001 में भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। क्योंकि इन इलाकों के करीब ही दो महाद्वीपों की टेक्टोनिक प्लेट मिलती है. भारत में आए कई भूकंप विनाशकारी साबित हुए हैं। 26 जनवरी 2001 को गुजरात के भुज में आया भूकंप विनाशकारी था। इसकी तीव्रता 7.7 मापी गई थी. इससे पूरा शहर मलबे के ढेर में तब्दील हो गया था। कच्छ और भुज में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 1.5 लाख से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे. इसी तरह साल 1993 को महाराष्ट्र के लातूर नामक स्थान पर आए भूकम्प में 28,000 लोगों के मरने का अनुमान लगाया गया था। इसके प्रभाव को 12 किलोमीटर तक महसूस किया गया था। भारत भी बरसों से भूकंप की त्रासदी झेल रहा है। भूगर्भ वैज्ञानिकों के अनुसार टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होने से भूकंप आता है। इसके अलावा उल्का प्रभाव और ज्वालामुखी विस्फोट, माइन टेस्टिंग और न्यूक्लियर टेस्टिंग की वजह से भी भूकंप आते हैं।धरती की ऊपरी सतह टेक्टोनिक प्लेटों से मिल कर बनी है। जहां भी ये प्लेटें एक दूसरे से टकराती हैं वहां भूकंप का खतरा पैदा हो जाता है। भूकंप तब आता है जब इन प्लेट्स एक दूसरे के क्षेत्र में घुसने की कोशिश करती हैं।प्लेट्स एक दूसरे से रगड़ खाती है और उससे अपार ऊर्जा निकलती है। उस घर्षण या फ्रिक्शन से ऊपर की धरती डोलने लगती है। कई बार धरती फट तक जाती है। कई बार हफ्तों तो कई बार कई महीनों तक ये ऊर्जा रह-रहकर बाहर निकलती है। किसी भी क्षेत्र में आए भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। 0 से 1.9 रिक्टर स्केल पर सिर्फ सिस्मोग्राफ से ही पता चलता है। 2 से 2.9 रिक्टर स्केल पर हल्का कंपन होता है। 3 से 3.9 रिक्टर स्केल पर किसी भी व्यक्ति को कंपन का अहसास होता है। 4 से 4.9 रिक्टर स्केल पर खिड़कियां टूट सकती जाती है, दीवारों पर टंगे फ्रेम गिर जाते हैं। 5 से 5.9 रिक्टर स्केल पर फर्नीचर हिल जाता है। 6 से 6.9 रिक्टर स्केल पर इमारतों की नींव दरक सकती है। 7 से 7.9 रिक्टर स्केल पर इमारतें गिर जाती हैं, जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। 8 से 8.9 रिक्टर स्केल पर इमारतों सहित बड़े पुल गिर जाते हैं। 9 और उससे ज्यादा रिक्टर स्केल पर पूरी तबाही होती है। रिक्टर स्केल पर 5-5.9 के भूकंप मध्यम दर्जे के होते हैं और प्रतिवर्ष 800 झटके लगते हैं। 6-6.9 तीव्रता तक के भूकंप बड़े माने जाते हैं और साल में 120 बार आते हैं। 7-7.9 तीव्रता के भूकंप साल में 18 बार आते हैं। 8-8.9 तीव्रता के भूकंप साल में एक बार आ सकता है, वहीं 9 से बड़े भूकंप 20 साल में एक बार आने की आशंका रहती है। यह अचानक आने वाला प्राकृतिक विपदा है जो सेकेंडों में धरती पर हलचल पैदा कर विनाश का रूप ले लेता है।

## देश दुनीया से

# विवाह की उम्र और कानून

पहला राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग द्वारा लड़कियों के विवाह की उम्र को अट्ठारह वर्ष से बढ़ा कर इक्कीस वर्ष किए जाने की और दूसरे सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा सहमति से संबंध की उम्र को अठारह से घटा कर सोलह वर्ष किए जाने की। अब सोचना यह है कि अगर संसद विवाह की उम्र को बढ़ाकर इक्कीस वर्ष भी कर देती है तो इसका प्रभाव उसी पर होगा, जो विवाह जैसी संस्था पर भरोसा करता है। एक तरफ यौन स्वातंत्र्य को निजता का अधिकार माना जाता है, तो दूसरी तरफ उम्र के आधार पर अंतरराष्ट्रीय मानकों से अलग हट कर कानून बनाए जाते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि सहमति से संबंध, विवाह की उम्र और पक्षकारों के वैयक्तिक अधिकारों के विवाद पर गहन विमर्श और यथासंभव विवादित मुद्दों के निस्तारण का प्रयास किया जाए। भारतीय दंड संहिता में सहमति की उम्र, बलात्संग के प्रावधान, बच्चों को लैंगिक अपराध से संरक्षण, बाल विवाह निरोधक कानून और वैयक्तिक विधियों की स्थिति प्रमुख हो जाती है। फिलहाल, लड़कियों के विवाह की उम्र अट्ठारह वर्ष से बढ़ा कर इक्कीस वर्ष करने का विधेयक प्रस्तावित है। किशोर न्याय देखभाल और संरक्षण अधिनियम में बलात्संग जैसे अपराधों में लिप्त सोलह से अठारह वर्ष के बच्चों की मानसिक परिपक्वता का निर्धारण करने और तदनुसार उनके साथ दंड विधान का प्रयोग करने की बात कही गई है। न्यायपालिका द्वारा समय-समय पर ऐसे निर्णय दिए जाते रहे हैं, जो कभी अत्यधिक प्रगतिशील माने जाते हैं, तो कभी रूढ़िवादी मानसिकता के पोषक। एक तरफ विवाह के अधिकार को व्यक्ति का मौलिक अधिकार बताया गया है, तो दूसरी तरफ उम्र के विवादित होने पर कानूनी निपटारे का प्रावधान भी किया गया है। विवाह जैसी संस्था, चाहे इसे हिंदू विधि के तहत संस्कार माना जा रहा हो, चाहे मुसलिम विधि के तहत संविदा, इसकी चूलें हिल रही हैं और वयस्कों के बीच सहजीवन सामान्य जीवन शैली होती जा रही है। ऐसे में महज उम्र का मापदंड अपराध निर्धारण के लिए संपूर्ण सत्य नहीं माना जा सकता। न्यायालय में जब भी उम्र के निर्धारण का प्रश्न उठा है, इस बात की पुरजोर वकालत की गई है कि किसी भी व्यक्ति को उम्र के आधार पर कानूनों के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। मगर विवाद की किसी भी स्थित में अमूमन दो वर्ष का लाभ पक्षकार बच्चे को मिलता है। ऐसे में जब हम 'इंडिपेंडेंट थाट बनाम भारत संघ' के मामले में 2017 में न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर द्वारा दिए निर्णय को देखते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे सामने आया प्रश्न काफी सार्वजनिक महत्त्व का है कि क्या एक पुरुष और उसकी पत्नी के बीच- पंद्रह से अठारह साल की उम्र की लड़की होने के संबंध में- यौन संबंध बलात्कार है ? भारतीय दंड संहिता में इसका उत्तर नकारात्मक है, मगर हमारी राय में अठारह साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बलात्कार है, चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। ऐसा लगता है कि तभी से वैवाहिक बलात्संग का प्रश्न अपने उत्तर तलाश रहा है। दूसरी तरफ बाल विवाह निरोधक कानून अठारह वर्ष से कम उम्र के विवाह को शून्य घोषित करता है, पर ऐसे विवाह से भी अगर कोई संतान उत्पन्न हो जाती है, तो फैक्टम वैलेट के सिद्धांत के तहत ऐसी संतान को जायज मानते हुए उसे समस्त अधिकार प्रदान किए जाते हैं। इस संदर्भ में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले को देखें, जहां एक सत्रह वर्ष की अवयस्क मुसलिम लड़की ने प्रेम में पड़ कर मुसलिम विधि के अनुसार विवाह किया, पर अपने माता-पिता द्वारा प्रताड़ति की जा रही थी। उसने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई, तब न्यायालय ने न सिर्फ उसे सुरक्षा प्रदान करने की अनुशंसा की, बल्कि यह भी कहा कि वह चाहे तो अपने पति के साथ रह सकती है। पर न्यायालय ने यह भी कहा कि इस आधार पर आगे के मामले निर्णीत न किए जाएं। उधर इस निर्णय के दो ही महीने बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने नाबालिग मुसलिम लड़की से शादी करने वाले व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए इस तर्क को खारिज कर दिया कि एक नाबालिग मुसलिम लड़की का यौवन या पंद्रह वर्ष की आयु प्राप्त करने पर विवाह, बाल विवाह निषेध अधिनियम का उल्लंघन नहीं करेगा।


एक तरफ यौन स्वातंत्र्य को निजता का अधिकार माना जाता है, तो दूसरी तरफ उम्र के आधार पर अंतरराष्ट्रीय मानकों से अलग हट कर कानून बनाए जाते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि सहमति से संबंध, विवाह की उम्र और पक्षकारों के वैयक्तिक अधिकारों के विवाद पर गहन विमर्श और यथासंभव विवादित मुद्दों के निस्तारण का प्रयास किया जाए। भारतीय दंड संहिता में सहमति की उम्र, बलात्संग के प्रावधान, बच्चों को लैंगिक अपराध से संरक्षण, बाल विवाह निरोधक कानून और वैयक्तिक विधियों की स्थिति प्रमुख हो जाती है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सुनीता देवी हत्या मामले में चार अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार पुलिस ने बालूमाथ थाना अन्तर्गत मासियातु ग्राम में गुरुवार की रात हुए सुनिता देवी पति प्रमोद प्रसाद साव हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल चार यूवकों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त चाकू समेत अन्य सामान बरामद किए हैं। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि महिला को बहुत ही जघन्य तरीके से मारा गया था। घटना का मुख्य उद्देश्य जनरल स्टोर में उपलब्ध पैसे को लूटना था। लेकिन महिला ने कुछ अपराधियों को पहचान लिया था। इसलिए आरोपियों ने महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। एसपी ने आगे बताया कि आरोपी मृत महिला का मोबाइल भी साथ ले गए थे। उसे भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मो. रहमत आलम,, सा. मासियातु थाना बालूमाथ, जिला लातेहार, मो.अनजर, सा. मासियातु, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार, मो. आशिफ उर्फ सोनू, सा. मासियातु, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार और मो. नेसार आलम, सा. मासियातु, थाना बालूमाथ जिला लातेहार वर्तमान सा0 तिलैयाटांड़, थाना चन्दवा, जिला लातेहार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कई समान भी बरामद किया गया है। छापामारी दल में अजीत कुमार, अनु.पु.पदा., शशि रंजन कुमार पुलिस निरीक्षक, बालूमाथ अंचल, प्रशांत प्रसाद, थाना प्रभारी, बालूमाथ सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक प्रतापपुर मण्डल में हुआ सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक प्रतापपुर मण्डल में आयोजित किया गया।बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री बाल मुकुंद सहाय, जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह जी शामिल हुए। पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा सहित सभी पदाधिकारीयों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद सभी सदस्य एवं कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वशिष्ठ अतिथि प्रदीप सिंह, गुंजा देवी, अक्षयवट पण्डेय, मृत्युंजय सिंह, मिथलेश गुप्त, सुजीत जायसवाल, निर्भय ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष विनोद सोण्डीक, महामंत्री सतेंद्र पासवान, गौतम सिंह, अभिषेक केसरी, जितेंद्र यादव,एवं पार्टी के सभी मण्डल के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश के पदाधिकारी के कार्यसमिति सदस्य शामिल हुए।

## उच्च न्यायालय मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय, मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निदेश दिया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, विधि शाखा पदाधिकारी विजय कुमार महतो समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाओं ने डीएसपी से की सुरक्षा की मांग




**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मसियातु ग्राम की दर्जनों महिलाओं ने बालूमाथ में आयोजित आक्रोश रैली में शामिल होने पहुंची। व अपनी बात को रखते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार से सुरक्षा की मांग की। कहा कि जब से सुनीता देवी की हत्या गला काटकर की गई है,उसके बाद हम लोगों को घर से बाहर निकलने में एवं बाजार जाने में डर लगता है। वहां पुलिस पिकेट दिया जाए। जब तक पीकेट नहीं होता है तब तक नियमित पेट्रोलिंग कराया जाए। महिलाओं ने एसडीपीओ से पूछा कि हम लोग बाजार जा सकते हैं? पुलिस हमें सुरक्षा दे पाएगी? एसडीपीओ ने आश्वस्त कराया की आप लोग निर्भीक होकर सारा काम करें। वहां नियमित पुलिस पेट्रोलिंग कराया जाएगा। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि मसियातु की स्थिति किसी से छुपा हुआ नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि मासियातू की जो स्थिति उत्पन्न हुई है अगर पुलिस पीकेट या पूरा सुरक्षा प्रदान नहीं करता है तो डर के कारण हम लगो क्या क्या होगा, समझ में नहीं आ रहा है।

## कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुरू हुआ अनुष्ठान

# कलश यात्रा में 1100 श्रद्धालु हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखण्ड क्षेत्र के ऐतहासिक स्थल महादेव मठ में कलश यात्रा के साथ बुधवार को कलश यात्रा के साथ महारुद्र यज्ञ विधिवत रूप से आरंभ हो गया।बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल से कलश लेकर महादेव मठ सरोवर पर जलभरी के लिए पहुंचे इस दौरान श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। वही विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालु कलश में पवित्र जल लेकर यज्ञ पंडाल में संत महात्माओं द्वारा विधिवत रूप से कलश को स्थापित कराया गया। वही मुख्य पुजारी के रूप में लवकुश कुमार गुप्ता व नगीना गंझु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु उत्साहित दिखे उनके चेहरे पर भक्ति की मीठी मीठी मुस्कान झलक रहा था। यज्ञ कमेटी के लोगों ने बताया की कलश यात्रा में 1100 श्रद्धालु शामिल हुए। वही यज्ञ स्थल पर भव्य यज्ञ मंडप के साथ ही पंडाल बनाया गया है जहां दूधिया रौशनी के साथ यज्ञ स्थल आकर्षक रूप से सजाया गया है। वही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतेजाम है।इसके साथ ही रात्रि में राजा किला के समीप श्रीमद भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। वही काशी के आचार्य दिनकर जी महाराज के द्वारा भागवत कथा व प्रवचन किया जाएगा। वही कलश यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समिति के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह, सचिव संतोष कुमार यादव, कोषाध्यक्ष जयराम भारती, संरक्षक मनोज कुमार साहू, महासचिव जितेंद्र कुमार सौंडिक, अजित मिश्रा, अनुज गुप्ता, अनूप अग्रवाल समेत सभी सदस्य मौजूद थे।

# लावालौंग में हाथियों ने मचाया आतंक, कई घरों को तोड़ा और किया फसल बर्बाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर की दुरी पर स्थित हेडूम पंचायत के कल्यानपुर (डूमर तांड) में अचानक अर्ध रात्री में हाथियों की झूड़ आकार सकिला बीबी के घर को बुरी तरह से तोड़ दिया। साथ ही आसपास के घर सोमर गंझू, बुधन गंझू, भोला गंझू व इंद्रदेव ठाकुर के घर के साथ साथ कई लोगों का फ़सल बर्बाद कर दिया है। इसकी सूचना वन विभाग को दीया गया। मौके पर वन रक्षी सिकन्दर यादव, दुर्गा महतो तथा अमित कुमार ने पहुंच कर लोगों से रुबरु होते हुए अपने विभाग द्वारा उचित मुआवजे दिलाने की बात कही है। तथा इसकी सूचना लावालौंग प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी अमित कुमार को प्राप्त हुई तो वे पीड़ित परिवार से मिलकर हुई नुकसान का मुआवजा विभाग द्वारा दिलाने का हर संभव मदद करने की बात कही साथ ही साथ पीड़ित परिवार सकीला बीबी को अनाज मुहैया भी कराई गई। पीड़ित परिवार के साथ स्थानीय मुखिया सन्तोष राम, जिला परिषद सदस्य प्रसाद भारती, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष छद्दू सिंह भोक्ता, महमूद खान, रामजतन तुरी, साजिद खान, प्रमोद तुरी, कैलास भारती तथा कई गण्यमान्य लोग दुःख की घड़ी में उपस्थित नजर आए।

## त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति की बैठक




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में डी सी अबु इमरान की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 के त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा किया गया।बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2022-2023 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा, आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई।ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 28.47 प्रतिशत है जिसे 40 प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया । साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शतप्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खाता शत प्रतिशत खोला जाये ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिल सके।छात्र छात्राओं का खाता खुलवाने को लेकर अभी तक के प्रगति प्रतिवेदन कीं समीक्षा करते हुए योग्य सभी छात्र छात्राओं का खाता खुलवाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लाभुकों की संख्या बढाने और पासबुक अपडेट में आ रही परेशानी के निराकरण को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, निदेशक डीआरडीए, अरूण कुमार एक्का, रिजर्व बैंक के अधिकारी अमित विश्वकर्मा रांची, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा एवं सभी बैंको के शाखा प्रबंधक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति कार्यालय का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के बन्हे आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कार्यालय में जेएसएलपीएस के तत्वधान में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन को लेकर सक्षम केन्द्र का विधिवत उदघाटन जिला परिषद देवनंदन साहू, प्रखंड प्रमुख रोहन साहू एवं जेएसएलपीएस के बीपीएम राहुल रंजन पांडे ने संयुक्त रूप से किया। वितिये जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन 02 जनवरी से आयोजित किया गया है तथा 15 अगस्त तक संचालित रहेगा। जिसके तहत सखी मंडल की दीदियों तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी एवं जागरूक किया जाएगा। साथ हीं उक्त लोगों को वितिये सेवाएं प्रदान की जायेगी। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीओ एफआई विकास कुमार, बीएपी जावेद खान, सीसी लवकुश कुमार, सुमित्रा देवी, अध्यक्ष भानुमति देवी, सीएलएफ मैनेजर विनीता कुमारी, लेखापाल सरिता कुमारी, संवाददाता सखी ममता देवी के अलावे अन्य सखी मंडल की दीदीयां उपस्थित थे।

# सुनीता देवी हत्याकांडः गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाला गया जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातू ग्राम में विगत दो फरवरी को प्रमोद प्रसाद गुप्ता की पत्नी सुनीता देवी को गला काटकर हत्या किए जाने के विरोध में एवं हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बालूमाथ प्रखंड के हजारों लोगों ने एक भव्य आक्रोश रैली निकाली। जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लालप्रतुल नाथ शाहदेव ने की। रैली चेताग से आरंभ होकर जामा मस्जिद, महावीर मंदिर, थाना चौक, मुरपा मोड, होते हुए बालूमाथ थाना पहुंचकर थाना का घेराव किया गया। आक्रोश रैली में शामिल लोग जय श्रीराम, सुनीता देवी के हत्यारों को गिरफ्तार करो, सुनीता देवी के हत्यारों को फांसी दो, सुनीता देवी हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा है, समेत कई नारा लगा रहे थे। थाना गेट में लाल प्रतुल नाथ शहदेव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी आज के आज अगर पुलिस प्रशासन नहीं करती है तो आज शाम 6:00 बजे से यहां थाना चौक पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। मासियातू ग्राम में पुलिस पिकेट का निर्माण किया जाय, अपराधियों को सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाए, समेत कई मांगे रखी। बालूमाथ एसडीपीओ ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से अस्वस्थ कराते हुए कहा कि सुनीता देवी के हत्यारों को गिरफ्तारी आज की जाएगी वही मासियातू में पुलिस पिकेट लगाने को लेकर सरकार से अनुशंसा किया जाएगा ,वही हत्यारों को सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन की अनुशंसा की जाएगी इसके बाद उपस्थित लोगों ने आक्रोश रैली को समाप्त किया। वही रैली समापन के बाद चेताग ग्राम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर सुनीता देवी के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर भाजपा नेता किसलय तिवारी, बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, शैलेश सिंह, अरुण साब, गंगेश्वर यादव, रंजय सिंह, विनोद बिहारी गुप्ता, राजू गुप्ता, सुरेंद्र बैद, राजू महतो, संजीव गुप्ता, बिट्टू सिंह, समेत बालूमाथ मासीयातु, गुरतुर, बालू, रजवार, भांग, समेत कई गांव के हजारों महिला पुरुष शामिल थे।

## उपायुक्त ने की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लगभग 20 लाभुक प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत पीएमईजीपी लोन हेतु आवेदन किये है। जिसके अंतर्गत कितने आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी बैंक वार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्वरोजगार को बल मिलेगा तथा समाज आत्मनिर्भरता के तरफ अग्रसर होगा। सरकार कई तरह कि लोक कल्याणकारी योजनाएं लाती है लेकिन जानकारी एवं बैंक की तरफ से वित्तीय सहायता हेतु लोन की राशि ससमय ना मिल पाने पर योग्य लाभुक वंचित रह जाते है। कहा कि सिमडेगा जिला में खाद्य प्रसंस्करण की असीम संभावनाएं है। बैंकों से इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्वरोजगार के इच्छूक व्यक्ति जिले के विभिन्न क्लस्टर पर लोकल फूड प्रोडक्ट्स पर कार्य कर रहे है। उन्होंने सभी बैंकों को इस योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप लाभुक को ससमय पीएमईजीपी लोन मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैंक वाईज लंबित पीएमईजीपी लोन हेतु आवेदनों को 15 फरवरी 2023 तक स्वीकृत करते हुए समय पर डिस्पैच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी बैंकों को पीएमईजीपी योजना पर विशेष ध्यान देते हुए लोन हेतु आवेदन स्वीकृत करने की बात कहीं। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री अरूण वाल्टर सांगा, कृषि विज्ञान केंद्र बानो के शंकर सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेन्द्र दास, जिला अग्रणी शाखा प्रबंधक सिमडेगा संजीव कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बैंक के जिला समन्वयक, जिला उद्योग केंद्र के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं अन्य उपस्थित थे।

# सक्षम ग्राम पंचायत एवं पंचायत ज्ञान केंद्र बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड सभागार में प्रखंड प्रमुख रोहन साहू की अध्यक्षता में सक्षम ग्राम पंचायत तथा पंचायत ज्ञान केंद्र को लेकर बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि प्रखंड के 5 पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, स्वच्छता, एवं युवा सशक्तिकरण के दिशा में कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम के पीरामल फाउंडेशन प्रतिनिधि दीपांशी निगम ने सक्षम ग्राम पंचायत की योजना को उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को बताया की सक्षम ग्राम पंचायत जिले के 17 पंचायतों में अभिसरण और सहयोग के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने की पहल जारी है। सभी को विस्तार से प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधी अमित भारती ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बताया की यह कार्यक्रम क्यों जरूरी है और कितने जागरूकता के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने की जरूरत है सभी को। विस्तार पूर्वक बताया। वहीं प्रखंड समन्वयक पंचायती राज निहाल वारसी ने पंचायत ग्राम केंद्र के अंतर्गत पांच पंचायतों में बनने वाले सामुदायिक पुस्तकालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य-पोषण, स्वच्छता, को बेहतर और राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारने के साथ युवा तथा महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए इसे चतरा जिला के 17 पंचायतों में प्रायोगिक तौर पर कार्य किया जा रहा है। इन पंचायतों में विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों को सुदृढ करने के साथ ही स्वच्छता तथा युवाओं के कौशल विकास तथा उनके लिए रोजगार के अवसरों के विकास योजना पर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में सिमरिया के प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन सेवी, चोपे, बनासाडी, पीरी, जांगी एवम् जबड़ा पंचायत के मुखिया समेत दर्जनों लोग उपास्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकरी, सभी पंचायतों के मुखिया तथा पंचायत सचिव, संबंधित पदाधिकारी, निहाल वारिशी एवं पीरामल फाउंडेशन के अमित भारती, दीपांशी निगम, अफसर आजाद, आदित्य शाही ने अहम योगदान दिया।

# सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ से वंचित न रहे कोई बच्ची : नित निखिल सुरीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को एसडीएम नित निखिल सुरीन के साथ बीडीओ राकेश सहाय ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लक्ष्य प्राप्ति को लेकर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों का दौरा किया ।इस दौरान उच्च विद्यालय प्लस टू के साथ मॉडल विद्यालय का निरीक्षण किया और फॉर्म भरने से छूटे हुए बच्चियों के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में उन्होंने कहा कि कोई भी बच्ची उक्त योजना के लाभ से वंचित न रहे। वहीं मौके पर बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि जिले से कुल 3749 छात्राओं को लाभ दिलाने को लेकर लक्ष्य मिला है। जिसमें कक्षा 8 से 12 तक 3339 छात्राओं का फॉर्म भरा गया है जबकि 118 छात्राओं का फॉर्म भरा जाना बाकी है,जो दो दिनों के अंदर पुरा कर लिया जाएगा। वहीं स्कूल प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि लक्ष्य के अनुरूप 123 छात्राएं अयोग्य हैं। बताते चलें कि झारखंड सरकार के द्वारा राज्य की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत 8 वीं और 9 वीं कक्षा के छात्राओं को 2500 रूपये, 10 वीं, 11 वीं और 12 वीं कक्षा के छात्राओं को 5000 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अलावा 18 साल की आयु पुरी कर लेने के बाद लाभार्थी छात्राओं को एकमुश्त 20 हजार रुपए अनुदान दिया जाएगा। वहीं इस योजना के शुरू हो जाने से बाल विवाह पर रोक लग जाने की बड़ी संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोयला चुन रही महिला की दब कर मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्रिवेणी सैनिक माइंस कंपनी द्वारा निकाले जा रहे ओबी में कोयला चुन रही एक महिला के दब जाने से बुधवार को मौत हो गई। मृतक बड़कागांव प्रजापति मुहल्ला निवासी भुनेश्वर प्रजापति की पत्नी सुनीता देवी है। कोयला चुनने के दौरान निकाली जा रही मिट्टी में दबकर महिला की मौत खबर फैलते ही आक्रोशत सैकड़ों ग्रामीणों ने शव को लेकर हजारीबाग पथ के 13 माइल के पास सड़क जाम कर मुआवजा व नौकरी की मांग कर रहे। वही हजारीबाग मुख्य पथ से आने जाने वाले ग्रामीणों को अपने कार्य मे पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि त्रिवेणी सैनिक माइंस में सैकड़ों सिक्योरिटी गार्ड रहने के बाजूद भी कम्पनी के घोर लापरवाही हो रही है। दो माह पहले भी केरेडारी थाना क्षेत्र अंर्तगत एक युवक की मृत्यु हुई थी।

### जंगलों के अतिक्रमण का नतीज़ा है, हाथियों का शहर में आना : सीटू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के मैला टांड में खिरगाँव निवासी दामोदर साव एवं धनेश्वर साव की मौत हाथी के हमले से हो गई. इस बाबत गणेश कुमार सीटू ने कहा कि विकास के नाम पर बेतरतीब तरीके से जंगलों के कटने के कारण जंगल सिकुड़ते जा रहा है। इंसानों के दखल लगातार बढ़ने के कारण हाथियों का कॉरिडोर लगातार बर्बाद हो रहा है. जिसके कारण हाथी भटक कर आबादी की ओर चले आते हैं जिससे जानमाल दोनों का नुकसान हो रहा है. इस पर वन विभाग की चुप्पी बहुत खतरनाक है. वन विभाग की इस चुप्पी की कड़ी निंदा पार्टी जिला कमिटी करती है और मृतकों को दस - दस लाख मुआवजा, सरकारी नौकरी और घायलों को एक लाख रुपये मुआवजा और सरकारी खर्च पर बेहतर ईलाज करवाने की मांग राज्य सरकार से करती हैं.

### भाजपा के बागी प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस का जनसंपर्क वार्ड 02 में

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के बागी प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने अपने समर्थकों के साथ रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नईसराय,थाना चौक, झंडा चौक वार्ड दो आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रम किया। जनसम्पर्क के दौरान पुटूस ने डोर टू डोर जाकर अपने पक्ष में वोट करने के लिए की अपील मतदाताओं से की। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि अभी तक जो भी जनप्रति यहां से जीत कर गए हैं उन्होंने जनता को मूर्ख बनाया है,लेकिन अब जनता जाग चुकी है यही कारण है कि हमलोगों को आम लोगो का भारी समर्थन मिल रहा है।

# रामगढ़ पुलिस ने किया गोली कांड का उद्भेदन, टीपीसी उग्रवादी संगठन के 4 अपराधी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि कोयला व्यवसायी गजानंद प्रसाद उर्फ गज्जू उम्र 47 वर्ष पिता रामसहाय साव पतरातु रामगढ़ अपने टाइगन गाड़ी JH01EW- 4526 सवार होकर बरकाकाना से अपने घर जा रहे हैं इसी क्रम में घात लगाए बैठे तो अज्ञात अपराधियों के द्वारा गजानंद प्रसाद पर निशाना बनाते हुए गाड़ी के दाहिनी ओर से दो गोली चला दिए परंतु दोनों गोली गाड़ी का चदरा को भेजते हुए बाहर निकल गए उसके बाद दोनों अज्ञात अपराधी कर्मी भाग गए इस



मामले में पतरातू (भुरकुंडा) थाना में कांड संख्या 16/2023 दिनांक 23.01.2023 धारा 307/34/120 बी भा.द.वी दर्ज कर कांड की महत्ता को देखते हुए कांड में त्वरित अनुसंधान एवं उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व मि छापामारी दल का गठन किया । जिसके फलस्वरूप घटनाकारित करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

जो उग्रवादी संगठन टीपीसी के सक्रिय सदस्य हैं इस घटना में शामिल अन्य अपराध कर्मियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना का प्रयुक्त हथियार , गाड़ी और लेवी वसूली का पैसा बरामद किया गया पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताएगे रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयला व्यवसाई नेपाल यादव पर किया गया फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया गया इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड संख्या 14/2023 दिनांक 10.01.2023 धारा 324/307/34 भा.द .वी. एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में नवनीत कुमार लातेहार , महेंद्र गंझु रामगढ़ , पवन राणा मांडू रामगढ़ , शाहइमाम अंसारी पतरातु रामगढ़ का रहने वाला व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया अपराधियों से जप्त सामग्रियों में एक काला रंग का पल्सर मोटरसाइकिल , एक सफेद रंग का अपाचे मोटरसाइकिल , लेवी का नगद राशि ?280000 रुपए, एक देसी पिस्टल एवं दो राउंड जिंदा गोली , एक देसी कट्टा एवं एक राउंड जिंदा गोली , मोबाइल सेट आदि बरामद किया गया। इस छापामारी दल में रोहित कुमार पतरातू अंचल इस्पेक्टर , अमित कुमार , गौतम कुमार , शशि प्रकाश , अमर शुक्ला , सुरेंद्र सिंह , राजदीव कुमार , मयंक प्रसाद , सोनू कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## चूल्हा प्रमुख के सदस्यों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय कोठार में वार्ड नं 29 कोठार के चूल्हा प्रमुख के सदस्यों का बैठक किया गया।जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी एंव विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव विजय साहू,नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में चूल्हा प्रमुख के सभी सदस्यों को आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया।मौके पर दशरथ चौधरी,बीरबल चौधरी,बलदेव महतो,बाबूलाल महतो,फूलचंद महतो,किशुन चौधरी,टीकम महतो,टोहहलाल महतो,उमेश महतो,कंचन साव,मंटू साव,उपेंद्र साव,संतोष कुशवाहा,सन्नी कुशवाहा, तुलेश्वर महतो, कैलाश महतो, अनिता देवी,मंजू देवी, सुबाशो देवी, जूही देवी, शिवशंकर महतो, जितेंद्र महतो, माधो महतो, प्रकाश रंजन,मोहन महतो, सावित्री देवी, सुमित्रा देवी,महेश चौधरी,कल्लू राम,राजेश राम,पंकज रविदास पिंटू रविदास,अशोक रविदास,अंकेश रविदास,सन्दीप रविदास, नीरज रविदास,विशाल रविदास,ललिता देवी, अनिता देवी, अवधेश रविदास, शिबू रविदास, बजरंग राम, नरेश महतो,कामेश्वर महतो, मनोज मुंडा,रूपलाल महतो, टिमन महतो,राजेश जयसवाल, युगेश मुंडा,नारायण महतो, महेश चौधरी ईश्वर महतो, खुनेश महतो,अशोक महतो, दीपक ठाकुर,जगरनाथ महतो,ओमप्रकाश महतो,कपिल विश्वकर्मा, सूरज करमाली, राजकुमार मुंडा,मनराज करमाली, पवन गुप्ता,विक्की करमाली,विट्टू करमाली आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर के बूथ प्रभारी, नगर मंडल, बूथ अध्यक्ष की बैठक रामगढ़ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना पासवान की अध्यक्षता में रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय में रखी संपन्न हुई ।जिसमें सारे मंडल को और बूथ अध्यक्षों को और वार्ड अध्यक्षों को रामगढ़ के नगर प्रभारी मुकेश यादव के द्वारा निर्देश दिया गया कि रामगढ़ नगर के सभी बूथो का डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाताओं को ममता देवी के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताएं और लगातार 3 वर्षों से रामगढ़ विधानसभा के



अंदर जो गुंडागर्दी और रंगदारी को समाप्त करने का काम रामगढ़ विधायक ममता देवी के द्वारा किया गया है उसे जन-जन तक पहुंचाएं। मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू कार्यालय प्रभारी शहजाद खान एससी सेल के अध्यक्ष तारिक अनवर राजन करमाली टिंकू खान अनिल नायक दीपक प्रकाश नकुल महतो सागर नायक राव राम विकी करमाली सुजीत कुमार बब्बन खान आदि उपस्थित थे।

## जन सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया प्रशस्ति पत्र का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जन सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मोती की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके महिलाओं एवं पुरुषों के बीच विभिन्न स्थानों पर प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। जन सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य अजीत चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लोगो के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। कहा कि हर घर रोजगार उपलब्ध करा कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाना ही जन सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि भारत की कला और संस्कृति को देखते हुए यह बात स्पष्ट होती है कि भारत प्राचीन काल से ही आत्मनिर्भर रहा है। आज विभिन्न महामारी के लिए संकट में खुद को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है। जन सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक रोहित प्रसाद राणा का कहना है की इस संस्था का एक ही नारा है, सबका सहयोग, सबका हाथ, एक कदम रोजगार के साथ इस तर्ज पर जन सहयोग चेरिटेबल ट्रस्ट लोगो को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। मौके पर मौजूद



संस्था के शोएब रज्जा ने कहा कि मोती की खेती से आत्मनिर्भर हुआ जा रहा है।संस्था द्वारा किरण देवी, बबिता देवी, सुषमा देवी, रिंकी देवी, बिरजू मेहरा, प्रभात कुमार, शिवम कुमार, विजय कुमार दास, स्वाति कुमारी, पूनम देवी, कंचन देवी, सत्यम कुमार, सुनीता देवी, रुकनी देवी, अंजू देवी, प्रकाश मेहता, मनोज कुमार मेहता, ज्योति कुमारी, ललिता देवी, विनोद मेहता , गुनु मेहता, आरती देवी समेत सैकड़ों लोगों ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए।

# झामुमो ने की विष्णुगढ़ में पंचायत कमिटी का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखंड के पंचायत विष्णुगढ़ में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झामुमो बिष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष सह संयोजक मंडली के अध्यक्ष कपिल देव चौधरी के अध्यक्षता में विष्णुगढ प्रखंड के विष्णुगढ़ पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसका संचालन विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति के द्वारा किया गया।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि गौरव पटेल भी उपस्थित हुए। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि गौरव पटेल युवाओं का



चहेता बन गए है, इनके आने से हमें नई ताकत मिली है।वही झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने कहा पार्टी विचारधारा से प्रभावित होकर युवा पीढ़ी हमसे जुड़ रही हैं, पार्टी की विचारधारा के समर्पित पार्टी को संगठित रूप में मजबूती प्रदान करने की जरूरत है।वही मौके पर मुख्य अतिथि गौरव पटेल अपने संबोधन में एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी संगठित होकर एक साथ चलें।साथ ही उन्होंने अपने दादा और पिता के अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया, आगे कहा कि प्रखंड में अफसरशाही हावी है, हमें एकजुट होने से जनता का हक दिला सकेंगे। कार्यक्रम के पश्चात झामुमो प्रखंड अध्यक्ष और सचिव के नेतृत्व में अध्यक्ष पद का गठन किया गया। जिसमे विष्णुगढ़ पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार दास,उपाध्यक्ष प्रीतम मिश्रा,गणेश राम,पंचायत संगठन सचिव विश्वजीत कसेरा,विकाश सोनी, संयुक्त सचिव अक्षय कुमार,अनिल दास,कोषाध्यक्ष संदीप कुमार,कार्यकारणी सदस्य पिंकू कसेरा,मोहन राम,संजय कुमार सोनी,दिनेश पासवान, सुधीर प्रसाद को नए पदाधिकारियों के रूप में चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल,प्रवेक्षक मंडली के सदस्य राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन,सुनील अकेला, शरीफ अंसारी,मनोवर आलम, ओमकार नाथ शर्मा, रामकिशोर महतो, रोहित कुमार दास, डालेश्वर यादव, विजय कुमार कसेरा, विनोद कुमार सोनी ,रंजीत प्रसाद, संजय कुमार सोनी, सुधीर प्रसाद कसेरा, विष्णु कुमार, संतोष कुमार कसेरा ,मोहन राम, गणेश राम, दिनेश पासवान ,सुरेश राम, पूर्व मुखिया अरुण रजक, गोविंद प्रसाद कसेरा, प्रदीप राम, शिवम कुमार, मोहन दास, इंद्रजीत कुमार, अक्षय कुमार, अनिल दास समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## गश्ती दल ने जमनीजारा जंगल से साल लकड़ी को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम के निर्देशानुसार जमनीजारा सुरक्षित वन में गश्ती के दौरान विष्णुगढ़ वन परिसर प्रभारी वनपाल संजीत दास,रवि कुमार,बिनोद कु0 गंझु ,उदय कुमार एवं शाहबुद्दीन अंसारी के द्वारा अवैध रूप से कटी लकड़ी को जमनीजारा जंगल से जब्त किया गया।



गशित दल ने अवैध रूप से कटे 10 पिस बोटा साल (सखुआ) की लकड़ी को जब्त किया गया ।वन अपराधियों की खोजबीन जारी है,उनके नाम एवं पता कि जानकारी जुटाई जा रही है,ताकि उन पर वन वाद दर्ज किया जा सके।

प्रभारी वनपाल संजीत दास ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार गश्ती करते हुए एवं सूचना के आधार पर पकड़े जाने वाले वन अपराधियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं में वन वाद दर्ज करते हुए कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## विभिन्न माध्यमों से लोगों को मतदान के प्रति किया जा रहा है जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत मतदाता जागरूकता, सि-विजिल, वोटर्स



हेल्पलाइन आदि से संबंधित पोस्टर यात्री वाहनों पर लगाए गए हैं पोस्टर के माध्यम से लोगों को चुनाव संबंधित विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं वहीं सभी से 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

## सत्य नारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भक्ति की बही बयार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बड़ा बाजार चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर में माता लक्ष्मी एवं वीर बजरंगी की प्रतिमा स्थापित को लेकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ है। कार्यक्रम के दूसरे दिन देवघर, गिरिडीह एवं टाटीझरिया से पधारे आचार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना की गई। वही आरती के पश्चात मंदिर परिसर से हलवा महा भोग का वितरण किया गया। करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभोग प्राप्त किया। मंदिर परिसर वीर बजरंगी, माता लक्ष्मी की जयकारों से गुंजायमान है। प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन संध्या महा आरती में हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय सहित कई समाजसेवी शामिल हुए। सभी ने भक्ति भाव से ईश्वर की आराधना की और शहरवासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में नंद किशोर खण्डेलवाल, किशोर पांडे, विशाल खण्डेलवाल, गुंजन मद्धेशिया, रितेश खण्डेलवाल, विकास केशरी,अरुण जौहरी, राजू पांडे,जयंत पांडे, अभिमन्यु पांडे, दीपक पांडे, अतिशय जैन,विष्णु जायसवाल, भाल चंद्र मिश्रा तथा महिला सदस्यों में नीरू पांडे, रेणु गुप्ता समेत कई लोग तल्लीनता से अपना योगदान दे रहे हैं।

## अंबा प्रसाद ने प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रत्येक बुधवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के लोगों को समस्याओं के समाधान को लेकर जनता दरबार लगाया जाता है। जनता दरबार में क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। जिसे विधायक ने कुछ लोगों द्वारा बताए गए समस्या का त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा वहीं कुछ अन्य समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर तालाब निर्माण, सुकर पालन व एनटीपीसी द्वारा जमीन अधिग्रहण



कर मुआवजा नहीं लिए जाने का मामला आया। वहीं विधायक ने कहा कि प्रखंड के लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर उधर घुमना न पड़ें इसलिए मेरा प्रयास है कि नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन कर लोगों के समस्याओं से निजात दिला सकें। मौके पर बड़कागांव अंचलाधिकारी अमित किस्कु, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष हाजी तब्बसुम, जमाल सागीर, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, शमशेर आलम, सतीश दास, पंसस रंजीत कुमार चौबे, प्रभु राम, के अलावे नरेश बेदिया, बशीर अंसारी सहित प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

## नगर आयुक्त ने किया नियुक्ति पत्र का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कौशल प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किए प्रशिक्षणार्थियों के बीच नगर आयुक्त के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। यह नियुक्ति पत्र मेधावी फाउंडेशन प्रशिक्षण प्रदाता हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किए प्रशिक्षणार्थियों के सफल सर्टिफिकेशन के बाद प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया प्लेसमेंट ड्राइव के उपरांत सफल हुए विद्यार्थियों को एस एस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा नियुक्ति की गई। नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने नियुक्ति पत्र पाकर उत्साहित हुए प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदित हो कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्रतिवर्ष हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत आवेदकों को विभिन्न जॉब रोल में प्रशिक्षण देकर उनका असेसमेंट कराया जाता है एसेसमेंट के द्वारा सफल विद्यार्थी का सर्टिफिकेशन किया जाता है तथा नियोक्ताओं के द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थी को उसकी योग्यता के अनुसार विभिन्न कंपनियों में चयन कर रोजगार प्रदान की जाती है।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड मुख्यालय में धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के नेतृत्व में अपनी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर 7एवं 8 फरवरी को प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया। जिसमें प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्य शामिल हुए। बरही प्रखंड के सभी पीडीएस डीलर ने अपने अपने दुकानों में तालाबंदी कर दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में बुधवार को भी प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक जुटता के साथ डटे रहे। धरना कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम तीन बजे तक चला। वहीं बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड अध्यक्ष डोमन पाण्डेय के नेतृत्व में मांग पत्र का



ज्ञापन सौंपा गया।वहीं 9 फरवरी को जिला मुख्यालय में धरना दिया जाएगा जिसमें बरही प्रखंड से सभी डीलर भाग लेने जाएंगे।पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रखंड अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने कहा कि पूरे देश के डीलरों एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों ने करोना काल में सरकार के आदेशों को पालन करते हुए गरीब जनता को अपनी जान की परवाह किए बिना घर

जा जा कर खाद्यान्न का वितरण किया । करोना काल में बड़े से बड़े पदाधिकारी से लेकर छोटा कर्मचारी अपने अपने घरों में करोना के डर से छुपे हुए थे। उस समय पीडीएस डीलर सरकार की सबसे बड़ी योजना को सफल बनाने में लगा रहा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना निशुल्क वितरण किया ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रांची के आकाश बायजू के 3 छात्रों ने जेईई मेन्स के पहले सत्र में 99 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त किए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के आकाश बायजूस के तीन छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2023 के पहले सत्र में प्रभावशाली 99 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। परिणाम कल राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। इस साल होने वाली इंजीनियरिंग की दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से यह पहली परीक्षा थी। प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में प्रिंस कुमार द्विवेदी ने 99.8, एलेक्स सिंह ने 99.79 और सूरज कुमार ने 99.12 प्रतिशत हासिल किए हैं। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली IIT JEE को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने और अपने सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। हम आभारी हैं कि आकाश बायजू ने दोनों में मेरी मदद की। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते।÷छात्रों को बधाई देते हुए, अजय बहादुर सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस ने कहा, हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से जेईई मेन 2023 के पहले सत्र के लिए 8.6 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है।



## मोटोरोला ने मोटो ई13 लॉन्च करने की घोषणा की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज मोटोरोला ने ई सीरीज फ्रैंचाइजी में अपने लेटेस्ट नवीनतम स्मार्टफोन मोटो ई13 को लॉन्च करने की घोषणा की। यह अपने आप में एक ऑल-इन-वन स्मार्टफोन है, जो कि 4जीबी रैम के साथ इस सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, इसके साथ ही इसमें यूनिसॉक टी606 ऑक्टा कोर प्रोसेसर और 64जीबी का स्टोरेज शामिल है जो इसे एक मजबूत हटके परफॉरमेंस प्रदान करता है, इसके अलावा इसमें एक विशाल, लंबे समय तक चलने वाली 5000एमएएच की बैटरी भी शामिल है जो इसे 36 घंटे से अधिक तक चला सकती है। यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट में उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती कीमत (2जीबी +64जीबी) वैरिएंट के लिए 6,999 रुपये तथा 4जीबी+64जीबी वेरिएंट के लिए 7,999 रुपये से शुरू होती है।मोटो ई13 हर हाल में एक शोस्टॉपर फोन है। इसका स्लीक, स्टाइलिश एवं प्रीमियम डिज़ाइन आपके ऑन-द-गो स्टाइल क्रेविंग को ध्यान में रखते हुए खूबसूरती के साथ बनाया गया है जिसमे 6.5 इंच की वाइब्रंट एलसीडी डिस्प्ले स्क्रीन स्मार्टफोन में और अधिक स्पार्क जोड़ती है।



## एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी को समर्थन करेगी : पटेल सेवा संघ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटेल सेवा संघ रामगढ़ के सभी सम्मानित पदाधिकारियों के द्वारा पटेल धर्मशाला में बैठक कर सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया । कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी के पक्ष में समर्थन करेगी और समाज के लोगों के बीच जाकर समर्थन के लिए अपील करेगी द्य इस बात की घोषणा बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पटेल सेवा संघ, रामगढ़ के अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल ने कही और साथ ही सभी मतदाताओं के घर घर जाकर आगामी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी की जीत के लिए हर संभव प्रयास और अपील करेगी द्य इस दौरान मुख्य रूप से संघ के मुख्य संरक्षक राज गोविंद प्रसाद, अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल, सचिव नीरज मंडल, अरूण महतो, अनील मंडल, संजीव रावत,शिव महतो, जय प्रकाश , रामगुलाम मंडल, नवनीत दयाल, कोसलेंदर कुमार, संजय कुमार, बीपी सिंह, अभिमन्यु सिंहा, दीपिका देवी, लक्खी देवी आदि लोग शामिल रहे।

# जरियागढ़ में झामुमो पंचायत समिति का पूर्नगठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्रखंड के जरियागढ़ पंचायत भवन में बुधवार को झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के निर्देशानुसार झामुमो खूंटी जिला सोशल मिडिया प्रभारी राहुल केशरी की अध्यक्षता पर तोरपा विधानसभा अन्तर्गत जरियागढ़ पंचायत समिति का पूर्णगठन किया गया. बैठक में सर्वसहमती से जरियागढ़ पंयायत समिति के अध्यक्ष पद के लिए खेदान लकड़ा एवं सचिव हरवेदन होरो, उपाध्यक्ष ग्रेस गुड़िया, फागु चोचा के अलावे, सहसचिव,संगठन सचिव कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया. बैठक में पंचायत समिति बैठक मे संगठन को मजबूती के बारे में चर्चा किया गया. जिसमें झामुमो कर्रा प्रखंड सह सचिव नामजन होरो ने कहा कि हम सभी मिलकर काम करना है और पंचायत समिति और बूथ कमेटी को मजबूत करके लोकसभा और विधानसभा में विजय प्राप्त करना हमारा लक्ष्य है। झामुमो नेत्री सह जरियागढ़ मुखिया सुनीता चोचा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी विकासशील योजनाओं को हमें घर -घर तक पहुंचाना और ग्रामीणों को लाभ दिलवाने में सहयोग करके हम सभी लोग जल्द से जल्द कमेटी का विस्तार कर सकते हैं और हम सभी को चुनाव के पहले से हर परिस्थिति में मजबूत रहना है एवं सभी को मिलकर एक साथ एक मंच पर काम करना है.झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी कर्रा शम्भू शर्मा बतलाया कि हमें विपक्षियों के झांसे और बहकावे में नहीं आना है ।



## बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो विभिन्न योजनाओं के कार्यक्रम हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** बुधवार को चुरचू प्रखण्ड के बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले उन्होंने चरही चौक 55 कमिटी के समीप निःशुल्क भोजनालय शिविर पहुंचकर चरही में सांतवे दिन भी निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम को सुचारू करवाया। इस निःशुल्क भोजन समारोह में सी.सी.एल चरही हजारीबाग एरीया के महाप्रबंधक निरज सिन्हा के धर्म पत्नी अनीमा सिन्हा ,सुनीता साहू ,रंजीता राय,सरीता मिश्रा,के द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी को आवश्यक समार्गी एंव सहयोग राशि दिया गया। वही दूसरे कार्यक्रम में बहेरा पंचायत अंतर्गत माननीय मुखिया देवकी महतो के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बहेरा प्लान इंडिया का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में वैसे विद्यार्थियों के बीच पठान-पठान और गर्म वस्त्र का वितरण किया गया जो पैसे के अभाव में पढ़ाई छोड़ दिये हो। इस दौरान कुल 25 बच्चों के बीच सामग्री का पोशाक भी वितरण किया गया।वही तीसरे कार्यक्रम में युको बैंक चरही के माध्यम से ग्राम पंचायत बहेरा के गांव पिपरा में कैंप लगाया गया जिसमें मुख्य रूप से बीमा और अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दिया गया।

# शिक्षक के सेवानिवृत होने दी गई पर भावभीनी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत में संचालित +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र यादव का सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि डीएसपी चंद्रशेखर आजाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा एवं स्थानीय मुखिया मकीना खातून शामिल एवं पूर्व मुखिया दशरथ यादव शामिल हुए। वहीं सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय से सेवानिवृत हुए शिक्षक राजेंद्र यादव को विद्यालय परिवार एवं उनके पूर्व के छात्रों ने शॉल, मोमेंटो एवं सूटकेस देकर स्वागत किया। साथ ही विद्यालय से पूर्व में सेवानिवृत शिक्षक जैसे नेहाल गोप एवं भुनेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, क्षत्रु महतो एवं सहदेव ठाकुर को भी विद्यालय परिवार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा की आपने अपने योगदान के बाद से बच्चों के बीच शिक्षा का जो अलख जागने का काम आपके द्वारा किया गया है उसे आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रखें शिक्षक सेवानिवृत नही होते बल्कि जब तक वे जिंदा रहते है तब तक शिक्षा समाज में किसी ना किसी रूप से देते रहते है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की सार्वजनिक जीवन में हर आयु वर्ग के व्यक्ति को ऐसे मौके का हिस्सा बनना पड़ता है जहां किसी व्यक्ति की विदाई हो रही हो। मौके पर मो फारूक, अयोध्या कुमार, तुलसी कुमार, बमबम कुमार, उमेश प्रसाद, मथुरा प्रसाद, सुरेश प्रसाद, बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, सुनील कुमार, कुलदीप राणा, संजय, अफजल अंसारी, मो मंसूर अंसारी, रवि प्रसाद, महेश दास, चंद्रिका प्रसाद, चंद्रिका दास, सुलेमान मियां एवं सुनील कुमार सहित विद्यालय के हजारों छात्र मौजूद थे।

## डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में वार्षिक उत्सव पर लगा दो दिवसीय रक्तदान शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को वार्षिक उत्सव के मौके पर थैलेसीमिया एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के सहायतार्थ में श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा दो दिवसीय रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व लोगों ने बढ चढकर भाग लिया। श्रीनिवास ब्लड सेंटर के मेडिकल टीम के द्वारा सबसे पहले रक्तदान शिविर में आए स्वैच्छिक रक्तदाताओं के ब्लड ग्रुप की जांच की।

## नगर परिषद और रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्षों की बैठक

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को एक अहम बैठक रामगढ़ नगर परिषद और रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्षों की बैठक रखी गई है जिसमें नगर परिषद और रामगढ़ प्रखण्ड में सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ता और नेता उपस्थित हुवे । इस बैठक मे रामगढ़ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को एवं पंचायत अध्यक्षों को बूथ अध्यक्षों को ई दिशा निर्देश दिया गया।

# गिद्दी परियोजना में मजदूरों के तनख्वाह में हुई गड़बड़ी को लेकर मजदूरों ने काम बंद किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** गिद्दी ए परियोजना में सैप के कारण मजदूरों के तनख्वाह में हुई गड़बड़ी को लेकर मजदूरों ने काम बंद कर दिया इस बंदी का सूचना होने पर क्षेत्र के पुरुषोत्तम पाण्डेय, गौतम बनर्जी, गुड्डू यादव सहित कई यूनियन नेता पहुंचे और इस बंदी को समर्थन और नेतृत्व दिया। इस पर सभी यूनियन नेताओं ने कहा की लगभग सभी मजदूरों के वेतन में भारी गड़बड़ी हुई है किसी का 30000 से 40000 रुपया तक काट लिया गया है तो किसी का पूरा का पूरा तनख्वाह काट लिया गया है। मजदूरों के तनख्वाह से पैसा क्यों काटा गया इसकी कोई जानकारी उनको नही दी गई है साथ ही इस तरह की परेशानी मजदूरों को हर माह झेलना पड़ रहा है। मजदुर नेताओ ने मांग किया की मजदूरों को पहले पेमेंट स्लिप दे दिया जाय और दो दिन का समय दिया जाए ताकि मजदूर अपने तनख्वाह से संबंधित त्रुटि रख सके और प्रबंधन भी इसका समाधान कर सके ताकि कोई समस्या ना रहे। इस बात पर प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी आर के सिन्हा, कार्मिक प्रबंधक संतोष चंद्रवेश, सैप नोडल अधिकारी स्मिता पन्ना और मजदूरों की ओर से पुरुषोत्तम पाण्डेय, गौतम बनर्जी, गुड्डू यादव, प्रभात कुमार, रविंद्र सिंह, पवन पासवान, बिरजू साव, अवतार सिंह, राजू गुप्ता, सुधीर सिंह, संतोष झा, हेमंत शर्मा, घनश्याम पाण्डेय, प्रदीप सिंह, मोइन खान और सैकड़ों की संख्या में मजदूर मौजूद थे। द्विपक्षीय वार्ता में मौजूद नोडल अधिकारी स्मिता पन्ना ने बताया की इस बार ज्यादा पैसा इसलिए कटा गया है क्यों की हेडक्वार्टर का आदेश था की परक्विसी टैक्स इसी मंथ काटा जाए लेकिन हमारी ओर से गलती ये हुई की हमने इसकी सूचना मजदूरों को पहले नही किया।




### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(समाज कल्याण शाखा)

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ALIMCO द्वारा प्रस्तावित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु प्रखण्डवार वितरण शिविर आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त शिविर में ADIP योजनान्तर्गत चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा।

उपरोक्त के आलोक में निम्न तालिका अनुसार वितरण शिविर हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित की जाती है।

| क0सं0 | निर्धारित तिथि | वितरण शिविर का स्थान | शिविर में सम्मिलित होने वाले प्रखण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | 21.02.2023 | सामुदायिक स्वा0 केन्द्र, जोरी | हंटरगंज, प्रतापपुर एवं कुन्दा |
| 2 | 22.02.2023 | प्रखण्ड सभागार, चतरा | चतरा एवं कान्हाचट्टी |
| 3 | 23.02.2023 | प्रखण्ड सभागार, सिमरिया | सिमरिया एवं लावालौंग |
| 4 | 24.02.2023 | प्रखण्ड सभागार, टण्डवा | टण्डवा |
| 5 | 25.02.2023 | प्रखण्ड सभागार, ईटखोरी | ईटखोरी एवं मयूरहण्ड |

उपरोक्त शिविर में सभी चिन्हित निःशक्तजनों को एक फोटो (जिसमें निःशक्तता प्रदर्शित हो), निःशक्तता प्रमाण पत्र (40% न्यूनतम), आय प्रमाण पत्र / बी0पी0एल0, आधार कार्ड तथा 100 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांग मैट्रिक अथवा डिग्री संबंधी प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित रहेंगे।

उपायुक्त
चतरा

PR 289620 Social Welfare,Women and Child Development (22-23)_D


# कांग्रेस कार्यकर्ता अपने अपने पंचायत में चुनाव की तैयारी में लग जाए : अमित महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही चौक में कांग्रेस नेता अमित महतो कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर विशेष चर्चा किया। कांग्रेस नेता अमित महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। साथ ही कहा कि पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर जाकर संगठन को मजबूती करें एवं सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे आम जनता को बताएं।? क्योंकि यहां की जनता ने ममता देवी को पांच वर्षो के लिए अपना विधायक चुना। लेकिन षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाकर जेल भेजने का कुकृत्य किया गया है। जनता ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। कार्यकर्ता एकजुट होकर उन्हें जिताने का कार्य करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस कहने में नही करने में विश्वास रखती है। वर्तमान की हेमंत सोरेन सरकार विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य कर रही है। किसानों, मजदूरों, गरीबों के हक व अधिकार के लिए ही यह सरकार समर्पित है।मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश हेमंत महतो मोहित पटेल रितेश कुमार रुकेश कुमार अरुण कुमार पप्पू महतो हसन अंसारी प्रदीप महतो महताब राही प्रदीप भोक्ता उतम कुमार शुभम कुमार आदि।




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् हण्टरगंज प्रखण्ड में पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्यों की ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं.–**17/2022-23/RWD/CHATRA**, दिनांक–28.01.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.02.2023 है, जिसका **P.R. No.** 288659 ;**Rural Work Department)** 22–23 **(D)** है, जिसमें क्रम सं.–04 में अंकित शंकर चौधरी के घर से अजय यादव के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य (लं.–0.246 कि.मी.) को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.289625
Rural Work Department(22-23):D

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
(नक्सल शाखा)

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राँची जिला के धुर्वा थानान्तर्गत नोटिफिकेशन सं0– RSCCL/Master Plan/43/2107/5794 दिनांक 07.09.2017 से अधिसूचित रांची स्मार्ट सिटी, रांची के प्लौट संख्या– 34, 59, 60, 17, 37 (Green Area), [Eco Park Area] 61, 7, 63, 54, 58 (Green Area Near 58), 32 में भण्डारित पत्थर खनिज 58256 घनमीटर को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी दिनांक 21.02.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, (नक्सल), रांची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लौक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.02.2023 के 05:00 बजे अपराह्न् तक है। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया की शर्तें website www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता, (नक्सल)
रांची

PR 289634 District (22-23)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू
**ई0टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-25/2022-23**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी में चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। | 2489232.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 माह। |
| 2. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। | 2448259.00 | 49000.00 | 5000.00 | 02 माह। |
| 3. | प्रखण्ड चैनपुर के ग्राम बभण्डी में अवस्थित राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगन में सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य। | 2401943.00 | 48200.00 | 5000.00 | 02 माह। |
| 4. | प्रखण्ड चैनपुर के ग्राम बभण्डी में अवस्थित राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगन में शौचालय, चैंजिंग रूम एवं चबुतरा निर्माण। | 2365270.00 | 47500.00 | 5000.00 | 02 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **14.02.2023**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **22.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **23.02.2023** को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय **24.02.2023** अपराह्न 2.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–**9304798195**
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड़ करना अनिवार्य है।
9. Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

**PR 289623 Rural Work Department(22-23).D**


# बड़कागांव स्वास्थ सहिया संघ को मिला विधायक अंबा प्रसाद का समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के आह्वान पर विगत कई दिनों से बड़कागांव प्रखंड के स्वास्थ्य संघ के द्वारा बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रोत्साहन राशि, मानदेय, राज्यकर्मी का दर्जा देने, इपीएफ, पेंशन लाभ सहित कई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना किया जा रहा है।स्वास्थ्य सहिया संघ के मांगों पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद का समर्थन मिला है। दिन बुधवार को विधायक अंबा प्रसाद में धरना स्थल पहुंचकर सहिया दीदी से मुलाकात की।विधायक अंबा ने कहा कि झारखंड की ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की बागडोर संभालने वाली सहिया ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ है। सहिया बहनों ने कोविड काल के दौरान जान जोखिम में डालकर काम किया है, इसके बाबजूद उनकी न तो मानदेय में बढ़ोतरी हुई है और न ही बीमा राशि का लाभ मिला है। साथ ही बढ़ती महंगाई के कारण सहिया दीदी को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। मैंने पूर्व में भी विधानसभा में मामला उठाया है, उनकी मांगों को पूरा करने के लिए आगे भी हर संभव प्रयास करूंगी।



## रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया बंद का समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राज्य सरकार द्वारा खाद्य पदार्थ पर लगाए गए अत्यधिक टैक्स के विरोध में बाजार समिति रामगढ़ द्वारा बुधवार को बाजार समिति रामगढ़ को बंद करने के आवाहन को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पूर्ण समर्थन दिया है इस अवसर पर बाजार समिति रामगढ़ से व्यापारियों का एक समूह रांची में आयोजित आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रस्थान किया गया जिसको रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं अन्य सम्मानित सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


### e-Procurement Cell
### Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi

**e-Procurement Notice**
**(Very Urgent)**

**Tender Reference No.-BCD/SECNC/31/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-08-02-2023**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | *Construction of Tensile Parking Shed, Washing Platform Shed, Boom Barrier, Water Proofing Treatment of Office Area and Other Work at OLD RDC & SDO Residence Mayor's Road, Ranchi for the year 2022-2023* | Rs. 89,50,395.00 | 6 (Six) Months | 14.02-2023 | 20.02.2023 11:00 AM | 20.02.2023 11:30 AM | 21.02.2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer,Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना / बदलाव / संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.***

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची।

PR.NO.289629 Building Construction Dept Chotanagpur Circle(22-23):D

## धनबाद की नारी संजीव रागिनी सिंह नामक किताब का हुआ विमोचन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक अनकही कहानी "धनबाद की नारी" संजीव रागिनी सिंह नामक किताब का विमोचन रागिनी सिंह ने अपने आवासीय कार्यालय में इस किताब की लेखिका सिमरन आशीष सिंह की उपस्थिति में किया। वहीं रागिनी सिंह ने इस अवसर पर सिमरन आशीष सिंह को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं रागिनी सिंह ने उन्हें आगे और लिखने को प्रेरित किया एवं उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस किताब की लेखिका सिमरन आशीष सिंह ने बताया कि वो रागिनी सिंह के द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर ये किताब लिखा है। एक महिला होकर जिस तरह से उन्होंने घर और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उसी भाव से प्रेरणा लेकर इस किताब को लोगो के बीच लाने का प्रयास किया है और यह किताब ऑनलाइन माध्यम से बाजार में मिल रही है।



## सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सहायक श्रम आयुक्त राकेश कुमार सिन्हा की सेवा-निवृत्ति के अवसर पर धनबाद के बरताड़ स्थित श्रमायुक्त कार्यालय मे एक बिदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन धनबाद के श्रम अधीक्षक हरेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, प्रसिद्ध व्यवसायी रजनीश कुमार, भागवत कुमार, भारतीय मजदूर संघ के बिन्देश्वरी प्रसाद, असंगठित मजदूर संघ झारखंड के अध्यक्ष मोहम्मद मोफिज़ साहिल, बैंक मोड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सुदर्शन जोशी, सुरेन्द्र अरोड़ा एवं प्रभात सुरोलिया, बरताड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जे पी सिंह और मधुरेंद्र सिंह, श्रमिक मित्र लक्ष्मण कुमार शर्मा तथा कार्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। सभी ने सहायक श्रम आयुक्त राकेश कुमार सिन्हा को शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ उन्हें बिदाई दी। वहीं सम्मान से अभिभूत राकेश कुमार सिन्हा ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार एवं प्रवीण कुमार तथा कार्यालय के सभी कर्मियों एवं श्रमिक मित्रों की सराहनीय भूमिका रही।



## जागरूकता शिविर का आयोजन

**आसनसोल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक विभाग की ओर से बराकर आस्था अस्पताल में एम्बुलेंस चालको को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बराकर सब ट्रैफिक गार्ड के प्रभारी चिरंजीत गुहा राय के नेतृत्व में आयोजित एम्बुलेंस चालको को विशेष सतर्कता रखने को कहा गया। जहा बिगत छह फरवरी को सिलीगुड़ी में एक एम्बुलेंस की टक्कर एक ट्रक से हो गयी थी जिसमे सवार मरीज और उसके परिजन एवं ड्राइवर समेत तीन लोग की मौत हो गयी थी। मामले को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा पूरे क्षेत्र मे एम्बुलेंस चालको को दुर्घटना के प्रति जागरूक करने का कार्य ट्राफीक विभाग की ओर से किया जा रहा है।



## टुंडी में चलायी गई स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आज बुधवार को टुंडी उच्च विद्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया। बताया जाता है कि झारखंड सरकार के द्वारा अमृत महोत्सव के अवसर पर इन दिनों टुंडी के विभिन्न स्कूलों एवं गांवों में इस तरह की अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। धनबाद स्वास्थ्य टीम के स्वास्थ्य कर्मी दिपाली राय के नेतृत्व में टुंडी उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सभी बच्चों को इस कुष्ठ रोगी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं छुआछूत जैसे कुविचारों को नहीं मानने की सलाह दी गई। एवं दवाओं को नियमित सेवन करने की भी बात बताई गई। झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान की शत प्रतिशत सफलता गांवों में देखीं जा रही है। आज के इस जागरूकता अभियान में दिपाली राय के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पाटलिपुत्र. अयोध्या कैंट. पाटलिपुत्र स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पाटलिपुत्र और अयोध्या कैंट के मध्य परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 03219/03220 के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इस ट्रेन का परिचालन अब 01.04.2023 तक किया जाएगा ।विस्तारित अवधि के अनुसार गाड़ी संण् 03219 पाटलिपुत्र.अयोध्या कैंट स्पेशल का परिचालन 31.03.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा।

इसी तरह गाड़ी संण् 03220 अयोध्या कैंट.पाटलिपुत्र स्पेशल का परिचालन दिनांक 01.04.2023 तक प्रत्येक शनिवार को किया जाएगा।

इस स्पेशल ट्रेन का ठहरावए समय पूर्ववत रहेगा ।

## आशीर्वाद टावर अग्निकांड : जिला प्रशासन ने किया डॉ निर्मल ड्रोलिया व इंस्पेक्टर पी.के. सिंह को सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विगत 31 जनवरी को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक रोड स्थित आशीर्वाद टावर में हुए भीषण अग्निकांड में राहत और बचाव कार्य में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वाहन करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी ने पाटलिपुत्र नर्सिंग होम के डॉ निर्मल ड्रोलिया एवं बैंक मोड़ इंस्पेक्टर डॉ पीके सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि आशीर्वाद टावर की घटना में डॉ निर्मल डोलिया एवं बैंक मोड़ इंस्पेक्टर डॉ पीके सिंह ने सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य किया है। पाटलिपुत्र नर्सिंग होम ने घटना के तुरंत बाद एक पल की देरी किए बिना अपने फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाने का काम किया। जिस कारण आग टावर के अन्य फ्लोर तक नहीं पहुंच सकी। वहीं बैंक मोड़ इंस्पेक्टर ने कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वे टावर की सीढ़ियों पर चढ़ गए और लोगों को छत पर जाने के लिए प्रेरित किया तथा अफरा-तफरी के माहौल में जो सीढ़ियों में फंसे थे उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने में भी अहम भूमिका अदा की।

उन्होंने कहा उनके उत्कृष्ट योगदान एवं सराहनीय कार्य के लिए बन्ना गुप्ता, प्रभारी मंत्री धनबाद-सह-मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण-सह-आपदा प्रबंधन विभाग ने आभार प्रकट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा उनके सराहनीय कार्य व योगदान के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इस मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर भी मौजूद थे।

## बिरनी के छात्र ने एनटीए परीक्षा में लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बिरनी :** राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित जेईई मेन - 2023 परीक्षा के सेशन 1 में बिरनी के लाल उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने गाँव एवं प्रखंड का नाम रौशन किया है. आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड के केशोडीह पंचायत के ग्राम मधवाडीह निवासी सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा का पुत्र प्रभात कुमार ने बी-टेक के प्रवेश परीक्षा में लगभग 99.816 प्रतिशत का स्कोर प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उसने जवाहर नवोदय विद्यालय राजगीर में जेईई-मेन की तैयारी करते हुए 99.816 प्रतिशत का स्कोर हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. इस बीच उसके पिता और माता का कहना है कि प्रारिम्भक शिक्षा से ही प्रभात मेधावी रहा है. कठिन परिश्रम से उन्होंने हाईस्कूल की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय गांडेय गिरिडीह से 2021 में 93.4 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया. इसके बाद वर्ष 2023 में इंटरमीडिएट की परीक्षा की तैयारी करते हुए कठिनतम परीक्षाओं में शामिल जेईई-मेन में भी अच्छा स्कोर हासिल किया है. वहीं प्रभात ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों के मोटीवेशन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया. प्रभात के इस सफलता से जहाँ परिजन उत्साहित है हीं, प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## दिहाड़ी मजदूर अमर कुमार शर्मा ने लगाई फांसी, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



मृतक का फाइल फोटो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बरारी निवासी स्व अर्जुन ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र दिहाड़ी मजदूर अमर कुमार शर्मा ने बुधवार की सुबह लगभग 07 बजे अपने कमरे में गमझे के सहारे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जाँच प्रक्रिया में जुट गई है। मृतक के भाई मोहन शर्मा ने बताया कि अमर आर्थिक तंगी के कारण काफी दिनों से परेशान थे जिस कारण यह कदम उठाया है। वही स्थानीय इस्तियाक अंसारी ने कहा कि अमर आर्थिक तंगी तथा भुखमरी से परेशानी के कारण आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि जब सुबह काफी देर तक अपने कमरे से नही निकला तो शंका हुई। घर का दरवाजा खोला तो देखा कि मृतक अमर शर्मा अपने कमरे मे गमछे के सहारे छत की कड़ी में लटका हुआ था। मृतक की पत्नी पूजा देवी, तीन पुत्री गुड़िया, चंदा, राशि का रो रो कर बुरा हाल है।

## प्रवासी मजदूर की दुबई में हुई मौत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर क्षेत्र के महुरी निवासी नूर मोहम्मद अंसारी के 50 वर्षीय पुत्र यूसुफ अंसारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी।इसकी सूचना मिलते ही परिजनो कोहराम मच गया।यह घटना 6 फरवरी की शाम का हैं। यूसुफ अंसारी अपने पीछे पत्नी जुबेदा खातून,पुत्र साजिद अंसारी(20), वारिस अंसारी(15), दानिश अंसारी (18) को छोड़ गया। परिजनो ने बताया कि यूसुफ अंसारी पिछले डेढ वर्ष पूर्व दुबई गया था। जहां कफील(मालिक)के दुकान में समान डिलीवरी का कार्य करता था। इस बीच समान डिलीवरी कर बाइक से लौट रहा था। तभी कार की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गयी।इसकी सूचना मिलते ही प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली व पंचायत समीति सदस्य प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मृतक के घर पहुँचकर परिवार को ढांढस बंधाया। वही सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रवासी मजदूरों की मौत का यह इकलौता मामला नहीं है। आए दिन देश के दूसरे राज्यों समेत विदेशों में काम के दौरान बगोदर प्रखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। बता दें कि गिरिडीह जिले के बगोदर और इससे सटे हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के इलाकों में रहने वाले काफी युवा रोजी -रोटी के लिए विदेश समेत देश के दूसरे राज्यों महानगरों में पलायन करते हैं। वहां रोजगार कर भरण -पोषण करते हैं। इसी दौरान कई मजदूरों की मौत हो जाती है। इसलिए सरकार को इसपर पहल करने की जरूरत हैं।ताकि पलायन रोका जा सके।

## टुंडी स्वास्थ्य सहियाओं के समर्थन में उतरी जिप सदस्या, कहा- सरकार तक मांगों को पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करूंगी



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी स्वास्थ्य सहियाओं के द्वारा लगातार हो रही धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आज बुधवार को टुंडी 4 के सदस्या मीना हेम्ब्रम ने सभी सहिया बहनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों का काम देखकर सरकार को आपलोगों की मांगें मान लेनी चाहिए। बताया जाता है कि टुंडी स्वास्थ्य सहियाओं द्वारा आज 17 वें दिन भी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जारी रहा। आज के धरना कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष करमी देवी ने किया जबकि संचालन सारिका देवी एवं धन्यवाद ज्ञापन रईसा बीबी ने किया मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम, पूर्व जिला परिषद सदस्य गुरूचरण बास्की , झामुमो नेता नीलमोहन मिश्रा के अलावा सभी सहिया बहनें मौके पर उपस्थित थीं।

## एनएसयूआई ने की युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से टीम भेजने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू एस. के. सिन्हा से मिलकर मांग रखी थी। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित 18 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भेजा जाए ताकि प्रतिभागियों को अपना हुनर निखारने का एक मंच प्रदान हो। मालूम हो कि विश्वविद्यालय द्वारा एक ही तारीख पर युवा महोत्सव होने तथा उस में भाग ले रहे प्रतिभागियों का परीक्षा भी होने के कारण उन्हें रोका जा रहा है। 24 से 28 फरवरी तक जैन विश्वविद्यालय बेंगलुरु में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है और उसी समय पीजी सेमेस्टर 3 यूजी सेमेस्टर वन और यूजी सेमेस्टर 3 की परीक्षा होने की संभावना है। अनुपस्थिति के डर से कोई भी प्रतिभागी जाने को तैयार नहीं है। जिस पर एनएसयूआई द्वारा विश्व विद्यालय प्रबंधन से मांग किया गया है कि वैसे प्रतिभागी जो युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए जा रहे हैं उनके लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाए ताकि वह अपनी शैक्षणिक कार्य जारी रखें तथा अपने हुनर को निखारने के लिए अवसर प्रदान हो।

## अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का पाठ्यक्रम आरम्भ करें विश्वविद्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** मलेशिया में बेस्ट डिप्लोमेट्स नाम की संस्था के द्वारा आयोजित विश्वशांति के लिए समागम में भारतीय डेलीगेट जो भूटान का प्रतिनिधित्व कर रहे थे अपने दौरे से वापिस लौटकर भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा को ज्ञापन सौंपकर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के अध्यन को प्रारंभ करने के लिए ज्ञापन सौंपा है गौतम ने कहा कि अंग्रेजी शाशन काल से ही झारखंड विकाश के सभी प्रारूपों में पिछड़ा था परिणाम स्वरूप झारखंड के निर्माण हुआ, लेकिन दो दसक गुजर जाने के बाद भी झारखंड में शिक्षा व्यवस्था अच्छी नही है वर्तमान के राजनेता आज के छात्र और युवाओं की समस्या समझने में सक्षम नही है आज पूरी दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है और झारखंड पिछड़ता जा रहा है हिंदुस्तान के ही कई राज्य मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में आगे बढ़ रही है कई राज्य आई. टी. मेंएआगे बढ़ रही है अपना राज्य का आर्थिक विकाश कर रही है और झारखंड खनिजों से परिपूर्ण होकर भी पिछडता जा रहा है और पूरी दुनिया को सबसे सस्ते दर पे मजदूर उप्लब्ध करा रही है जो झारखंड वासियों सहित झारखंड राज्य निर्माताओं के अपमान का कार्य है अंतराष्ट्रीय भाषा का झारखंड में आरम्भ होने के बाद राज्य के युवाओं को दुनिया भर में लेबर और मजदूर के अलावे और भी बेहतर नौकरी और रोजगार पा सकेंगे साथ ही विश्व भर में मौजूद भारत से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारियां इकट्ठे करने में भी मददगार साबित होंगे साथ ही झारखंड के युवा दुनिया भर के मीडिया,आई. टी.और व्यापार में भी बेहतर कार्य कर सकेंगे और राज्य के आर्थिक विकाश में बेहतर योगदान दे सकेंगे साथ ही राजनेताओं को भी याद रखना चाहिए कि जब भारत के द्वारा परमाणु परीक्षण किया गया था तब अमेरिका ने भारत पे कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे।



## ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने की बनाई गई योजना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुल्टी :** कुल्टी थाना अंतर्गत नियामतपुर चौकी क्षेत्र के नियामतपुर बाजार से ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने की योजना बनाई गई। आज उस मौके पर आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर वसीमुल हक, एमआईसी इंद्राणी मिश्रा, ट्रैफिक एसीपी इप्सिता दत्ता, कुल्टी एसीपी सुकांत बनर्जी व अन्य अधिकारी आज नियामतपुर जंक्शन से लिथुरिया बाजार मछली बाजार तक जायजा लिया। साथ ही नियामतपुर सब्जी मंडी में दुकानों को हटाने की अनुमति दी गई ताकि वहां पार्किंग की व्यवस्था की जा सके और पार्किंग से नियामतपुर बाजार से जाम हटना संभव हो सके।

## कुमारधुबी : तालाब से शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मैथन :** कुमारधुबी कोलियरी में सीनियर ओवरमेन पद पर कार्यरत संजय गोप का शव अल्लाटांड़ गांव के पीछे स्थित तालाब में मिला। खबर मिलते ही आसपास के दर्जनों लोग एवं ईसीएल कर्मी घटनास्थल पर जुट गए और शव की शिनाख्त की। लोगों की सूचना पर निरसा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। पुलिस ने तालाब के पास पीले रंग की थैली में एटीएम कार्ड, हेल्थ कार्ड सहित ईसीएल के अन्य कागजात भी बरामद किये हैं। बरामद कागजात से पता चला कि सुबह 10.30 बजे एटीएम पॉइंट से उन्होंने पैसे निकाले थे। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा। बताया जाता है कि संजय गोप एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुरा के निवासी थे। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।



# गिरिडीह : हत्यारों की अविलंब हो गिरफ्तारी : महतो

## इंजीनियरिंग के छात्र की जलाकर कर दी गई थी हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के खैरीडीह पंचायत के ग्राम खंगराडीह पहुंचे पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने मृतक विशाल सिंह के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढाढस बंधाया तथा जिला प्रशासन से मांग किया कि हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो. आपको बता दें कि खंगराडीह निवासी बबन सिंह का पुत्र सह खैरीडीह के मुखिया ललन सिंह के भतीजे विशाल कुमार सिंह का अधजला शव खंडोली मोड़ के पास बलगो जंगल में पाया गया था. इस बीच बुधवार सुबह पूर्व विधायक श्री महतो ने खैरीडीह गांव पहुंचकर घटना की जानकारी लिया साथ हीं पुलिस प्रशासन तथा हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन निरंकुश हो चुकी है. हेमंत शासनकाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है. आज कोई भी नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है. जंगलराज और प्रशासन की नाकामी के कारण युवक की हत्या कर दी गई. और अभी तक पुलिस दोषियों को पकड़ने में नाकाम रही है. इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण दास, सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मनोज चंद्रवंशी, सूरज मोदी, कैलाश पासवान, जरीडीह मुखिया राजामनी सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन पांडेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन पांडेय, मीडिया प्रभारी रंजित राय,सुधीर वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



### गिरिडीह इंजीनियरिंग कर रहे छात्र विशाल के शव के साथ परिजनों ने गिरिडीह के टावर चौक को किया जाम

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहर के कृष्ण नगर निवासी इंजीनियरिंग कर रहे छात्र विशाल सिंह हत्याकांड के चंद घंटे बाद मंगलवार की देर शाम शहर के टावर चौक को परिजनों और स्थानीय लोगों ने जाम कर दिया. मृतक छात्र विशाल सिंह के शव के साथ लोगो ने पूरा चौक ही जाम कर दिया। देर शाम हुए जाम के कारण पूरे चौक में हर गाड़ियों का परिचालन ठप हो गया. इस दौरान भाजपा नेता हरमिंदर सिंह बग्गा, शालिनी वैशखियार समेत काफी संख्या में मृतक छात्र के परिजन जाम में शामिल हुए और हेमंत सरकार के साथ सदर विधायक सोनू और गिरिडीह पुलिस के खिलाफ नारेबाजी किया. जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीएम विषालदीप खलको, एसडीपीओ अनिल सिंह और नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी के साथ बेंगाबाद थाना प्रभारी शशिकांत सिंह भी जवानों के साथ टावर चौक आए और गुसाए परिजनों से बात किया वही इस घटना की जानकारी मिलते बगोदर विधायक विनोद सिंह टावर चौक पहुंच परिजनों से बात कर ढांढस बंधाया और इस घटना की निंदा करते हुए पुलिस को जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया विधायक ने भीड़ के सामने कहा कि यदि इस मामले में कोताही बरती गई तो वह खुद आंदोलन पर उतरेंगे वही आंदोलनकारियों को समझाते हुए एसडीएम विशालदीप खलको ने कहा कि घटना दुखद है अब पुलिस हर हाल में अपराधियों को पकड़े गए एसडीपीओ ने लोगों को बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अनुसंधान में जुट गई है और कांड का जल्द से जल्द उद्भेदन हो इसको लेकर जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर एक एस आई टी का गठन कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरे

### नाबालिक लड़की भगाने के आरोप पर एक नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** नाबालिक लड़की भागने के आरोप पर सेन्हा थाना में एक नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज अग्रतर कारवाई में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को भागने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को नाबालिक लड़की के पिता ने थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगया था। आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि मेरी पुत्री को सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गाँव निवासी सराफत अंसारी के 23 वर्षीय पुत्र तबारक अंसारी नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसे हम लोगो ने काफी खोज बिन किया परन्तु लड़का लड़की का कही पता नही चला। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबालिक लड़की के पिता द्वारा लड़की भगाने को लेकर नामजद के विरुद्ध कारवाई हेतु आवेदन दिया गया है। जिसके आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 20/23 दर्ज कर धारा 363,366 ए आईपीसी के तहत सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई में जुट गई है।

# उपायुक्त ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज विकास समन्वय की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), मिशन अमृत सरोवर, राजस्व, म्युटेशन, जिला योजना अंतर्गत ली गई योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अंतर्गत हर घर नल की योजना, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सावित्री बाई फुले योजना, समाजिक सुरक्षा अंतर्गत मतदाता सूची अनुसार पेंशन योग्य लोगों का सर्वे,मत्स्य विभाग अंतर्गत प्रॉन कल्चर, नगर परिषद नये पार्क, अमृत सरोवर समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन मार्च माह में सौ फीसदी प्राप्त करने, एसटी/एससी महिलाओं को मनरेगा अंतर्गत काम देने व परिवार को सौ दिनों का रोजगार देने की उपलब्धि पूर्ण करने का निदेश सभी



पदाधिकारियों को दिया गया। सक्रिय मजदूरों के आधार सीडिंग का कार्य मार्च माह में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। एनआरएम (सामुदायिक व व्यक्तिगत) योजना में सभी प्रखण्डों को उपलब्धि सौ प्रतिशत प्राप्त करने का निदेश दिया गया। मिशन अमृत सरोवर में एनएचएआई को इस माह के अंत तक सभी पांच तालाबों का निर्माण पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत वाटरशेड प्लान में वन विभाग से संबंधित क्लियरेंस के मामलों को अपर समाहर्ता के कार्यालय में अग्रसारित किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अधूर आवासों की समीक्षा किये जाने का निदेश उप विकास आयुक्त को दिया गया। डुप्लीकेट जॉब कार्ड को वेरीफाई करने का निदेश दिया गया। बैठक में राजस्व अंतर्गत म्युटेशन संबंधी मामलों की समीक्षा की गई और 30 से 90 दिनों के अंदर लंबित म्युटेशन के मामलों का जल्द निष्पादित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला योजना की समीक्षा की गई जिसमें अवार्ड मनी अंतर्गत चयनित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। एससीए अंतर्गत ली गई योजनाओं की समीक्षा में पीएचईडी, लोहरदगा को दो दिनों में चयनित योजना का प्राक्कलन उपस्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। झारखण्ड टूल रूम, रांची में वेल्डर व मशीनिस्ट के प्रशिक्षण के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को कम से कम 5-5 अभ्यर्थियों की सूची,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी दोनों ट्रेड में 20-20 अभ्यर्थियों की सूची जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा को भेजे जाने का निदेश दिया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को संबद्धता प्राप्त किये जाने से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई हेतु निदेश दिये गये। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनांतर्गत लंबित आवेदनों का निष्पादन किये जाने का निदेश दिया गया। समाजिक सुरक्षा अंतर्गत सभी प्रखण्डों में बूथवार मतदाता सूची में से पेंशन योजना के योग्य लोगों के सर्वे की समीक्षा की गई और योग्य पाये गये मतदाताओं को पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निदेश प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही,सर्वे का कार्य पूर्ण होने संबंधी प्रमाण-पत्र भी समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अंतर्गत हर घर नल-जल योजना की समीक्षा की गई और ग्राम सभा कर योजना का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्योग महाप्रबंधक,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी सहायक व कनीय अभियंता मनरेगा समेत उपस्थित थे।

### पुलिस से छीन कर जप्त ट्रैक्टर को भागने के आरोप में तीन ने किया आत्मसमर्पण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकागुड़ी पथ से अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को पुलिस से छीन भागने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार तीन युवक किया आत्मसमर्पण भेजा गया जेल लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला को लेकर पुलिस कारवाई के दौरान जप्त ट्रैक्टर को पुलिस से छीन ट्रैक्टर मालिक फरार हो गया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 14/23 दर्ज कर धारा 314, 323, 332, 353, 506, 379, 411 एवं 504 भादवी के तहत पुलिस कारवाई जारी था। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि 20 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाते हुए बिना रजिस्टेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया जा रहा था। उसी दरमियान 800 हंड्रेड कार से तीन युवक रेकी करते आये और पुलिस से जप्त ट्रैक्टर को छीन कर फरार हो गये थे। जिसको लेकर जांचोपरांत ट्रैक्टर मालिक चालक एवं दो सहयोगीयों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जा रहा था। बताते हुए उन्होने कहा आरोपी संदीप कुमार को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा आरोपी संदीप कुमार के गिरफ्तारी के पश्चात तीन आरोपी बजरंग साहू,राजकुमार उराँव एवं कमलेश उराँव भी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

### विधानसभा की सदाचार समिति का जिला भ्रमण 10 एवं 11 फरवरी को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, रांची के पत्र अनुसार दिनांक 10.02.2023 एवं 11.02.2023 को झारखण्ड विधानसभा की सदाचार समिति का लोहरदगा जिला भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। दिनांक 10.02.2023 को विधानसभा सदाचार समिति लोहरदगा परिसदन में 12.30 बजे अपराह्न से जिला के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तत्पश्चात् स्थल निरीक्षण करेगी। दिनांक 11.02.2023 को समिति लोहरदगा परिसदन में 9 बजे पूर्वाहन से जिला से संबंधित पदाधिकारियों के साथ विभागवार बैठक करेगी।

# संगठन को मजबूत करने के लिये बूथ कमेटी को बनाएं सशक्त : मनीर उराँव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी कैरो प्रखंड कार्यसमिति की बैठक गजनी देवी मंडप प्रांगण में बुधवार 08 फरवरी आहुत की गई। बैठक प्रारंभ करने से पूर्व भा ज पा के संस्थापक स्व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र दीप प्रज्वलित व मालार्पण किया गया मौके पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने बूथ स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक की टीम को सशक्त व मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया विशेषकर बूथ कमेटी को सशक्त व मजबूत बनाने पर जोर दिया गया मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि जब तक बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सशक्त नही होंगे पार्टी संगठन मजबूत नही हो सकता है



हमे बेहतर चुनाव परिणाम प्राप्त करने के व समाज की सेवा करना है तो बूथ स्तरीय कमिटी को हर हाल के मजबूत करना ही होगा। उन्होंने 20 फरवरी तक प्रत्येक में बैठक कर कमिटी को मजबूत करने का काम करें साथ ही साथ क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होते हुए उनका निराकरण का प्रयास करें। जिला अध्यक्ष श्री उराँव ने कहा कि महीने की अन्तिम रविवार को आप सभी अपने अपने बूथों पर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम अवश्य ही सुने। मौके पर प्रखण्ड प्रभारी जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह,एवं शोसल मिडिया प्रभारी सजल कुमार, ने भी बैठक को सम्बोधित किया। आज के उक्त बैठक मे बजरंग उराँव, महामंत्री, कैलाश महतो, दीप शाह, गोविंद महतो, सुखन उराँव, राजेश सोनी, लाखो उराँव, जगनारायण प्रजापति, गोविंद महतो, दीपक साहू, अनिल महतो, आदि उपस्थित थे।

# राज्य के साथ साथ गरीब जनता को भी लूट रही हेमंत सरकार : ओमप्रकाश सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मण्डल की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष सूरज दशौन्धी के अध्यक्षता में ग्राम भटृखिजरी में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरम्भ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्रों पर माल्यार्पण और वन्देमातरम गान के साथ किया गया। सरकार को आड़े हाथों में लेते हुए ओम सिंह ने कहा कि सड़क से सदन तक सरकार के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी निर्णायक लड़ाई लड़ेगी और राज्य की जनता को उनके अधिकारों से वंचित नहीं होने देगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष सूरज दशौन्धी और मण्डल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि आज वर्तमान की झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई




है चाहे वह कानून व्यवस्था हो या विकास कार्य की बात हो। आज की सरकार केवल राज्य में लूटपाट करने में ही अपना ध्यान लगाये हुए है। इसी क्रम में ट्रान्सफर पोस्टिंग को व्यवसाय बना दिया गया है। आज राज्य में पुनः उग्रवादियों के वर्चस्व स्थापित होता जा रहा है और आम जनमानस भय में जीने को मजबूर है। राज्य में लूट-हत्या-बलात्कार-बेरोजगारी चरम पर पहुँचती जा रही है और सरकार केवल अपना चेहरा चमकाने में व्यस्त है। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की जनता की हितों की रक्षा में अपना कर्तव्य का निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामन्त्री विवेक चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन शम्भू सिंह ने किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय पंकज, मण्डल अध्यक्ष सूरज दशौन्धी, मण्डल महामन्त्री विवेक चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शम्भू सिंह, गोशाइ भगत, लक्ष्मी नारायण भगत, अमित लोहरा, राम भरत साहु, बालगोविंद वर्मा, विगन महली,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेजस्विनी परियोजना का वर्ल्ड बैंक के द्वारा किया गया क्षेत्र भ्रमण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तेजस्विनी परियोजना का वर्ल्ड बैंक एवं झारखंड महिला विकास समिति रांची के द्वारा परियोजना का संचालन पूरे जिले में किया जा रहा है जिसके तहत विश्व बैंक एवं झारखंड महिला विकास समिति के द्वारा परियोजना के समीक्षा के लिए क्षेत्र भर्मण किया गया। जिसमें कुडू प्रखंड के में संचालित अनऔचारिक शिक्षा केंद्र हेंजला, इण्डक्टस द्वारा संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र लोहरदगा, उद्योगिनी द्वारा संचालित व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण केंद्र गजनी, साथ ही तेजस्विनी क्लब कैरो नयाटोली में पूरे जिले के क्लबों के द्वारा आय अर्जन के लिए क्लब के किशोरियों के द्वारा खुद से निर्मित सामग्री का प्रदर्शन किया गया एवं किशोरियों के साथ बैठक भी किया गया जिसमें उपस्थित विश्व बैंक के टोनी कोलेवा प्रवेश कुमार विनय एवं झारखंड महिला विकास समिति से संयुक्त सचिव अर्चना मेहता एवं प्रज्ञा तानिया खलखो उमेश कुमार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम नीरज कुमार रौशन कुमार महेंद्र सिंह जोन टीम के संजीव मिश्रा, जगदीश गुर्रानी कैरो पंचायत के मुखिया वीरेंद्र महली, ब्लॉक टीम से गौरव कुमार, रेखा देवी, कुंजमोहन शर्मा, जय कुमार, कैरो एफ सी मन्ना राम, अंजू देवी, मोनिका लक्ड़ा, प्रियंका कुमारी के साथ ने जिले के कई अन्य तेजस्विनी के कार्यकर्ता थे।

## टेठईटाँगर थाना प्रभारी ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटाँगर :** ठेठईटाँगर थाना मुख्यालय में महुआ देशी शराब कारोबारीयों के विरुद्ध थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश के नेतृत्व में अहले सुबह छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र के भट्टीटोली में लगभग 100 किलोग्राम शराब निर्माण के लिए रखे जावा महुआ को नष्ट किया गया एवं शराब के कारोबारियों को चेतावनी दी गई। कई संदिग्ध घरों की तलाशी भी ली गई जिसमें भारी मात्रा में खेत एवं झाड़ियों में अवैध शराब निर्माण की सामग्री, घड़ों व बर्तनों में रखा अवैध जावा महुआ बरामद हुआ, जिसे प्रशासन द्वारा नष्ट कर दिया गया। प्रशासन के द्वारा इन्हें जमीन पर पलट कर नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर अवैध शराब के विरूध्द लगातार छापामारी अभियान जारी हैं। प्रशासन अपराध का मुख्य कारण शराब को मानती है। थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने कहा महुआ शराब पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### राज्य के अल्पसंख्यक मुस्लिमों को मूर्ख समझने की भूल न करे झारखंड सरकार : सोनू रजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** झारखंड की मौजूदा महागठबंधन सरकार के गठन में प्रदेश के अल्पसंख्यक मुस्लिमों की बड़ी भूमिका रही है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने पर अल्पसंख्यक समुदाय को अपनी समस्याओं के हल होने की पूरी उम्मीद जग गई थी। वर्षो से विकास की बाट जोह रहे इस समुदाय को राज्य सरकार से भयंकर उपेक्षा की तो आशा कतई नहीं थी, लेकिन हुआ इसका उल्टा।सरकार ने मुसलमानों को ठेंगा दिखा दिया है बल्कि उन्हें मूर्ख समझ कर भेदभाव करने पर उतर आई है। यह कहना है प्रखंड की स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के मीडिया प्रभारी सोनू रजा का। आज मीडिया से बात करते हुए उन्होंने झारखंड सरकार पर राज्य के मुसलमानों से वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण पिछले चार सालों से केन्द्र सरकार द्वारा मिलने



वाली राशि नहीं दी गई क्योंकि झारखंड सरकार ने 15 सूत्री समिति का गठन ही नहीं किया। स्थिति तो यह है कि मदरसा बोर्ड की दो वर्षो से आलिम, फाजिल की परीक्षा नहीं हुई पर सरकार को कोई मतलब नहीं है। यहां तक कि अल्पसंख्यकों के कल्याण से संबंधित राज्य अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम इत्यादि आयोग और बोर्ड-निगम का गठन नहीं कर सरकार ने मुसलमानों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। सोनू रजा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मॉब लिंचिग पर रोक के लिए कड़े कानून बनाने की आवश्यकता थी। पर इस सरकार ने न अब तक कानून बनाया और न ही मॉब लिंचिग से पीड़ित परिवारों को मुआवजा ही दिया।

## हम सब मानवता के सेवक है, सेवा ही मेरी भावना : अजय साहू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के टाकू गांव निवासी राहुल गोप की पत्नी मानती देवी सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्री राम समिति से संपर्क किए समिति के महामंत्री अजय साहू ने तत्काल पहल करते हुए बरही समिति सदस्य गौतम महतो के द्वारा एक यूनिट ब्लड दिया गया। महामंत्री अजय साहू ने कहा बचाने वाला ऊपर वाला होता है हम सब मानवता के सेवक है, सेवा ही मेरी भावना, लाल हो या पीला हरा हो या नीला सबका खून का रंग एक है। मानवता की खातिर सब को आगे आना चाहिए। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, राज ठाकुर आदि लोग मौजूद थे।

### प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई संपन्न



**ठेठईटाँगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठइटांगर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने की बैठक में पंचायत समिति के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विस्तृत चर्चा की गई जिसमें 15वी वित्त आयोग से बनने वाली सभी योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया, साथ ही स्थाई समिति बनाने को लेकर की भी चर्चा किया गया, साथ ही कार्य में गुणवत्ता लाने की बात कही गई, बैठक में सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक पदाधिकारी,जे.ई .ए.ई,अन्य लोग शामिल हुए।

### अपने दामन पर लगे दाग को छुपाने के लिए मुख्यमंत्री 1932 का शिफुगा लाये : शैलेन्द्र सिंह

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं कार्यकर्ता : सुशील श्रीवास्तव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** केरसई एवं कुरडेग मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक केरसई के किनकेल शक्तिकेन्द्र एवं कुरडेग के बड़कीबीयूरा शक्तिकेन्द्र में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मानकीलाल ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा जिला मंडल से लेकर बूथ तक अनेक कार्य संगठन मजबूती के लिए किए जा रहे हैं उस पर हमलोगों को कार्य करनी है। कुरडेग मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जागरूक रह कर बूथ स्तर तक लोगो को जागरूक करें क्योंकि केंद्र सरकार की अनेक योजना है जिसका लाभ हम सब ले रहे हैं पर लोगो को जानकारी नही है उस जानकारी को प्रत्येक लाभार्थी को साझा करना है। बैठक को सम्बोधित करते हुए सिमडेगा जिला भाजपा संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में 573 मंडल हैं जिस पर भारतीय जनता पार्टी की



संगठन की बैठक चल रही है। संगठन की जितने भी कार्य हैं अब वह बूथ पर फोकस करनी है, 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर अनेक लोक कल्याणकारी कार्य हुए हैं जिसका लाभ आम लोगों को हुआ है जैसे प्रधानमंत्री आवास उज्जवला योजना आयुष्मान भारत किसान सम्मान निधि जनधन खाता जैसे अनेक लोक कल्याणकारी कार्य हैं उसे बूथ स्तर तक जाकर लोगों को बतानी है और सरकार की उपलब्धियां गिनानी है ताकि आने वाले चुनाव में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 135 करोड़ लोगों को मुफ्त वैक्सीन दी गयी। साथ ही 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया। साडे 3 वर्षो में राज्य सरकार सिर्फ लूट मचा रखी है एक भी विकास कार्य राज्य सरकार के नहीं चल रहे हैं चारों ओर लूट मची है मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि जेल में है अपनी दामन बचाने के लिए मुख्यमंत्री जी 1932 का ढोंग रच रहे हैं और लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यसमिति बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद पूरे विश्व मे भारत का मान बढ़ा है।कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में सब सारा विश्व वैश्विक मंदी से गुजर रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश लगातार आर्थिक रूप से विकास कर रहा है 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है यह सब प्रधानमंत्री जी की मजबूत सोच का परिणाम है, वर्तमान में जितने भी कल्याणकारी कार्य हो रहे हैं चाहे वह मनरेगा हो या प्रधानमंत्री आवास या अन्य विकास योजनाएं सभी केंद्र की योजनाएं हैं राज्य सरकार सिर्फ बाहरी भीतरी और नियोजन नीति के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही है वर्तमान सरकार के शासन में चारों ओर लूट भ्रष्टाचार के साथ महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है भ्रष्टाचार का आलम यह है कि मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि जेल में है 1932 खतियान को राज्यपाल ने वापस कर दिया है फिर भी मुख्यमंत्री झूठी खतियान जोहार यात्रा निकाल रहे हैं।

# पीएचडी विभाग से लगने वाले जल मीनार में ग्रामीणों की शिकायत पर पहुँचे प्रखंड प्रमुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ताराबोगा पंचायत अंतर्गत कई जगह में पीएचडी विभाग के द्वारा लगने वाला जल मीनार पर ग्रामीण असंतोष हैं, परेशान है, क्योंकि विभाग के द्वारा जिसे काम दिया गया है, जो संवेदक है, वह सही से और सही समय पर काम नहीं कर रहे हैं ,आधा अधूरा काम करके छोड़ दिए हैं, साथ ही ग्रामीणों से काम कराया गया है एवं उन्हें उसका भुगतान भी नहीं किया गया, ग्रामीणों को कहा जाता है यह आपके लिए बन रहा है और इस गड्ढा को आप खुद भरिए, संवेदक गड्ढा को नहीं भर रहे हैं, जिसमें कि आने-जाने में ग्रामीणों को असुविधा हो रही है, कितनों का तो बकरी, बैल, मुर्गा मुर्गी, चूजा आदि उसमें गिर जाते हैं जख्मी हो जाते हैं, साथ ही संवेदक के द्वारा कहा जाता है कि उस गड्ढे को आप खुद भरिए , जिसे



पाइप बिछाने के लिए खोदा गया है! इसकी शिकायत उन्होंने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज जो कि अपने क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे, उन्हें रोककर उनके समक्ष रखा साथ ही ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज जी से आग्रह किया, कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाय, जिससे कि और अधिक दिनों तक हमें परेशानी झेलना ना पड़े, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने भी उनकी बातों को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि इन बातों को आगे विभाग में एवं जिला स्तर पर रखेंगे, साथ ही संवेदक को कार्य जल्दी समाप्त करने के लिए कहेंगे ,और संवेदक पर जांच कमेटी लगाने का आश्वासन दिया, तथा विभाग को कोसते हुए कहा कि अभी कितने चापाकल खराब है, उन्हें बनाने के लिए ना तो विभाग पाइप दे रही है ,ना सही टाइम पर मिस्त्री आ रहा है, जनता परेशान है, खैर कोई बात नहीं कई चपाकल को तो अपने खर्चे पर बनाया है, और आगे भी बनवाएंगे, क्योंकि विभाग नया पाइपलाइन के जरिए ग्रामीण के घर तक पानी पहुचायेगी परंतु अभी उसे बनने में काफी समय लग रहा है ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है ऊपर से काम शुरू हुआ अभी डेढ़ दो महीना बीतने के बाद भी कंप्लीट नहीं हो रहा है ,कम से कम जो पुराना चपाकाल है उसे भी दुरुस्त करना चाहिए, जिससे कि तत्काल उन्हें सुविधा मिल सके, साथ ही प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा सरकार के द्वारा इतना पैसा खर्च कर जनता की सुविधा के लिए जल मीनार बनाया जा रहा है, लेकिन यहां पर पैसा का बंदरबांट हो रहा है, इसे कतई मैं बर्दाश्त नहीं करुंगा क्योंकि जल के बिना जीवन अधूरा है, हम सभी जानते है ,ग्रामीणों ने इसके लिए प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को धन्यवाद दिया।

## चलते चलते एक नजर

### रांची : आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान को दिल्ली भेजा गया

**रांची।** बीते दिनों चाईबासा जिला के गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित हांथीबुरु जंगल में आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ जवान संजीव कुमार को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया है। मेडिका अस्पताल से ग्रीन कॉरिडोर बना कर एयरलिफ्ट किया गया है। संजीव कुमार नक्सल अभियान में निकले थे। इसी दौरान दोपहर के समय आईईडी ब्लास्ट हुआ था। घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की है। आईईडी ब्लास्ट के बाद अभियान में निकले सुरक्षाबलों ने सुरक्षित जंगल से बाहर निकाला था। फिर प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया था।घायल जवान का इलाज मेडिका अस्पताल में चल रहा था। सूत्रों के अनुसार घायल जवान संजीव की हालात खराब है। उसका दाएं पैर आईईडी ब्लास्ट में उड़ गया है।

### अनुभवी लोगों को पार्टी से जोड़ने की योजना है : जन अधिकार पार्टी लोकत्रातिक

**रांची:** जन अधिकार पार्टी (लोकतानिक) के नए पदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवक्ता के जय कुमार सिंह को मनोनीत किया है। प्रदेश स्तर पर कई और अनुभवी लोगों को पार्टी से जोड़ने की योजना है और पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा बहुत जल्द करेगी इसके अलावा जिला स्तर पर पार्टी अपने पदाधिकारियों को विस्तार कर जिला स्तरीय कमेटी का गठन व विस्तार करेगी। साथ ही प्रेस के माध्यम से पार्टी झारखंड के जागरूक नागरिकों खासकर युवाओं से अनुरोध करती है कि पार्टी के सिद्धांतों में निष्ठा रखने वाले लोग पार्टी से जुड़े और इस पार्टी को मजबूत करें। रामगढ़ उपचुनाव में फिलहाल पार्टी कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी पार्टी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के संपर्क में है ।उन्हें लगातार यहां की जानकारी दी जा रही है और उनका निर्देश आने के बाद पार्टी अपना समर्थन किसको देगी इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा राज्य के युवाओं से संबंधित मामला है उनके नियोजन को लेकर रोजगार को लेकर हम झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन और जेपीएससी से अनुरोध करते हैं कि स्थानीय नीति के आधार पर परीक्षाओं का टलना युवाओं के हित में नहीं है जो युवा पांच-सात साल से परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनको निराशा होती है वह कुंठा से ग्रसित होती है और इससे आरखंड के युवाओं का नुकसान होता है ऐसा पार्टी मानती है और बहुत दिनों से झारखंड में लगातार 1992 के आधार पर खतियान आंदोलन चल रहा है झारखंड और यहां के युवाओं के व्यापक हित को देखते हुए पार्टी 1932 का समर्थन करती है।

### तीन दिवीसय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव का आयोजन 11 से

**रांची:** श्री श्याम परिवार रांची के तत्वाधान में तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव श्री श्याम हवेली दुर्गा बाड़ी रांची में 10 11 एवं 12 फरवरी 2023 होने जा रहा है श्री श्याम परिवार के मंत्री श्री मंटू जी जालान ने यह जानकारी दी है कि 10 तारीख को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में गणेश पूजन तथा देवी देवताओं के आवाहन के साथ निशान पूजन तथा हवन किया जाएगा। 11 तारीख दिन शनिवार को दोपहर 2:00 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से भव्य श्री श्याम निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी जोकि नगर भ्रमण करते हुए श्री श्याम हवेली दुर्गाबाड़ी मेन रोड रांची तक जाएगी। 12 तारीख दिन रविवार को प्रातः 6:00 श्री गणेश पूजन के साथ ज्योत प्रज्वलित कर महा भोग एवं छप्पन भोग लगाया जाएगा 8:00 बजे से सुंदरकांड का सस्वर पाठ सुरेश बजाज के द्वारा किया जाएगा।

# विष का प्याला पीना ही शिवचर्चा की सार्थकता : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** दुनिया का कोई भी काम मानव जीवन के बेहतरी के लिए किया जाता है। जब हम चर्चा के जरिये शिव को याद करते हैं तो कोशिश करते हैं कि उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारें। विश्वकल्याण के लिए शिव जहर का प्याला पिये।आज भी नागरिक जीवन,हमारा समाज भूख से भ्रष्टाचार से,बेरोजगारी से,शिक्षा, चिकित्सा के लिए,जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय के आग से त्राहिमाम कर रहा है। इसे दफन करने की जरूरत है। इसे खत्म करने की जरूरत है। यह तभी सम्भव है, जब आप धरती के तमाम जीव जंतु विषधर भुत प्रेत के अधिनायक और लोककल्याण में सभी भौतिक सुख सुविधा को त्याग करने वाले अनार्यो के देवता भगवान शिव के शिष्य बनेंगे। आप सभी को शिव तभी शिष्य स्वीकारेंगे जब अपने घरों में न्यूनतम व इच्छा रहित रिश्ता बनाएंगे। भ्रूण हत्या दहेज जैसे दुर्गुणों पर विराम लगाएंगे। उपरोक्त बातें पाटन प्रखण्ड के इमली गांव में आयोजित शिव चर्चा में गुरु भाई बहनों के संबोधन के दौरान अविनाश देव ने कही। वरिष्ठ गुरुभ्रता गोकुला नंद ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर युवा समाजसेवी प्रखर वक्ता व वरिष्ठ वकील ओंकार नाथ तिवारी,रोहित जी,कमलदेव जी अनिल प्रजापत्ति,अमोद सिंह, राधेश्याम जी, मुन्ना सिंह, प्रयाग पांडेय, लड्डु सिंह,कामेश जी,प्रतिमा बहन,कमला बहन,नरेश जी,साकेत जी सहित सैकड़ों गुरु भाई बहन शिव चर्चा को वर्तमान संदर्भ में नए कलेवर के साथ सार्थक जीवन जीने ,जीवन को आनन्द से भरने के लिए श्रवण पान किये।

## सीएम ने नाबालिग से अमानवीय व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सिमडेगा की 14 वर्षीय लड़की के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार को गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त सिमडेगा और झारखंड पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

साथ ही उन्होंने बच्ची को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बच्ची की सकुशल राज्य वापसी, उसे शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए सूचित करने का भी आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और हरियाणा सरकार से आग्रह किया है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लें और लड़की को उसके परिवार में वापस लाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उपायुक्त सिमडेगा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम बच्ची को रेस्क्यू करने के लिए कल प्रस्थान करेगी। बच्ची को चिकित्सा, शिक्षा, पुनर्वास एवं योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

**यह है मामला**

सिमडेगा निवासी 14 वर्षीय बच्ची को घर कार्य करने के लिए गुरुग्राम ले जाया गया था, जहां उसके साथ पिछले दिनों अमानवीय यातनाएं दी गई।

बच्ची की लाठी डंडे और गर्म चिमटे से पिटाई की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सिमडेगा उपायुक्त और झारखंड पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया है।

# खाद्यान्न महंगा होने पर कृषि बाजार व्यापारियों ने किया हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खाद्यान्न महंगा होने पर रांची के पंडरा बाजार स्थित कृषि पंडरा बाजार के सभी व्यापारी हड़ताल पर चले गए चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर न सिर्फ रांची के खाद्यान्न व्यापारी बल्कि झारखंड के करीब 1,59000 खाद्यान्न में हड़ताल पर चले गये, पूरा कृषि बाजार में सन्नाटा पसर गया है। इन लोगों की मांग है कि सरकार अविलंब खाद्यान्न में जो बढ़ोतरी हुई है जो भी हुई है इस पर कम किया जाए।

**क्या है पूरा मामला:** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा पारित कृषि धन एवं पशुपालन विधेयक का विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड एक कृषि प्रधान और खनिज प्रधान राज्य है। बिहार, बंगाल, ओड़िशा एवं उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान प्रदेश की राज्य सरकारों ने इसे किसान एवं व्यवसाय विरोधी बताकर भ्रष्टाचार वाला कानून मानते हुए इसे रद्द किया है। वहीं झारखंड में इस विधेयक को लागू करने के विरोध में समस्त व्यवसाई समाज और किसान उग्र हैं। इस संदर्भ में पूरे झारखंड के व्यवसाई प्रतिष्ठान बंद कर काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। बताया गया कि इस विधेयक को लागू हो जाने से 2 प्रतिशत का कर्ज़ किसानों और उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ेगा।

# तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन, बीसीए ने फाइनल मुकाबला जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मेसरा लालपुर सेंटर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। फाइनल मैच के बेहद रोमांचक मुकाबले में बीसीए ने जीत लिया। बीसीए के कप्तान अभिषेक कुमार को उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन आफ द सीरीज प्रदान किया गया। आईटीएस के उभरते हुए सितारे के रूप में तुषार कुमार को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने पुरस्कृत किया। उन्होंने दोनों कप्तान उपविजेता टीम के कप्तान पृथ्वी कुमार और विजेता टीम के कप्तान को उनके बेहतरीन अनुशासन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बेहतरीन आयोजन के लिए आईटीएस सोसाइटी को शुभकामनाएं दिया । आयोजन समिति के संयोजक डॉ संदीप शाहदेव, डॉ आशुतोष मिश्र, डॉ उमेश प्रसाद ने सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शेखर बोस, निशि कांत पाठक, उत्तम राज मनीष तिग्गा ,सतीश कुमार, अभय रंजन श्रीवास्तव, राणा मिश्रा का बेहतरीन योगदान रहा।

# कृषि विपणन शुल्क विधेयक के विरोध में 15 से खाद्यान्न व्यापार रहेगा बंद : चैंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** कृषि उत्पाद की खरीद-बिक्री पर सरकार की ओर से दो प्रतिशत कृषि बाजार शुल्क लगाया गया है। इस शुल्क के खिलाफ बुधवार को झारखंड के थोक खाद्यान्न व्यापारियों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रांची के पंडरा बाजार, अपर बाजार, राइस और फ्लोर मिल्स बंद रहे। बताया जाता है कि एक दिन खाद्यान्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहने के कारण 80 से 100 करोड़ के कारोबार प्रभावित होने की संभावना है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में बुधवार को व्यापारियों की राज्य स्तरीय बैठक हुई। व्यापारियों में इस विधेयक को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। बैठक में व्यापारियों ने एक सूर में थोक खाद्यान्न व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि 15 फरवरी को खाद्यान्न की आयात और निर्यात पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान खाद्यान्न में थोक, खुदरा, राइस मिल, फ्लोर मिल सब बंद रहेगा। फेडरेशन द्वारा इस बीच एक सप्ताह तक अन्य कार्यक्रम भी किये जायेंगे। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि व्यापारियों को किसी भी रूप में विधेयक मंजूर नहीं है। ये विधेयक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है। इस विधेयक को सरकार को वापस लेना ही होगा। बिहार और यूपी जैसे राज्यों ने भी इस बिल को वापस ले लिया है। इसके लिए व्यापारी एकजुट हैं और सरकार के वापस लेने तक आंदोलन जारी रहेगा।

व्यापारियों ने एकमत होकर आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। व्यापारियों का कहना है कि विधेयक से राज्य में कृषि उपज के उत्पादन, इसके विपणन, संबंधित प्रसंस्करण उद्योग और व्यापार में भारी कमी आयेगी, जिससे किसानों के उपज की स्थानीय मांग घटने से उन्हें अपने उत्पाद की कम कीमत प्राप्त होगी। सरकार को कृषि शुल्क और जीएसटी से प्राप्त होने वाले राशि (राजस्व) में कमी आयेगी। बैठक में साहेबगंज, जमशेदपुर, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग समेत अन्य जिलों से व्यापारी शामिल हुए।

## राज्य के 30 लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद हो : दीपक प्रकाश

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के 30 लाख बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ बार बार खिलवाड़ कर रही है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में शामिल महागठबंधन वादा खिलाफी का रिकॉर्ड बनाने में जुटा है। पांच लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा देने की बात करने वाले लोग आज रोजगार देने की कौन कहे रोजगार छीनने वाले साबित हो रहे हैं। यह सरकार तीन वर्ष में सिर्फ 357 लोगों को नौकरी देकर अपनी पीठ थपथपा रही है।उन्होंने कहा कि तीन वर्ष में हेमंत सरकार ने दो बार नौकरी के विज्ञापनों को रद्द किया है। पहली बार राज्य सरकार ने नियोजन नीति बनाने के नाम पर सात विज्ञापनों को रद्द किया था।

# सकरी ने खरकई और दामोदर ने स्वर्णरेखा को हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीएयू स्टेडियम में मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 में बुधवार को सकरी और दामोदर ने रोमांचक मुकाबले जीतते हुए विजयी शुरुआत की। पहले खेलते हुए खरकई ने 7 विकेट खोकर 129 रन बनाए। प्रवीण मिश्रा ने 37 रन, सतीश ने 39 और सुशील सिंह मंटू ने 32 रन बनाए। राजेश कुमार ने 3, कुमार सौरभ ने 2 और मोनू ने एक विकेट लिया। 130 रन का विजयी लक्ष्य सकरी ने मात्र 14.1 ओवर में ही प्राप्त कर लिया। सकरी की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच मोनू ने नाबाद 63, अभिषेक सिन्हा ने 18 और सन्नी ने 12 रन बनाए। खरकई की ओर से राकेश सिंह ने 2, अशोक गोप, सुशील सिंह मंटू और प्रवीण मिश्रा ने एक एक विकेट लिया।

**दामोदर ने स्वर्णरेखा को 3 विकेट से हराया:** दूसरे मुकाबले में आखिरी गेंद तक चले मुकाबले में दामोदर ने स्वर्णरेखा को 3 विकेट से हराया। स्वर्णरेखा की पूरी टीम 159 रन बनाकर सिमट गई। मनीष सिंह ने 21 गेंद पर 54 रन, एएस आरपी मुकेश ने 23, दिवाकर ने 20 और जावेद ने 18 रन बनाए। मनोज कुमार सिंह ने 4 और कमलेश मिश्रा ने दो विकेट लिए। 160 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए दामोदर की टीम गौरव की आतिशी पारी की बदौलत आखिरी गेंद पर जीतने में कामयाब रही। गौरव ने 10 बॉल पर नाबाद 27 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। शिव ने 34, संदीप ने 34 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच समीर सृजन ने 32 रन बनाए। स्वर्णरेखा की ओर से शकील ने 2, विमल विजयन ने 2, मनीष सिंह ने 2 और जावेद ने एक विकेट लिया। इस मौके पर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा, ओम रंजन मालवीय, भरत भूषण प्रसाद, कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरैशी समेत कई पत्रकार और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# झारखंड के सरकारी शिक्षकों को अब लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल सिस्टम से लेनी होगी छुट्टी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी मिलेगी। अन्य माध्यमों से छुट्टी का आवेदन देने पर उसे खारिज कर दिया जाएगा। इस आदेश को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने मंगलवार देर रात जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को दे दी गई है।

उल्लेखनीय है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने की अनुमति देता है। छुट्टी की पात्रता से संबंधित विवरण दिखाता है। छुट्टी के अनुरोध के प्रसंस्करण और निपटान की अनुमति देता है। कर्मियों की छुट्टी इतिहास का विस्तृत विवरण प्रदान करता है।

सचिव ने जारी आदेश में लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल को ई-वीवी एप्लीकेशन में लाइव कर दिया गया है। सचिव ने निदेशित किया है कि पत्र निर्गत की तिथि से राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को मात्र लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन करते हुए अवकाश प्राप्त करना होगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यम से आवेदित छुट्टी आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

रवि कुमार ने लिखा है कि लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल में राज्य के सभी पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के लिए अवकाश विवरण दर्ज करने का प्रावधान है। प्रतिमाह लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल में उपलब्ध अवकाश विवरणी पर विचार करते हुए ही वेतनादि भुगतान किया जाय। सचिव ने शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने स्तर से राज्य के सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को इस सुविधा से खुद को परिचित करने, छुट्टी प्राप्त करने के लिए इसे अपनाने के निमित्त लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से ही छुट्टी के लिए आवेदन समर्पित करने के लिए आदेश दिया जाय।

## पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की हिरासत अवधि 20 फरवरी तक बढ़ी

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। प्रेम प्रकाश की ओर से अदालत से समय मांगा गया। अदालत को बताया गया कि मामले में आवश्यक दस्तावेज जो नहीं मिले हैं उसके लिए उनकी ओर से हाई कोर्ट में सीआरएमपी दाखिल की गई है, जो लंबित है। इस पर 17 फरवरी की सुनवाई की तिथि निर्धारित है। अदालत ने प्रेम प्रकाश की ओर से कुछ और दस्तावेज मांगे जाने संबंधी याचिका को दिसंबर 2022 में खारिज कर दी थी, जिसके बाद हाई कोर्ट में दस्तावेजों की मांग को लेकर सीआरएमपी दाखिल की गई है।

# पलामू, गढ़वा, सिमडेगा एवं गुमला की बसें अब आईटीआई बस स्टैंड में लगेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सह-यातायात प्रभारी, रांची की अध्यक्षता में रांची शहरी क्षेत्रान्तर्गत न्यूमार्केट चौक के आस-पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर कार्य में आ रही समस्याओं के निराकरण एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए बैठक की गई।



**जिसमें कई निर्णय लिये गए:** मुख्य रूप से रांची से पलामू, गढ़वा, लातेहार लोहरदगा, सिमडेगा एवं गुमला की ओर जाने वाली बसों के लिए आईटीआई बस स्टैंड, रॉची में पड़ाव निर्धारित किया गया है। परन्तु प्रायः ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि बहुत सी बसें रातु रोड एवं खादगढ़ा से परिचालित हो रही है जिसके कारण न्यू मार्केट चौक, किशोरी यादव चौक एवं नागाबाबा खटाल के पास वाहन रुकती है, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिसके आलोक में निजी एवं नगर निगम की छोटी एवं बड़ी सभी बसों का परिचालन आईटीआई बस स्टैंड, रॉची से करने हेतु निर्णय लिया गया है ( पुलिस उपाधीक्षक, द्वितीय, यातायात, रांची एवं पुनि - सह थाना प्रभारी गोन्दा, यातायात, रांची) वहीं नागाबाबा खटाल के आस-पास ऑटो चालाकों के द्वारा अनाधिकृत रूप से वाहन पार्किंग कर परिचालन किया जाता है जिसे टोकन सिस्टम से परिचालिन करने हेतु निर्णय लिया गया (रांची जिला ऑटो चालक यूनियन संघ )

नागाबाबा खटाल के सड़क के आस-पास स्लाईडर की चौड़ाई को कम कर गोलाई लगाने का निर्णय लिया गया, जिससे कुछ हद तक जाम की समस्या को कम किया जा सके ( नगर निगम, रांची) , नागाबाबा खटाल के आस-पास के क्षेत्रों में सड़क के किनारे-किनारे खाली स्थान है जो उबर-खाबड़ है जिसे मरम्मती कराने का निर्णय लिया गया (नगर निगम, रांची)इस बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार रॉची, नगर निगम, रॉची, यातायात, राँची एवं राँची जिला ऑटो चालक यूनियन संघ के पदाधिकारीगण एवं सदस्य शामिल हुए।